सूर्योदय 6:41 सूर्यास्त 6:25

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6.5 न्यू | 17.5 अधि |
| धर्मशाला | 4.6 न्यू | 18.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74332.00 |
| निफ्टी | 22552.00 |

सोना 88,900 चांदी 99,500

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 8 मार्च 2025 | 25 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 69, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### शादी में पूर्व सीएम की बहू पर जानलेवा हमला

**धनबाद।** प्रदेश के पूर्व सीएम और झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के सुप्रीमो शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि सीता सोरेन एक शादी में शामिल होने गई थी, जहां घात लगाकर बैठे आरोपी ने जानलेवा हमला किया है। हालांकि इस घटना से सीता सोरेन को किसी प्रकार की चोट नहीं आई है। मिली जानकारी के अनुसार हमले के आरोप में किसी और को नहीं बल्कि सीता के ही पूर्व पीए देवाशीष घोष को गिरफ्तार किया गया है।

### पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के स्मारक के निर्माण को मंजूरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्मृति स्थल पर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का एक स्मारक बनाने का रास्ता साफ हो गया है क्योंकि उनके परिवार ने इसके लिए प्रस्तावित स्थल को मंजूरी दे दी है। सिंह के परिवार के करीबी सूत्रों ने बताया कि उन्होंने आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय को पत्र लिखकर प्रस्तावित स्थल को अपनी मंजूरी दे दी है तथा स्वीकृति पत्र भेज दिया है।

### पंजाब में आतंकी मॉड्यूल की बड़ी साजिश नाकाम

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने शुक्रवार को दावा किया कि राज्य में तीन लोगों की गिरफ्तारी के साथ हत्या की एक बड़ी साजिश नाकाम कर दी गई है, जिसे प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) समर्थित आतंकी 'मॉड्यूल' ने रचा था।

### मुंबई आतंकी हमले के मुख्यारोपी को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का झटका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई आतंकवादी हमले के मुख्य आरोपी तहव्वुर राणा को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने 6 मार्च को तहव्वुर राणा की उसे याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उसने भारत में अपना प्रत्यर्पण रोकने की मांग की थी। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के अनुसार, जस्टिस कगन ने तहव्वुर राणा की अर्जी (24ए 852) खारिज की है। तहव्वुर (64) पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- 'औंधे मुंह' डुग्घा पंजाली-बड़ मोहीं पेयजल योजना — पेज 2
- पुलिस ने चार युवकों से बरामद किए 2088 प्रतिबंधित कैप्सूल — पेज 5
- वन विभाग की टीम ने कशमल से भरी दो गाड़ियां की जब्त — पेज 7
- डोडा रानेया गांव को एंबुलेंस रोड की सौगात — पेज 10
- विदेश मंत्री एस जयशंकर के बयान पर भड़का पाकिस्तान — पेज 13


# तुष्टीकरण नहीं, संतुष्टिकरण की नीति पर चल रही सरकार : मोदी

## सिलवासा में नमो अस्पताल का किया उद्घाटन व सूरत में अन्न योजना के तहत वितरित किए लाभ

**एजेंसी, सिलवासा/सूरत**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र शासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव के सिलवासा में नमो अस्पताल के पहले चरण का उद्घाटन किया। वह दोपहर 2 बजे सूरत पहुंचे और यहां से सिलवासा के लिए रवाना हो गए।

उन्होंने यहां 450 बिस्तरों वाले नमो अस्पताल का उद्घाटन किया। इसके साथ ही 650 बिस्तरों की क्षमता वाले दूसरे चरण का शिलान्यास भी किया। 450 बिस्तरों वाले इस अस्पताल के निर्माण पर 460 करोड़ रुपए की लागत आई है और इससे केंद्र शासित प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

सिलवासा में पीएम ने 2587 करोड़ रुपए लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया।

पीएम मोदी करीब 5 बजे सिलवासा से सूरत पहुंचे, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान सीएम भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे। यहां एयरपोर्ट से लिंबायत तक उनका करीब 3 किमी लंबा रोड शो हुआ। इस दौरान उनके स्वागत के लिए हर 100 मीटर पर 30 मंच बनाए गए थे। यहां उन्होंने खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान का शुभारंभ किया और पात्र लाभार्थियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभ वितरित किए। इस पहल के हिस्से के रूप में, प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लगभग 2 लाख पात्र लाभार्थियों को लाभ वितरित किए। इस पहल का उद्देश्य व्यापक खाद्य सुरक्षा कवरेज सुनिश्चित करना है, जिससे वंचितों को आवश्यक खाद्यान्न उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता को बल मिलता है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत लाभार्थियों को इसकी सुविधाओं का वितरण किया। लिंबायत के नीलगिरी ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार, योजनाओं को लोगों के दरवाजे तक ले गई है। अब लोगों को घर बैठे अनाज मिल रहा है।

### हर गरीब की गारंटी लेगा मोदी

**मोदी** ने कहा कि बीमा का एक सुरक्षा कवच गरीब परिवार को दिया गया। पहली बार करीब 60 करोड़ भारतीयों को 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज सुनिश्चित किया। इसके अलावा हमारी सरकार ने गरीब को, निम्न मध्यम वर्ग को बीमा का सुरक्षा कवच भी दिया। आज देश में 36 करोड़ से ज्यादा लोग सरकारी बीमा योजनाओं से जुड़े हैं और अब तक 16,000 करोड़ रुपए से ज्यादा क्लेम राशि के रूप में इन परिवारों को दिया जा चुका है। उन्होंने हुंकार भरते हुए कहा कि हर गरीब की गारंटी मोदी लेगा।

### गुजरात में कांग्रेस संगठन को मजबूत करेगी पार्टी : राहुल

**अहमदाबाद।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस लीडर राहुल गांधी दो दिन के दौरे पर गुजरात पहुंचे हैं। इस बीच एयरपोर्ट पर राहुल गांधी का अनेक नेताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। दो दिन वे कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठकों की मैराथन सीरीज करेंगे। इसी बीच राहुल गांधी ने वरिष्ठ नेताओं के साथ कांग्रेस दफ्तर में मीटिंग की है। इस दौरान उनके साथ संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, गुजरात प्रभारी मुकुल वासनिक और प्रदेश अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल मौजूद थे।




राहुल गांधी गुजरात में कांग्रेस को मजबूती देने के लिए 9 घंटे में 5 महत्वपूर्ण बैठकें करने जा रहे हैं। इन बैठकों में वे प्रदेश नेताओं, जिला स्तरीय पदाधिकारियों और वार्ड अध्यक्षों से मुलाकात करेंगे और आगामी लोकसभा चुनाव 2025 के लिए संगठन की रणनीति पर चर्चा करेंगे।

# शिमला का निखरेगा सौंदर्य, बार बार नहीं खोदनी पड़ेगी सड़क

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल की राजधानी शिमला के तहत छोटा शिमला से विल्ली पार्क तथा शिमला शहर के अन्य क्षेत्रों में अंडरग्राउंड यूटिलिटी डक्ट्स के निर्माण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि इस मत्वाकांक्षी परियोजना पर 146.34 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे।

### अंडरग्राउंड होंगी बिजली और पानी की लाइनें



उन्होंने अधिकारियों को इस परियोजना को समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना शिमला शहर में बुनियादी अधोसंरचना को मजबूत करने में सहायक साबित होगी, इससे स्थानीय लोगों की सुविधाओं में वृद्धि होंगी और पर्यटकों की संख्या बढ़ोतरी होगी। इससे शहर में भारी बर्फबारी और प्रतिकूल मौसम के दौरान भी उपभोक्ताओं को निर्बाध और सप्ताहभर बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इस परियोजना के साकार होने से शिमला शहर के सौंदर्य में वृद्धि होगी। सीएम ने कहा कि अंडरग्राउंड यूटिलिटी डक्ट्स के निर्माण से सड़क को बार-बार खोदने की आवश्यकता नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि पानी की पाइप लाइनें, बिजली की लाइनें आदि सामान्य भूमिगत डकट में बिछाई जाएंगी। (अनंत ज्ञान)

### हरित हिमाचल की परिकल्पना हो साकार

**मुख्यमंत्री** ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अंडरग्राउंड यूटिलिटी डक्ट्स का निर्माण कार्य राज्य सरकार के 'हरित हिमाचल' परिकल्पना के अनुरूप होना चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इस कार्य के निष्पादन के दौरान लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# त्रियुंड में ट्रैकिंग करते खाई में गिरा विदेशी पर्यटक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मैक्लोडगंज के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल त्रियुंड में ट्रैकिंग के दौरान एक विदेशी पर्यटक गहरी खाई में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल पर्यटक की पहचान कॉर्नेल एडवर्ड (यूके) के रूप में हुई है।

हादसे की सूचना मिलते ही राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीम तत्काल रेस्क्यू अभियान में जुट गई और घायल पर्यटक को बचाकर धर्मशाला के जोनल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री के अनुसार रेस्क्यू अभियान का नेतृत्व कर रहे एसडीआरएफ के सब-इंस्पेक्टर बच्चन सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम एक घंटे के भीतर घटनास्थल पर पहुंच गई पर्यटक को सिर में गंभीर चोट लगी थी और वह बेहोश था। प्राथमिक उपचार देकर उसे होश में लाने की कोशिश की गई, लेकिन वह चलने में असमर्थ था।

# बुद्धि सिंह ठाकुर बने मिल्कफेड के चेयरमैन



**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल सरकार ने आनी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बुद्धि सिंह ठाकुर को स्टेट को-आपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर फेडरेशन (मिल्कफेड) का चेयरमैन लगाया है। बुद्धि सिंह आनी के बागीपुल निरमंड के रहने वाले हैं। इसे लेकर सहकारिता सचिव सी पालरासू ने आदेश जारी कर दिए है। बुद्धि सिंह मुख्यमंत्री सुक्खू के करीबी हैं। साल 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने पर निष्कासित किया था।

# हिमाचल में 12वीं का अंग्रेजी का पेपर रद्द

**अनंत ज्ञान टीम, धर्मशाला/हमीरपुर**

### 10वीं के छात्रों को बांटे गलत प्रश्न पत्र, ए सीरीज के साथ दिए बी के कुछ पन्ने

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड और टीचरों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। प्रदेश में शुक्रवार को 10वीं कक्षा के अंग्रेजी के पेपर में कुछ परीक्षा केंद्रों में स्टूडेंट्स को ए सीरीज के प्रश्न पत्र के साथ बी सीरीज के कुछ पेज बांट दिए गए।

वहीं, चंबा के चुवाड़ी स्कूल में 10वीं कक्षा के पेपर के दौरान 12वीं कक्षा के अंग्रेजी का प्रश्न पत्र खोल दिया गया। जैसे ही यह मामला स्कूल शिक्षा बोर्ड के ध्यान में आया, बोर्ड ने पेपर लीक होने की शंका के बाद 12वीं कक्षा की शनिवार को होने वाली अंग्रेजी विषय की परीक्षा को रद्द कर दिया।

उधर, स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. विशाल शर्मा का कहना है कि इस बारे में तकरीबन 10 जगह से शिकायतें आई थीं। वहां विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय देने के लिए कह दिया गया था, लेकिन फिर भी यदि ग्रेस मार्क्स की मांग आएगी, तो उस पर बोर्ड विचार करेगा और गुण दोष के आधार पर इसमें फैसला लिया जाएगा।

वहीं, हिमाचल प्राइवेट स्कूल संघ के अध्यक्ष जगजीत ठाकुर ने स्कूल शिक्षा बोर्ड से आग्रह किया है कि दसवीं की परीक्षा के अंग्रेजी के शुक्रवार को हुए पेपर में जो सीरीज में गड़बड़ी हुई है उसे पर परीक्षार्थियों को ग्रेस मार्क्स मुहैया करवाए जाएं।

# हरियाणा के पंचकूला में एयरफोर्स का फाइटर जेट जगुआर क्रैश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भारतीय वायुसेना का जगुआर लड़ाकू विमान शुक्रवार को हरियाणा के पंचकूला में क्रैश हो गया। एयरक्राफ्ट ने प्रशिक्षण उड़ान के लिए अंबाला एयरबेस से उड़ान भरी थी। पायलट विमान से सुरक्षित बाहर निकल गया। हादसे में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है।



पंचकूला में क्रैश हुआ लड़ाकू विमान तथा (इनसेट) पायलट।

हादसा पंचकूला के मोरनी में बालदवाला गांव के पास हुआ। वायुसेना ने बताया कि हादसा दोपहर करीब 3.45 बजे तकनीकी खराबी के कारण हुआ। पायलट विमान को रिहायशी इलाके से दूर ले गया फिर खुद सुरक्षित रूप से बाहर निकल गया। हादसे की जांच के लिए वायुसेना के विशेषज्ञों की टीम मौके पर पहुंच गई है। पंचकूला जिले के रायपुररानी के पुलिस अफसर ने फोन पर एजेंसी को बताया कि वायुसेना का विमान पंचकूला जिले के पहाड़ी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। स्थानीय पुलिस भी मौके पर है।




**दौरा** एम्स के अधिकारियों, डॉक्टरों और मरीजों से किया संवाद, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की जताई प्रतिबद्धता

# 2027 तक 25 हजार जन औषधि केंद्र खोलेंगे : नड्डा

**शुभम राही, बिलासपुर**

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि 2027 तक देशभर में 25,000 जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे, जिससे लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और किफायती बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। यह बात उन्होंने शुक्रवार को एम्स बिलासपुर में कई महत्वपूर्ण नई स्वास्थ्य सुविधाओं का शुभारंभप कही। इस दौरान उन्होंने एम्स के अधिकारियों, डॉक्टरों और मरीजों से संवाद किया और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

स्वास्थ्य मंत्री ने बी-ब्लॉक स्थित जन औषधि फार्मेसी का निरीक्षण किया और प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के लाभार्थियों से बातचीत की। उन्होंने दवाओं की गुणवत्ता, प्रभावशीलता और उपलब्धता को लेकर फीडबैक लिया। लाभार्थियों ने बताया कि इस योजना के तहत उन्हें किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं मिल रही हैं, जिससे उनके इलाज का खर्च कम हुआ है। मंत्री ने जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाने और दवाओं की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया एम्स बिलासपुर की तीसरी मंजिल पर स्थित अमृत फार्मेसी का शुभारंभ किया गया। इस केंद्र पर 50 प्रतिशत से अधिक छूट पर जीवन रक्षक दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मंत्री ने बताया कि एम्स बिलासपुर में खुली यह देश की 225वीं अमृत फार्मेसी है, जिससे मरीजों को अत्यधिक लाभ मिलेगा।

मंत्री ने न्यूक्लियर मेडिसिन ब्लॉक का दौरा किया और वहां उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि एम्स बिलासपुर में चिकित्सा सेवाओं को उन्नत बनाने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। इस दौरान 25 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित पैट स्कैन आधुनिक तकनीक से लैस टेस्ट सुविधा का उद्घाटन किया गया। पैट स्कैनर से कैंसर, न्यूरोलॉजिकल और हृदय रोगों के सटीक निदान में मदद मिलेगी, जबकि स्पैट स्कैनर से हड्डियों, किडनी और हृदय से जुड़ी बीमारियों की गहन जांच की जा सकेगी। मंत्री ने कहा कि इन अत्याधुनिक सुविधाओं से मरीजों को सटीक और शीघ्र निदान की सुविधा मिलेगी, जिससे इलाज अधिक प्रभावी होगा। यह लैब संक्रामक रोगों और वायरस से जुड़ी बीमारियों की जांच में सहायक होगी। भविष्य में यह लैब नए वायरस के अध्ययन, वैक्सीन विकास और महामारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। (अनंत ज्ञान)

### एम्स बिलासपुर में जन औषधि केंद्र व पेट स्कैन सुविधा शुरू



### एम्स में 4.90 करोड़ रुपए से बनेगा इनडोर स्टेडियम

**एम्स** बिलासपुर में 4 करोड़ 90 लाख रुपए की लागत से इनडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा, जिससे यहां के छात्रों और चिकित्साकर्मियों को खेल एवं व्यायाम की बेहतर सुविधा मिल सकेगी। मंत्री ने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए खेलकूद की सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

### हर तरह के वायरस की अब एम्स बिलासपुर भी करेगा जांच

देश के स्वास्थ्य ढांचे को और मजबूत करने की दिशा में एम्स बिलासपुर को बड़ी सौगात मिली है। संस्थान में वायरोलॉजी रिसर्च एंड डायग्नोस्टिक लैब की आधारशिला रखी गई है, जो 30 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित की जाएगी। इस अत्याधुनिक प्रयोगशाला में कोरोना समेत हर प्रकार के खतरनाक वायरस की जांच और शोध किया जाएगा। इसके अलावा, संस्थान को 35 नए असिस्टेंट, एसोसिएट और एडिशनल प्रोफेसर भी मिले हैं, जिससे यहां चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सशक्त होंगी। यह प्रयोगशाला भविष्य में देश में आने वाली किसी भी महामारी या वायरस संक्रमण की जांच और शोध के लिए मील का पत्थर साबित होगी। कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के बाद भारत में वायरोलॉजी रिसर्च को मजबूत करने की आवश्यकता महसूस की गई थी, और अब बिलासपुर एम्स में यह पहल की गई है।

### भीष्म क्यूब आरोग्य मैत्री योजना से लोगों को मिलेगा लाभ

**भीष्म** क्यूब आरोग्य मैत्री योजना के तहत एम्स बिलासपुर को दूर-दराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में सहायता मिलेगी। इस योजना के तहत उन्नत चिकित्सा सुविधाओं को ग्रामीण और पहाड़ी इलाकों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री सुक्खू ने कुलदीप पठानिया के बेटे के शादी समारोह में की शिरकत



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार दोपहर बाद यहां बड़ू के बासी पैलेस में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के छोटे बेटे के शादी समारोह में शिरकत की। उन्होंने नवदंपती और समस्त पठानिया परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वह शिमला से हेलीकॉप्टर से यहां पहुंचे और थोड़ी देर रुकने के बाद उसी से शिमला लौट गए। इस अवसर पर विधायक किशोरी लाल, विधायक सुरेश कुमार, विधायक कैप्टन रणजीत सिंह और कई अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

### शहर के कई क्षेत्रों में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर में 9 मार्च को लाइनों एवं उपकरणों को बदलने के कार्य के चलते अप्पर बाजार, लोअर बाजार, नादौन चैक, बस स्टैंड, पुलिस स्टेशन, गांधी गेट, वार्ड नंबर 2, 4, 6 और 8, बराड़ बल्ह तथा आसपास के क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 3 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### 8 से 18 तक आंशिक रूप से बाधित रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** उपमंडल नादौन के धनेटा विद्युत विभाग के सब-डिवीजन के अंतर्गत धनेटा विद्युत उपमंडल के अंतर्गत आने वाली 11 केवी बदारन फीडर पर पुरानी तारों को बदलने व नई तारें डालने हेतु विभिन्न गांवों झलान, लोहारली, चेली, अनसरा, किटपल, पयांवी और आसपास के गांवों की बिजली आपूर्ति 8 से 18 मार्च तक आंशिक रूप के लिए बाधित रहेगी। सहायक अभियंता धनेटा सुशील कुमार ने क्षेत्र के लोगों से सहयोग की अपील की है।

### राजन को डीसी की दिव्यांग समिति में मिली जगह



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर के भगेटू गांव के निवासी राजन कुमार जो स्वयं 100 प्रतिशत दिव्यांग हैं, उन्हें दिव्यांगता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान और व्यापक अनुभव को देखते हुए जिला उपायुक्त हमीरपुर की जिला स्तरीय दिव्यांग समिति में शामिल किया गया है। राजन कुमार ने समिति में शामिल किए जाने पर उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह और जिला कल्याण अधिकारी रमेश बंसल का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनकी प्राथमिकता जिले में विकलांग अधिकार अधिनियम के तहत दिव्यांगजनों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाना होगी। उन्होंने विशेष रूप से पर्वतीय क्षेत्रों में सुगम्यता बढ़ाने पर जोर दिया, ताकि दिव्यांगजनों को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो और वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। राजन कुमार ने विश्वास जताया कि जिला स्तरीय दिव्यांग समिति के माध्यम से वह दिव्यांगजनों के हितों की रक्षा करने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाएंगे। उल्लेखनीय है कि राजन कुमार व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के संचालक भी हैं और दिव्यांगजनों के लिए खेल एवं पुनर्वास के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके अनुभव और समर्पण को देखते हुए समिति में उनकी भागीदारी को एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### अपराध नियंत्रण, समाज सुधार सभा की बैठक आज

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** नादौन उपमंडल की धनेटा पंचायत की सामाजिक कार्यों में सदैव अग्रणी और समाज के बेहतर उत्थान के लिए बढ़-चढ़कर अपना योगदान देने वाली संस्था अपराध नियंत्रण एवं समाज सुधार सभा धनेटा की मासिक बैठक 8 मार्च को त्रिमूर्ति शिव मंदिर में सुबह 11 बजे होना निश्चित की गई है। संस्था के अध्यक्ष अनिल गुलेरिया ने बताया कि संस्था की पिछली मासिक बैठक में संस्था द्वारा पूर्व में किए गए विभिन्न कार्यों का अवलोकन किया जाएगा और आने वाले समय में युवाओं को बढ़ते नशे जैसे चिट्टा, शराब के सेवन से कैसे बचाया जाए, उस विषय पर संस्था क्या जरूरी कदम उठा सकती है, साथ ही संस्था द्वारा जिला स्तरीय कोर कमेटी का गठन भी किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष अनिल गुलेरिया ने संस्था के सभी सदस्यों से आग्रह किया है की सभी सदस्य इसमें हिस्सा लें ताकि आगामी

### शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुए छात्र

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** जिला डाइट हमीरपुर के प्रशिक्षु छात्र आठ दिवसीय अंतर राज्य शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुए। हमीरपुर डाइट संस्थान के ये छात्र राजस्थान के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों जैसे खाटू श्याम जी, जयपुर किला, हवा महल, जल महल, अजमेर, पुष्कर, उदयपुर, माउंट आबू, कुंभलगढ़ किला इत्यादि का अवलोकन करेंगे। यह जानकारी संस्थान के समन्वयक परमजीत डोगरा ने दी। डोगरा ने बताया कि उपनिदेशक गुणवत्ता एवं जिला परियोजना अधिकारी नवीन शर्मा ने बच्चों को आशीर्वाद देकर भ्रमण के लिए रवाना किया। इस दौरान डाइट संस्थान से समन्वयक परमजीत डोगरा के साथ पूनम शर्मा, चेतना कुमारी, राकेश कुमार, तिलक चंद और सुनीता देवी आदि सरक्षण कर्ता के रूप में विशेष रूप से गए। 52 बच्चों का समूह जिसमें 27 लड़कियां और 25 लड़के शामिल हैं। इस भ्रमण का आयोजन समग्र शिक्षा की तरफ से किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### नरदेव फिर बने गवारडू सहकारी सभा के प्रधान

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** टौणी देवी ब्लॉक की दी गवारडू प्राथमिक सहकारी सभा की प्रबंधक समिति के चुनाव आज संपन्न हुए, जिसमें सर्वसम्मति से नरदेव सिंह को दोबारा प्रधान चुना गया। इसके अलावा सर्वसम्मति से मस्त राम को उपप्रधान, सुरेश चंद, मीना देवी व बलवंत सिंह को कमेटी सदस्य चुना गया। यह जानकारी प्रेजिडिंग ऑफिसर सुनील कुमार ने दी।

### टिक्कर-मनोह सड़क के लिए 11.97 करोड़ स्वीकृत

**एसके शर्मा, जाहू।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र की टिक्कर से मनोह करीब 12 किलोमीटर सड़क का अब विस्तार होगा। इसके लिए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है और सड़क के निर्माण पर 11 करोड़ 97 लाख रुपए खर्च होंगे। लोक निर्माण विभाग मंडल भोरंज के अधीन आने वाली टिक्कर से मनोह वाया जख्योल, रमेहड़ा, सुलखान व धिरवीं करीब 12 किलोमीटर लंबी सड़क चौड़ी होगी। इससे कडोहता, भकेड़ा, रौंही, भोरंज व खरवाड़ पंचायत के करीब 15 गांवों के ग्रामीणों को अच्छी सड़क की सुविधा मिलेगी। खरवाड़ पंचायत प्रधान भागां देवी, भकेड़ा पंचायत उप प्रधान सुरेंद्र कुमार, भोरंज पंचायत प्रधान पूजा देवी, ब्लॉक समिति सदस्य वीना देवी, पूर्व प्रधान भकेड़ा रतन चंद ने भोरंज के विधायक सुरेश कुमार का सड़क के विस्तारीकरण के लिए धन राशि स्वीकृत करवाने का आभार प्रकट किया है। (अनंत ज्ञान)

### होली उत्सव में महिलाओं के लिए होंगी प्रतियोगिताएं

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राष्ट्र स्तरीय होली मेला सुजानपुर जो कि इस वर्ष 12 से 15 मार्च 2025 के दौरान मनाया जा रहा है। इसमें प्रशासन की ओर से इस बार विशेष तौर पर महिला मंडलों एवं स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जा रहा है। इसमें मुख्य रूप से रस्साकस्सी, मेहंदी कला, रंगोली, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, सूई धागा व लोक संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी खंड विकास अधिकारी किशोरी लाल जस्वाल ने दी।

इस संबंध में विकास खंड सुजानपुर के सभी महिला मंडलों एवं स्वयं सहायता समूहों को आवश्यक सूचना पंचायत सचिवों के माध्यम से प्रदान की जा रही है, जिसमें सभी पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया है कि इन प्रतियोगिताओं में नामांकन समयबद्ध करवाना सुनिश्चित किया जाए।

# राज्य कैडर करने की अधिसूचना को वापस ले प्रदेश सरकार : संघ

## पटवारी एवं कानूनगो संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने सरकार के खिलाफ निकाली रोष रैली, बोले-जायज मांगों के लिए जारी रहेगी हड़ताल

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

पटवार एवं कानूनगो महासंघ जिला इकाई हमीरपुर ने शुक्रवार को उपायुक्त अमरजीत सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह को ज्ञापन भेजा। इस अवसर पर जिलेभर के पटवारी व कानूनगो ने डीसी ऑफिस तक रोष निकाली और स्टेट कैडर को वापस लेने की मांग की।

पटवारी एवं कानूनगो संघ की जिला प्रधान मीना शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा 22 फरवरी को प्रदेश के समस्त पटवारी एवं कानूनगो का जिला संवर्ग से बदलकर राज्य संवर्ग कर दिया है जिसका प्रदेशभर के पटवारी व कानूनगो सरकार के इस फैसले का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने पटवारी और कानूनगो अपनी जायज मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे हैं




**कहा-स्टेट कैडर करने से पदोन्नति पर होगा असर**

इसलिए प्रदेश महासंघ के निर्णय के अनुसार यह हड़ताल जारी रहेगी। प्रदेश सरकार के इन्हीं आदेशों के चलते पटवारी एवं कानूनगो 28 फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। उन्होंने कहा कि पटवारी व कानूनगो आवश्यक सुविधाओं के अभाव में कार्य कर रहे हैं, लेकिन प्रदेश सरकार के आदेशों से अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि उक्त आदेशों से पटवारी एवं कानूनगो के आरएंडपी रूल 1992 की उल्लंघन हुआ है जिससे समस्त पटवारी एवं कानूनगो की वरिष्ठता सूची भी प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि महासंघ इस बारे पूर्व में सरकार से भी विभिन्न मंचों पर बार बार आग्रह कर चुका है परंतु सकारात्मक आश्वासन मिलने के बावजूद भी इस निर्णय को प्रदेश के पटवारी एवं कानूनगो पर थोपा गया है जो कि अति निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को देहरा में प्रदेश संघ द्वारा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ एक घंटा बैठक हुई थी व सभी मुद्दों पर विस्तृत चर्चा के उपरांत सरकार द्वारा बलवान कमेटी का गठन किया गया था।

इस कमेटी ने अपनी सिफारिशें सरकार को प्रस्तुत कर दी है। संघ को सरकार द्वारा आश्वासन दिया गया था कि प्रदेश के पटवारी व कानूनगो का संवर्ग जिला से राज्य संवर्ग करने से पूर्व महासंघ के साथ विचार-विमर्श किया जाएगा, लेकिन सरकार द्वारा संघ को बिना विश्वास में लिए बलवान कमेटी की सिफारिशों को लागू करने की बजाए 22 फरवरी को अधिसूचना जारी कर दी जिससे समस्त पटवारी एवं कानूनगो आहत हैं।

यही कारण है कि सरकारी द्वारा जारी की अधिसूचना के विरोध में प्रदेश के सभी पटवारी एवं कानूनगो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमीरपुर जिले में समस्त पंचायतों द्वारा भी संघ को समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि पटवारी कानूनगो की मांगों का समाधान किया जाए व राज्य स्तरीय संवर्ग की अधिसूचना को वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि महासंघ सरकार के सकारात्मक निर्णय की अपेक्षा करती है। (अनंत ज्ञान)

# 'औंधे मुंह' डुग्घा पंजाली-बड़ू मोहीं पेयजल योजना

## तीन टैंक खराब; दो में जमी है 'काई, मशीनरी खराब, इलेक्ट्रिसिटी सिस्टम राम भरोसे

**विक्रम ढटवालिया, बरोहा**

यहां जिला मुख्यालय के साथ सटी डुग्घा पंजाली-बड़ू मोहीं उठाऊ पेयजल योजना 'औंधे मुंह' गिरी हुई है। इस योजना के तीन टैंक लंबे अरसे से खराब हैं। दो में 'काई' जमी हुई है, बावजूद इसके जलशक्ति विभाग के किसी भी छोटे और बड़े अधिकारी पर इसका कोई असर हो, ऐसा सोचना बेमानी है, क्योंकि 'हिचकोले' खा रही इस योजना की भीतरी स्थिति भी खराब है।

**गुणवत्ता पर सवाल, कहां आराम फरमा रहे जलशक्ति विभाग के अधिकारी**

पानी उठाने वाली मशीनें तो यहां चार हैं, लेकिन इनमें एक काफी समय से खराब है। ऐसे में यदि एक योजना के लिए केवल एक ही मशीनरी से काम लिया जाएगा, तो फिर वह कितने दिन चलेगी। यदि वह भी खराब हो गई। जिस समय पर रेस्ट की जरूरत होती है। वह मिल नहीं रही तो फिर योजना मुकम्मल ठप भी हो सकती है। इलेक्ट्रिसिटी सिस्टम भी यहां पर खराब हैं। तारें इधर-उधर जोड़कर काम चलाओ व्यवस्था की गई है, वहीं उपकरण अरसे से खराब हैं। करंट का भी खतरा काम करने वाले ऑपरेटर को बना रहता है, लेकिन इसकी किसे परवाह।

**योजना की अनदेखी से हुई स्थिति खराब :** इलाके की तकरीबन 14000 की आबादी को पानी मुहैया करवाने वाली इस योजना पर विभाग का फोकस ही नहीं है। ऐसा लगता है कि किसी अधिकारी ने कभी यहां का दौरा किया हो, ऐसा आभास नहीं होता यदि कोई अधिकारी यहां दौरा करके गया हो तो यह योजना इस तरह बेहद खराब हालात में नहीं होती।





डुग्घा पंजाली-बड़ू मोहीं पेयजल योजना स्रोत स्थल, सेगमेंटेशन टैंक में जमा है काई, जिस कारण लोगों को परेशानी हो रही है।

### 'काई' से लबालब टैंक

यहां दो टैंक काई से लबालब भरे हुए हैं। ऐसा लगता है कि उनकी लंबे समय से कभी मरम्मत नहीं हुई, साफ सफाई नहीं हुई, जो सेंड पानी को बेहतर बनाने के लिए कभी डाली गई थी। उसकी गुणवत्ता भी अब बेमानी है, लेकिन कोई भी इस योजना का खैरख्वाह नहीं लग रहा।

> जिस इलाके के लिए यह योजना पानी मुहैया करवा रही है, उसके लिए ब्यास नदी से नई स्कीम तैयार हो रही है। इसका 85 फीसदी काम मुकम्मल हो गया है। 'जल जीवन मिशन' योजना के तहत इसे मुकम्मल किया जाएगा। कुछ पैसा योजना का फिलहाल रुका हुआ है, क्योंकि पानी ब्यास नदी से इस तमाम इलाके को सप्लाई होगा। संभावित इसी साल के मध्य में यह नई योजना चालू हो जाएगी।
>
> **राजेश धीमान, एक्सईएन**

**सेगमेंटेशन के दोनों टैंक खराब :** योजना स्रोत पर दो अलग-अलग इलाकों के लिए योजनाएं भी दो अलग-अलग ही हैं, लेकिन बड़ी विडंबना यह है कि सेगमेंटेशन के दोनों टैंक खराब हैं।

एक में पानी भरा हुआ है, लेकिन वह भी 'काई' के हवाले तो है ही, 2 साल से मरम्मत मांग रहा है, पानी रिस रहा है। दूसरा सेगमेंटेशन टैंक लंबे अरसे से सूखा पड़ा है।

इसके आगे तीन भंडारण टैंक भी कई सालों से बंद है। इनमें पानी नहीं डाला जाता। पता चला है कि इनकी मरम्मत होनी थी उसके लिए किसी ने जहमत नहीं उठाई। (अनंत ज्ञान)

### अपनी विफलताओं को सहकारी सभाओं पर न लपेटे विभाग : शर्मा

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से भोरंज की विभिन्न सहकारी सभाओं को नोटिस जारी किया जा रहा है कि 31 दिसंबर, 2024 तक आपके लाइसेंस वैध थे। उसके बाद सभा की उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से बेचा गया सामान अपराध की श्रेणी में आता है, लेकिन विभाग का इंसपेक्टर परमिट क्यों जारी करता रहा। सहकारी सभाएं प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करती हैं, लेकिन खाद्य आपूर्ति विभाग अपनी विफलताओं को सहकारी सभाओं पर थोप रहा है।

भवानी शर्मा प्रधान हिमाचल प्रदेश प्राथमिक सहकारी सभाएं कर्मचारी ब्लॉक भोरंज ने कहा कि हम मानते हैं कि बहुत सारी सहकारी सभाओं ने ऑनलाइन अप्लाई किया था, बावजूद इसके विभाग ने सहकारी सभाओं को यह नहीं बताया कि आपकी एप्लिकेशन अप्रूव नहीं हुई है और अब हमें ही दोषी ठहराया जा रहा है। यदि विभाग का रवैया सोसायटियों के साथ ऐसा ही रहा तो हमें मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। मैं फिर विभाग को आगाह करना चाहता हूं कि अपनी विफलताओं को सहकारी सभाओं पर न लपेटा जाए।

### विधायक कै. रणजीत ने मुरली मनोहर मंदिर का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव को लेकर स्थानीय विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने मुरली मनोहर मंदिर का जायजा लिया। मुरली मनोहर मंदिर में पूजा अर्चना के साथ मेले का शुभारंभ किया जाता है।

विधायक कैप्टन रणजीत सिंह, एसडीएम संजीत सिंह, ईओ अजमेर ठाकुर ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, कांग्रेस नेता प्यार चंद ने मंदिर का निरीक्षण किया। विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने एसडीएम संजीत ठाकुर से विभिन्न विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए मेले के सफल आयोजन को लेकर के चर्चा की तथा शहरभर में चल रहे विकास कार्य का भी निरीक्षण किया।

कैप्टन रणजीत सिंह ने बताया कि इस बार होली उत्सव सुंदर तथा आकर्षक का केंद्र बने, सभी बातों का ध्यान रख करके कार्य किए जाएं। विधायक ने चार करोड़ के लागत से बन रहे टाउन हॉल का कार्य भी देखा।

### मिस हमीरपुर प्रतियोगिता के लिए 36 युवतियों ने दिए ऑडिशन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव सुजानपुर में पहली बार मिस हमीरपुर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के लिए प्रशासन द्वारा 5 मार्च तक पंजीकरण करने के निर्देश जारी किए गए थे।

शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय परिसर में सहायक आयुक्त एवं प्रतियोगिता की संयोजक अपराजिता चंदेल की अध्यक्षता में प्रतियोगिता के लिए ऑडिशन लिए गए। इस प्रतियोगिता के लिए जिला की 36 युवतियों ही ऑडिशन देने के लिए पहुंचीं। सहायक आयुक्त एवं प्रतियोगिता की संयोजक अपराजिता चंदेल ने बताया कि इस प्रतियोगिता के अगले ऑडिशन 11 मार्च को उपायुक्त कार्यालय परिसर में ही होंगे। उन्होंने बताया कि पहले 8 मार्च को भी मिस हमीरपुर प्रतियोगिता के ऑडिशन रखे गए थे, लेकिन 8, 9 और 10 मार्च को यहीं पर लोक कलाकारों के ऑडिशन भी होने हैं। इसलिए, मिस हमीरपुर प्रतियोगिता के अगले ऑडिशन 8 मार्च के बजाए 11 मार्च को लिए जाएंगे।

अपराजिता चंदेल ने बताया कि अभी तक बड़सर क्षेत्र से एक भी पंजीकरण नहीं किया गया है। इसके अलावा जो भी युवतियां इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहती है, उन्हें भी मौका मिलेगा।

उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में ज्यादा से ज्यादा प्रतिभागी भाग लें इसलिए ऑडिशन की तिथि आगे बढ़ा दी है। ऑडिशन के लिए पंजीकरण फार्म उपायुक्त कार्यालय परिसर के कमरा नंबर 222 से प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने इच्छुक युवतियों से 11 मार्च को ऑडिशन में भाग लेने की अपील की।

### नर्सिंग कॉलेज की रुचिका प्रदेशभर में 7वें स्थान पर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बीएससी नर्सिंग अंतिम वर्ष की परीक्षा परिणाम में गौतम नर्सिंग महाविद्यालय की रुचिका ने प्रदेशभर में सातवां स्थान प्राप्त किया है।



रुचिका ने यह स्थान लगभग 45 नर्सिंग महाविद्यालयों के 1000 छात्राओं की परीक्षा परिणाम में हासिल किया है। मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज कर 83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। गौतम महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक जगदीश गौतम ने कहा कि नर्सिंग महाविद्यालय की एक छात्रा ने प्रदेशभर में मेरिट सूची में शीर्ष के 10 स्थानों में अपना नाम दर्ज करवाया है। यह उपलब्धि सभी अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए हर्ष एवं गर्व की बात है।

### चैत्र मेलों के दौरान दियोटसिद्ध मंदिर में हथियार लेकर चलने पर रहेगा पूर्णतया प्रतिबंध

**एसके ठाकुर, बड़सर**

चैत्र माह के मेलों के दौरान उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में 14 मार्च से लेकर 13 अप्रैल तक गुफा के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की संख्या में खासा बढ़ोतरी हो जाती है तथा मंदिर परिसर खचाखच भरा होता है।

इसी के मद्देनजर मंदिर प्रशासन ने मेलों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना तथा किसी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए मंदिर परिसर के साथ-साथ चकमोह पंचायत के पूरे क्षेत्र में हथियार गोला बारूद या किसी भी तरह के अन्य घातक हथियार लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

मंदिर अध्यक्ष एवं एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस की धारा 163 के तहत ड्यूटी पर के साथ-साथ चकमोह पंचायत के पूरे के क्षेत्र में यह प्रतिबंध 14 मार्च से 13 अप्रैल 2025 तक लागू रहेगा, जिसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ड्यूटी पर तैनात पुलिस होमगार्ड और अन्य सुरक्षा कर्मचारी अधिकारियों पर भी यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। (अनंत ज्ञान)

### डॉ. सिकंदर ने जन औषधि केंद्र का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र सभी लोगों, विशेषकर गरीबों और वंचितों के लिए विशेष दुकान है। यह बात शुक्रवार को राज्यसभा के सांसद डॉ. सिकंदर ने हमीरपुर में जन औषधि केंद्र का निरीक्षण करते हुए कही।

डॉ. सिकंदर ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी का सपना है कि जन औषधि मेडिकल स्टोर के माध्यम से किफायती मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराना, ताकि स्वास्थ्य देखभाल में आम जनमानस की जेब से होने वाले खर्च को कम किया जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर, योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाने और जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 7 मार्च को हर साल जन औषधि दिवस के रूप में मनाया जाता है।

डॉ. सिकंदर ने कहा कि स्वास्थ्य हर व्यक्ति का अधिकार है और जन औषधि दिवस हमें यही संदेश देता है। जीवन को स्वस्थ बनाएं, सस्ती और प्रभावी औषधियों के साथ। मोदी सरकार के प्रयासों ने जन औषधि केंद्रों से सस्ती और गुणवत्ता वाली दवाइयों को आमजन की पहुंच को आसान बनाया, जिससे हर भारतीय को स्वस्थ जीवन का अधिकार मिल रहा है। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी हमीरपुर के पूर्व जिला महामंत्री अजय रिंटू, महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष बीना शर्मा, पूर्व महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अर्चना चौहान, हमीरपुर शहरी मंडल के अध्यक्ष पाल शर्मा, हमीरपुर ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष जसवीर सिंह ठाकुर, पूर्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कपिल मोहन शामा व पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

**मंथन** भाजपा ने क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय महिला दिवस समारोह के लिए की बैठक

# 106 वर्षीय बुजुर्ग महिला का किया जाएगा सम्मान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर बनाल्ट क्रिकेट ग्राउंड ललीन में शनिवार को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय महिला दिवस समारोह के आयोजन हेतु शुक्रवार को भाजपा कार्यालय हमीरपुर में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष अर्चना चौहान ने की।

जिला अध्यक्ष अर्चना चौहान ने कहा कि महिला दिवस के सफल आयोजन के लिए इस बैठक में रूपरेखा बनाई गई और सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों की विभिन्न जिम्मेदारियां सुनिश्चित की गई। उन्होंने कहा कि हमीरपुर शहरी मंडल की ग्राम पंचायत बड़ी फरनोल व ललीन के पास पड़ने



वाले बनाल्ट क्रिकेट मैदान में इस समारोह का आयोजन किया जाएगा।

इसमें शहरी मंडल हमीरपुर के करीब 130 महिला मंडलों को सदर विधायक आशीष शर्मा की ओर से सम्मानित किया जाएगा। इस जिला स्तरीय महिला दिवस समारोह में भाजपा से राज्यसभा सांसद सुश्री इंदु गोस्वामी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगी। जबकि भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वंदना योगी और भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर बतौर विशिष्ट अतिथि इस समारोह में शिरकत करेंगे।

समारोह की अध्यक्षता विधायक सदर आशीष शर्मा करेंगे जबकि भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष और भाजपा जिला अध्यक्ष सहित जिला के सभी मंडलों से पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। विधायक सदर आशीष शर्मा ने सभी से इस समारोह में बढ़-चढ़ कर के भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर मंडल शहरी के सभी महिला मंडलों को उनकी तरफ से इस अवसर पर विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही दरबोड़ गांव की 106 वर्षीय वृद्धा को भी इस अवसर पर विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

विधायक आशीष शर्मा की ओर से गरीब अनाथ वगरीब बच्चियों के लिए चलाई गई सुकन्या समृद्धि योजना के चेक भी दो बच्चियों को भेंट किए जाएंगे। इस मौके पर पूर्व जिला महामंत्री अजय रिंटू, वीणा शर्मा, सहित मंडल शहरी अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष जसवीर सिंह सहित दोनों मंडलों के महामंत्री व पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे।

### डॉ. निखिलेश बोस्टन मैराथन के लिए क्वालीफाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

चंडीगढ़ सेक्टर 10 के डीएवी महाविद्यालय में हमीरपुर निवासी सहायक प्रोफेसर और एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉक्टर निखिलेश ठाकुर ने एक बार फिर अपनी अद्भुत शारीरिक और मानसिक ताकत का परिचय दिया है। उन्होंने हाल ही में दिल्ली में आयोजित 42.195 किलोमीटर की दौड़ को 3 घंटे 10 मिनट में पूरा करके 2026 में होने वाली विश्व प्रसिद्ध बोस्टन मैराथन के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

इस सफलता के बाद अब वह दुनिया भर से चयनित 30 हजार लोगों में शामिल हो जाएंगे, जो इंग्लैंड के बोस्टन में होने वाली इस प्रतिष्ठित दौड़ में भाग लेंगे। निखिलेश ठाकुर, 45-49 आयु वर्ग में मैराथन के लिए क्वालीफाई करने वाले ट्राई सिटी के एकमात्र अभ्यर्थी हैं। निखिलेश ठाकुर का दौड़ने का शौक केवल जुनून नहीं, बल्कि यह उनके जीवन जीने का तरीका बन चुका है। वह हर रोज सुबह तीन बजे उठकर दो घंटे तक दौड़ते हैं।



उन्होंने चंडीगढ़ से शिमला तक का 113 किलोमीटर का सफर मात्र 13 घंटों में पूरा किया है और चंडीगढ़ से दिल्ली तक पैदल यात्रा भी की है। अपने अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि दौड़ना केवल शारीरिक सहनशक्ति की परीक्षा नहीं है, यह मानसिक शक्ति की भी परीक्षा है। युवा पीढ़ी को फिटनेस पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित करने के लिए मेरी यह यात्रा एक उदाहरण हो सकती है। मिठाइयों से दूर रहते हुए, अपने आहार में प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों और हरी सब्जियों को प्राथमिकता देते हैं। उनका यह भी कहना है कि उचित नींद का शेड्यूल बनाए रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। युवाओं के लिए उनका संदेश स्पष्ट है। अपनी फिटनेस और आहार दोनों पर ध्यान दें। किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अनुशासित जीवनशैली महत्वपूर्ण है।

यह सफलता न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उनकी यात्रा निश्चित रूप से युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। निखिलेश के स्वर्गीय पिता देश राज पठानिया प्रिंसिपल थे। माता कुसुम पठानिया भी प्रिंसिपल के पद से सेवानिवृत्त हुई हैं और आजकल हेल्थ कोच हैं।

### 12 तक बिजली के बिल जमा करवा दें लंबलू के उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल लंबलू के उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 12 मार्च तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता ज्ञान चंद भाटिया ने कहा कि उपमंडल के जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 12 मार्च तक उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें।

उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे। सहायक अभियंता ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## न्यूज ब्रीफ

### कुल्लू में दृष्टिबाधित छात्रों के लिए बोर्ड परीक्षा का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. विशाल शर्मा ने जारी ब्यान में कहा कि नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड हिमाचल प्रदेश समावेशी शिक्षा में जिला कुल्लू के एक संस्थान चंदर आभा मैमोरियल स्कूल फॉर द ब्लाइंड में दृष्टिबाधित छात्रों के लिए बोर्ड परीक्षा आयोजित करता है। दिनांक 7 मार्च को को कक्षा तीसरी के छात्रों के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग करके अपनी बोर्ड परीक्षा देने का अनूठा अवसर मिला है, जो दृष्टिबाधित शिक्षार्थियों के लिए उपलब्ध शैक्षिक संसाधनों में एक महत्वपूर्ण प्रगति को प्रदर्शित करता है। दो छात्र आशीष ठाकुर और अर्नव धीमान कंप्यूटर पर अपनी परीक्षा पूरी करेंगे, जो दृष्टिबाधित छात्रों के लिए शिक्षा में प्रौद्योगिकी के एकीकरण में एक महत्वपूर्ण क्षण को चिह्नित करेगा। स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव ने बताया कि उक्त के अतिरिक्त अन्वेषा शर्मा और मयंक बड़े प्रिंट में अपनी परीक्षा दी है, जिसमें गीतेश कुमार ने एक लेखक के रूप में अपनी सेवाएं इन छात्रों को दी। कक्षा पांचवी में छात्र वंशिका और अरिंदम ने भी बड़े प्रिंट प्रारूपों का उपयोग करके अपनी परीक्षा दी है।

### पानी के टैंक में डूबने से व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की के बंगोरा में पानी के टैंक में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। गत दिवस पंचायत पलानिया के प्रधान ने पुलिस थाना अर्की को सूचित किया कि बंगोरा के पास टैंक में एक व्यक्ति गिरा पड़ा है। इसके बाद पुलिस टीम मौका पर पहुंची, जहां पर सड़क के साथ ही बावड़ी के पास एक व्यक्ति का शव को रखा था। मौके पर स्थानीय पंचायत प्रधान व गांव के अन्य लोग भी मौजूद थे। मृतक की पहचान देवेंद्र कुमार (38) पुत्र किरपा राम निवासी गाव बंगोरा, डाकखाना बथांलग तहसील अर्की जिला सोलन के रूप में हुई। मौका पर मृतक के परिजनों व अन्य लोगों के ब्यान लेखबद्ध किये गए। मृतक का पोस्टमार्टम सिविल अस्पताल अर्की में करवाकर विसरा को प्रीजर्व करवाया गया, जिसे रासायनिक परीक्षण के लिए राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला जुन्गा भेजा जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चरस सहित पंजाब के 2 लोग गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के अंतर्गत पुलिस चौकी कंडवाल की टीम ने नाकाबंदी के दौरान कार सवार दो लोगों को 4 किलो 30 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक कार (पीबी06एई 4569) की तलाशी ली तो उसमें से 4 किलो 30 ग्राम चरस मिली है। आरोपियों की पहचान अमित कौशल पुत्र ओम प्रकाश कौशल निवासी अमन एवेन्यू अमृतसर व गुरप्रीत सिंह पुत्र रमणीक सिंह सिंह निवासी मजीठा रोड जिला अमृतसर के तौर पर की गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी नूरपुर धर्म चंद वर्मा ने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी लगातार ज्यादा जारी रहेगी। (अनंत ज्ञान)

### शुक्र खड्ड के युवक से चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, भोटा।** भोटा पुलिस की टीम ने शुक्रखड्ड के युवक से 4.31 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम को गश्त के दौरान यह सफलता मिली है। आरोपी की पहचान विनय कुमार निवासी चोलथरा सरकाघाट के रूप में हुई है। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है

### मारपीट मामले में एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला में एक नामी रेस्टोरेंट में डॉक्टर के साथ हुई मारपीट मामले एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने मेडिको लीगल सर्टिफिकेट (एमएलसी) की रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज की है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार घटना 1 मार्च की रात करीब 11 बजे की है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि 1 मार्च को वह अपने साथियों के साथ डिनर करने आए थे। इस दौरान जब वह बाथरूम गए तो रेस्टोरेंट के मैनेजर समेत 6-7 स्टाफ ने उनके साथ मारपीट की।

### साहित्यिक पत्रिका बिपाशा का अंक तैयार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाषा एवं संस्कृति विभाग की साहित्यिक पत्रिका विपाशा का अद्यतन अंक प्रकाशित हो चुका है। यह अंक हिमाचली महिला लेखक विशेषांक के रूप में प्रकाशित किया गया है जो कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश की सभी महिला लेखिकाओं को समर्पित है। विभाग के निदेशक डॉ. पंकज ललित ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग की प्रतिष्ठित पत्रिका विपाशा में इस बार प्रदेश की लगभग 50 महिला लेखिकाओं द्वारा लिखी गई कहानियां, कविताएं एवं लेखों को शामिल किया गया है।

### मेहला स्वारघाट स्थित मैक्स कंपनी के परिसर में शव रखकर किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** गोबिंद सागर झील में ट्राला गिरने से हुई मौत पर गुस्साए ग्रामीणों ने मेहला स्वारघाट स्थित मैक्स कंपनी के परिसर में शव रखकर लगभग दो घंटे तक प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद और परिवार के सदस्य को कंपनी में नौकरी देने के लिए कंपनी से आग्रह किया। इस मौके पर सीटीयू के पदाधिकारी भी मौजूद रहे और कंपनी के साथ मिल बैठकर आर्थिक मदद दिलवाई। इस मौके पर फौरी राहत पर कंपनी ने एक लाख रुपए मौके पर ही दिए, जबकि नौ लाख रुपए का चैक पीड़ित परिवार को दिया जाएगा। इसके अलावा जो अन्य सरकारी मदद होगी वह भी कंपनी की ओर से दी जाएगी। इस मौके पर एसपी शिव चौधरी ने भी मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया।

# 14वीं विधानसभा सत्र का आगाज 10 मार्च से, 17 को पेश होगा आम बजट

## विधानसभा के बजट सत्र को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी, 28 मार्च को होगा समापन

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**हिमाचल** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश की 14वीं विधानसभा का सत्र 10 मार्च को अपराह्न 2:00 बजे राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण के साथ शुरू होगा। पठानिया ने पत्रकारवार्ता के दौरान बताया कि यह सत्र 28 मार्च तक चलेगा व इस सत्र में कुल 16 बैठकें होंगी। राज्यपाल के अभिभाषण पर 11 से 13 मार्च तक चर्चा होगी तथा पारण होगा। 17 मार्च को सोमवार के दिन अपराह्न 2:00 बजे सीएम सुक्खू वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए बजट अनुमानों को प्रस्तुत करेंगे। यह वर्तमान सरकार का तीसरा बजट सत्र होगा। 18 से 21 मार्च तक बजट अनुमान वित्तीय वर्ष 2025-2026 पर चर्चा होगी, जबकि 24 से 26 मार्च को बजट अनुमान 2025-2026 मांगों पर चर्चा एवं मतदान होगा व 26 मार्च को मांगों पर चर्चा विनियोग विधेयक-पूर: स्थापना, विचार विमर्श एवं पारण होगा। 22 व 27 मार्च के दिन गैर सरकारी कार्य सदस्य दिवस के लिए निर्धारित किए गए हैं।

पठानिया ने कहा कि 12 मार्च तक माननीय सदस्य अपनी सूचनाएं इस सचिवालय को भेज सकते हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा सचिवालय बजट सत्र के आयोजन के लिए पूरी तरह से सजग है तथा तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। (अनंत ज्ञान)



### सीएम सुक्खू ने विधानसभा अध्यक्ष से की शिष्टाचार भेंट

**सीएम** सुक्खू शुक्रवार को विस सचिवालय पहुंचे। इस दौरान विस अध्यक्ष कुलदीप सिंह से मुलाकात की। यह एक शिष्टाचार भेंट थी।

### माननीय सदस्यों के 963 प्रश्न आए सामने

**कुलदीप** पठानिया ने कहा कि इस सत्र में माननीय सदस्यों से कुल 963 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं जिसमें 737 प्रश्न तारांकित ऑनलाइन 680 व ऑफलाइन 57 व 226 प्रश्न अतारांकित ऑनलाइन 223 ऑफलाइन 3 की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। जिन्हें नियमानुसार सरकार को आगामी कार्रवाई के लिए प्रेषित किया गया है। इसके अतिरिक्त नियम 61, 63, 67 तथा 324 के तहत अभी तक कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है जबकि नियम 62 के अंतर्गत 9 सूचनाएं, नियम 101 के अंतर्गत 5 सूचनाएं, नियम 130 के अन्तर्गत 10 सूचनाएं प्राप्त हुई है जिन्हें आगामी कार्रवाई हेतु सरकार को प्रेषित कर दिया गया है।

### प्रश्न काल के तुरंत बाद होगा शून्य काल

पठानिया ने कहा कि प्रश्नकाल के तुरंत बाद शून्यकाल होगा जिसकी समय अवधि 20 मिनट रहेगी। एक विधायक केवल एक ही प्रश्न पूछ सकता है जिसकी अवधि 3 मिनट से ज्यादा नहीं होगी।

### चिट्टा तस्करी के आरोप में आउटसोर्स कर्मी समेत 4 गिरफ्तार

**सुनील शर्मा, गोहर।** मंडी जिले के सराज में पुलिस ने आउटसोर्स कर्मी सहित चार चिट्टा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी 15 फरवरी को पकड़े गए चिट्टा तस्करों से संबंधों के आधार पर की गई है। पुलिस ने कॉल डिटेल और लेन-देन के आधार पर यह कार्रवाई की है। डीएसपी करसोग गौरवजीत सिंह ने पुष्टि करते हुए कहा कि इस मामले में और गिरफ्तारियां भी संभव हैं। गौरतलब है कि गत 15 फरवरी को सराज में भड़वाल-राशन मार्ग पर कैंची मोड़ के पास स्थानीय महिलाओं ने दो चिट्टा तस्करों को पकड़ा था। इनसे पूछताछ के आधार पर पुलिस ने 4 और युवकों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक कर्मचारी भी शामिल है जो बीडीओ कार्यालय सराज में चपरासी के पद पर तैनात है। इसके अलावा झरठी गांव के राजेंद्र कुमार, दुशांदी गांव के पवन कुमार व झपतलोह गांव के भूपेंद्र पाल भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। (अनंत ज्ञान)

# हिमकेयर का फंसा पैसा जल्द करें रिलीज: नड्डा

## एम्स में हुई रिव्यू बैठक में केंद्रीय मंत्री स्वास्थ्य निदेशक से बोले, सीएम को कहें पैसे दें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**अखिल** भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने प्रदेश सरकार से हिमकेयर योजना के तहत फंसे हुए पैसों के जल्द भुगतान की बात कही। बिलासपुर एम्स में पहुंचे प्रदेश के स्वास्थ्य निदेशक डॉ. प्रकाश दड़ोच को निर्देश दिया कि वह मुख्यमंत्री से बात करें और बकाया धनराशि जारी करने को कहें, ताकि मरीजों को योजना का पूरा लाभ मिल सके।

बता दें कि हिमकेयर योजना के तहत एम्स बिलासपुर में इलाज कराने वाले मरीजों को अब तक उनके मेडिकल खर्च का भुगतान नहीं हो पाया है। ऐसे में गरीब और जरूरतमंद मरीज आर्थिक बोझ से दब रहे हैं। यह मामला समीक्षा बैठक के दौरान उठा, जिस पर केंद्रीय मंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए इसे तुरंत सुलझाने का निर्देश दिया। हिमकेयर योजना राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजना है, जिसका मकसद आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को निशुल्क या सस्ते इलाज की सुविधा देना है। लेकिन यदि भुगतान में देरी होता रहा तो इस योजना का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाएगा। अब देखना होगा कि प्रदेश सरकार इस पर कितनी तेजी से कार्रवाई करती है और मरीजों को उनके हक का लाभ कब तक मिलता है।



बिलासपुर एम्स की बात करें तो अभी तक यहां 6 लाख से अधिक ओपीडी हो चुकी है। साथ ही अभी तक कुल 49 हजार 672 मरीजों को इंडोर इलाज दिया जा चुका है। ऐसे में अब एम्स मरीजों को सुविधा तो मिल रही है, लेकिन वित्तीय मामलों की बात करें तो यहां पर हिमकेयर योजना के तहत पैसे का भुगतान न होने के चलते मरीजों को काफी दिक्कतें भी हो रही हैं।

**क्या कहते हैं स्वास्थ्य निदेशक**

**उधर,** इस संदर्भ में जब स्वास्थ्य निदेशक डॉ. प्रकाश दड़ोच से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सरकार के ध्यान में यह मामला है। प्रदेश की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जा रही हैं।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष की रेस: राजनीतिक भविष्य संवारने की जद्दोजहद

**बिलासपुर।** भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष पद को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। कई नेता अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत करने और संगठन में स्थान पाने के लिए सक्रिय हो गए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के बिलासपुर दौरे ने इस खींचतान को और हवा दे दी है। पार्टी के भीतर असंतोष व महत्वाकांक्षाओं की यह लड़ाई भाजपा की आगामी रणनीति व संगठनात्मक ढांचे को प्रभावित कर सकती है। जेपी नड्डा से मुलाकात के लिए कुटलैहड़ के पूर्व विधायक देवेंद्र भुट्टो, गगरेट के चैतन्य शर्मा, देहरा के पूर्व विधायक होशियार सिंह और कांग्रेस से भाजपा में आए लखविंद्र राणा जैसे नेता पहुंचे। यह सभी नेता या तो चुनाव हार चुके हैं।

# एम्स में पेट और स्पेक्ट स्कैन शुरू करना ऐतिहासिक कदम: जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**एम्स** बिलासपुर में भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा द्वारा अत्याधुनिक पेट-स्कैन और स्पेक्ट स्कैन के उद्घाटन समारोह में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि एम्स में पेट और स्पेक्ट स्कैन शुरू करना एक ऐतिहासिक कदम है जो हिमाचल के लोगों के लिए बहुत लाभकारी होगा।

बिलासपुर एम्स में विश्व स्तरीय सुविधाओं को प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय स्वास्थ्य कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का हार्दिक आभार। इतनी बेहतरीन सुविधाओं के होने से प्रदेश में लोगों को आसानी से समय पर उपचार मिल सकेगा। प्रदेश में ही लोगों की पेट स्कैन की सुविधा मिलेगी जिससे लोगों को प्रदेश के बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इसके साथ ही एम्स में और भी विविध सुविधाएं शुरू हुई हैं, जिससे इलाज के लिए आए मरीजों और उनके परिजनों को लाभ सुविधा होगी। जयराम ने कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल के हितों का भरपूर ध्यान रख रही है। इतने कम समय में एम्स जैसा संस्थान हिमाचल प्रदेश जैसे छोटे राज्य में खुलना और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैश होना किसी सपने के जैसा लगता है। यह सब हिमाचल प्रदेश में हिमाचल वासियों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूती देने की वजह से ही संभव हुआ। इतने कम समय में एम्स बिलासपुर को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने के पीछे हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का बहुत बड़ा योगदान है। केंद्र सरकार के मार्गदर्शन में आईजीएमसी में भी पूर्व सरकार के समय ही पेट-स्कैन मशीन लगाने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। जरूरी आधारभूत ढांचे का निर्माण भी शुरू हो गया था, लेकिन वर्तमान सरकार ने सारी प्रक्रिया रोक दी और अब दो साल से बस घोषणाएं ही की जा रही हैं।

**अत्याधुनिक सुविधाओं के लिए प्रधानमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री का जताया आभार, प्रदेशवासियों को दी बधाई**

# चोरी करने के दोषी को 45 हजार का जुर्माना और 7 साल की सजा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय संख्या III, हमीरपुर शाविक घई की अदालत ने चोरी के मामले में एक व्यक्ति को 7 साल की सजा और 45000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

अदालत ने बीएनएस की धारा 331(4) के तहत 3 साल का कठोर कारावास और 30,000 रुपए का जुर्माना व जुर्माना अदा न करने पर 6 माह का साधारण कारावास, बीएनएस की धारा 305 के तहत 3 वर्ष का कठोर कारावास व 10,000 रुपए का जुर्माना तथा जुर्माना अदा न करने पर 6 माह का साधारण कारावास तथा बीएनएस की धारा 62 के तहत 1 वर्ष का कठोर कारावास तथा 5,000 रुपए का जुर्माना तथा जुर्माना अदा न करने पर 6 माह का साधारण कारावास की सजा सुनाई है। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। अदालत ने आरोपी व्यक्ति शिव कुमार पुत्र गौरी शंकर निवासी जिला हमीरपुर को भारतीय नव्वा संहिता 2023 की धारा 331(4), 305, 62 के तहत दंडनीय अपराधों के लिए दोषी ठहराया है।



मामले के संक्षिप्त तथ्य यह हैं कि 14 अगस्त, 2024 को सुबह लगभग 3:00 से 4:00 बजे सुजानपुर स्थान पर आरोपी ने गौरव चौधरी के घर में चोरी करने का प्रयास किया और उसी रात उसने रवि दत्त के घर से 21,000 रुपए की चोरी भी की। यह मामला थाना सुजानपुर, जिला हमीरपुर में एफआईआर संख्या के तहत दर्ज किया गया था। 52/2024 दिनांक 14 अगस्त, 2024 भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 331(4), 305, 62 के अंतर्गत। यह मामला एफआईआर दर्ज होने के 7 महीने के भीतर तय किया गया है और यह एलडी मजिस्ट्रेट, कोर्ट नंबर III से बीएनएस के तहत पहली सजा है। जांच पूरी होने के बाद, पुलिस द्वारा एलडी मजिस्ट्रेट के समक्ष आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया है। मामले की सुनवाई रितिका तेजता, एलडी एपीपी हमीरपुर द्वारा की गई।

# शिक्षा का व्यक्तित्व निर्माण में अहम योगदान: धर्माणी

## एमसीएम डीएवी कॉलेज कांगड़ा के वार्षिक समारोह में बोले तकनीकी शिक्षा मंत्री

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

शिक्षा, व्यक्ति विशेष ही नहीं समूचे समाज व राष्ट्र निर्माण की उन्नति का आधार है। शिक्षा का व्यक्तित्व निर्माण में अहम योगदान है। यह बाते शुक्रवार को तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने एमसीएम डीएवी कॉलेज कांगड़ा के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए बोली। इस अवसर पर उपाध्यक्ष एचआरटीसी अजय वर्मा बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। राजेश धर्माणी ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को उद्योगों से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है।

कार्यक्रम की शुरुआत में एमसीएम डीएवी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए डी.ए.वी. संस्थान की गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य के युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमशीलता की ओर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट उप योजना' की शुरुआत की है। इस योजना के माध्यम से राज्य के युवा नए औद्योगिक उद्यम स्थापित कर सकेंगे और अपने व्यवसाय को सशक्त बना पाएंगे। इस अवसर पर एसडीएम कांगड़ा इशांत जस्वाल, कांग्रेस कार्यकर्ता नागेश्वर मनकोटिया, कांता सरोज, राकेश महाजन, अध्यक्ष व्यापार मंडल वेद प्रकाश वर्मा, पार्षद अशोक शर्मा, समाजसेवी अमित वर्मा, कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद चमन लाल कपूर, कॉलेज के समस्त सभी आचार्य, सहायक आचार्य, अभिभावक और बड़ी संख्या में कॉलेज के विद्यार्थीयों सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



### अजय वर्मा ने नशे से दूर रहने का किया आह्वान

**इससे** पहले उपाध्यक्ष एचआरटीसी अजय वर्मा ने शिक्षकों तथा अभिभावकों से बच्चों को नशे से दूर बनाए रखने के लिए भी सकारात्मक कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने और पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक तथा अन्य सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया।

### अगले सत्र से शुरू की जाएंगी एमसीए की कक्षाएं

**राजेश** धर्माणी ने कहा कि प्रदेश में सरकारी शिक्षण संस्थानों के साथ-साथ निजी शिक्षण संस्थान भी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभा रहें है। उनमें से डीएवी संस्था भी एक है। उन्होंने कहा कि डीएवी शिक्षा संस्थान ने राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में अहम योगदान दिया है। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि अगले सत्र से डीएवी कॉलेज में एमसीए की कक्षाएं शुरू की जाएंगी।

# प्रदेश में 10 ग्रामीण सड़क परियोजनाओं के लिए 109 .3 करोड़ स्वीकृत: विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान, शिमला।**

**लोक** निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शुक्रवार को बताया कि परियोजना आंतरिक स्वीकृति समिति की 141वीं बैठक में हिमाचल प्रदेश के छह जिलों में 10 ग्रामीण सड़क परियोजनाओं के लिए आरआईडीएफ के अंतर्गत 109.3 करोड़ रुपये की धनराशि को स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि यह परियोजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क और परिवहन सुविधाएं प्रदान करने में सहायक साबित होंगी, जिससे प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग लाभान्वित होंगे।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि सीएम सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश सरकार राज्य का समग्र विकास सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वीकृत परियोजना में जुनाला-करलोटी-छट-बरथिन सड़क, टिक्कर-मनोह वाया जखयोल-रमेहरा-सुलखान-धीरवी सड़क तथा रोहड़ू-चिड़गांव-डोडरा क्वार सडक का उन्नयन शामिल हैं। इसके साथ पीरसलूही (कांगड़ा) से किटपल (हमीरपुर), पुयाद से टिक्करी वाया धारली और थाथर त्रिपाल से मेहवा पंचायत, शहीद तेजसिंह स्मारक जट्टा रा नाला से कुकरी गलू वाया हरिजन बस्ती सलूण, कटलूण और छमयार सड़क शामिल है। उन्होंने कहा कि एक प्रमुख परियोजना के तहत नेहवाट, नयासर, घैणी और देवीधार को जोड़ने वाला 35 मीटर स्पैन पुल का निर्माण भी शामिल है।

इसके अलावा कांशीवाला से बिरोजा फैक्ट्री वाया जाबल का बाग, कनोल लग और बटूनी मैटलिंग टारिंग वाली सड़क को मंजूरी दी गई है। मंत्री ने कहा कि यह परियोजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर संपर्क सुविधा सुनिश्चित करने के साथ-साथ लोगों को कृषि उत्पाद, दैनिक आवश्यक वस्तुओं और सार्वजनिक परिवहन की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करेगी। लोक निर्माण मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक औपचारिकताओं के पूरा होने के उपरान्त एक माह के भीतर निर्माण कार्य शुरू किए जाएं और इन परियोजनाओं में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित कर परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा किया जाए।



**लोक निर्माण मंत्री बोले- परियोजना आंतरिक स्वीकृति समिति की 141वीं बैठक में मिली मंजूरी**

### मैं तिब्बत और निर्वासन में तिब्बतियों की मदद करने में सक्षम: दलाई लामा

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज।** नए वुड-स्नेक वर्ष के मौके पर मैक्लोडगंज स्थित नामग्याल मठ के भिक्षुओं और पूर्व भिक्षुओं द्वारा दलाईलामा के लिए उनकी दीर्घायु के लिए प्रार्थना की। यह समारोह दलाईलामा के निवास पर पुराने महल के हॉल में हुआ। इस दौरान दलाईलामा ने कहा कि आपने मेरे साथ अपने आध्यात्मिक बंधन को मान्यता देते हुए अटूट विश्वास के साथ ऐसा किया है। उन्होंने कहा कि मैं दुनिया के लोगों को काफी हद तक लाभान्वित करने में सक्षम रहा हूं। इसके अलावा मुझे लगता है कि मैं तिब्बत के अंदर और निर्वासन में तिब्बतियों की मदद करने में सक्षम रहा हूं, जो मैंने ईमानदारी से सलाह और निर्देश दिए हैं।



### राष्ट्रीय परिसंवाद के शुभारंभ अवसर पर किया पुस्तक का विमोचन

**अनंत ज्ञान।** प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में इतिहास विभाग के सौजन्य से दो दिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। जिसमें क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक प्रोफेसर कुलदीप अत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर इतिहास विभाग द्वारा संपादित अक्तूबर 2024 में आयोजित राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस की प्रोसिडिंग बुक का मुख्यअतिथि ने विमोचन किया। संगोष्ठी के आयोजन सचिव राजेंद्र शर्मा ने बताया कि 8 मार्च को ऑनलाइन माध्यम से 70 से अधिक विद्वान शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे।




# समाज की बेड़ियां तोड़ पहाड़ की पहली महिला टैक्सी ड्राइवर बनीं मीनाक्षी नेगी



- बुलंद इरादों के साथ कड़ी मेहनत कर जगाई अलख
- परिवार व रिश्तेदारों के विरोध के बावजूद अपने पैरों पर खड़ा होकर दिखाया
- आज हिमाचल प्रदेश से बाहर चंडीगढ़ और दिल्ली तक ले जाती हैं टैक्सी

बुलंद इरादे हों, कुछ कर गुजरने का जज्बा हो और अपने पर भरोसा हो, तो मंजिलें उन्हें मिलकर ही रहती हैं। पुरुष प्रधान समाज में हुंनरबाज महिलाओं ने कई मिथक तोड़े हैं, कई रूढ़िवादी जंजीरों को लांघा है। जमीन से लेकर आकाश तक उड़ान को साधा है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर ऐसी महिलाएं समाज की उन औरतों के लिए प्रेरणादायक हैं, जो अभी भी समाज के डर से उसी पुरानी परिपाटी पर चल रही हैं, जो उनके लिए बड़े-बुजुर्गों ने तय कर रखा है। ऐसी ही एक चर्चित महिला को हम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर याद करना नहीं भूलते, जो अपने बुलंद हौसलों से अपने लिए तरक्की के द्वार खोलती है और अपने लिए अलग से एक राह बनाती है। तमाम विरोधाभासों के बाद आज वह महिला शिमला की एक नामी टैक्सी ड्राइवर हैं और भविष्य में भी शिमला के अंदर महिला टैक्सी यूनियन खोलने का इरादा रखती है।

जी हां, ऐसी ही निडर महिला किन्नौर जिला की मीनाक्षी नेगी हैं, जो शिमला के पंथाघाटी में रह रही हैं। इनकी दो बेटियां हैं। उनके पति कोर्ट में नौकरी करते हैं। अब यह अपनी बेटियों के लिए रोल मॉडल बन गई हैं। शौकिया तौर पर गाड़ी चलाने वाली इस महिला ने सड़क पर टैक्सी चलाने की ठानी और अतिरिक्त आय का जरिया भी खोजा। इस काम में चुनौतियां बहुत थीं। पहले परिवार से ही विरोध की चिंगारी भडकी। सबसे पहले पति ही विरोध में उतर आए। पूरे पांच माह तक परस्पर बातचीत बंद रही। मगर, मीनाक्षी ने हिम्मत नहीं हारी। वह टैक्सी ड्राइवर के रूप में सड़कों पर दौड़ती रही। अपने कैब से सवारियां ले जाने के प्रयास में जुट गई। हालांकि, इसमें भी उनको दिक्कतें झेलनी पड़ीं। पुरुष या महिला कोई भी इनकी टैक्सी में बैठने से बचते थे, लेकिन आज उनकी टैक्सी शिमला व इससे बाहर की सड़कों पर दौड़ती है और अपने लिए अतिरिक्त आर्थिक संसाधन भी जुटा रही है। मीनाक्षी नेगी कहती हैं कि जमाने की परवाह किए बगैर उन्होंने 2019 में टैक्सी चलाना शुरू किया। आज वह शिमला लोकल के अलावा पूरे हिमाचल, चंडीगढ़ और दिल्ली तक टैक्सी चलाकर घर का खर्च चलाने में अपने पति का हाथ बटा रही हैं। आज उनकी दोनों बेटियां शहर के नामी स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। हालांकि, कोरोना काल में उन्हें बेहद कडे संघर्ष से गुजर पड़ा, मगर उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। उनके मुताबिक उनके पति व उनकी दोनों बेटियों ने उनका भरपूर साथ दिया। हां, रिश्तेदारों से किंतु-परंतु का दौर जरूर चला रहा, मगर फिर भी अंततः अब सब कुछ ठीक-ठाक हो गया है।

प्रस्तुति : सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

# मधुरवीणा ने रिश्तों की डोर नहीं होने दी कमजोर

- शोषित महिलाओं को न्याय दिलाने में निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका
- दांपत्य संबंधों की कटती डोर को कटने से बचाने का कर रहीं काम



पति-पत्नी का रिश्ता विश्वास की डोरी से बंधा होता है और अगर इस रिश्ते में विश्वास की गाड़ी जरा सी भी डगमगाई, तो फिर रिश्ते के टूटने में देर नहीं लगती और पूरा परिवार ताश के पत्तों की तरह बिखर जाता है। रिश्तों की इस टूटती डोर को कमजोर होने और टूटने से बचाने के अलावा महिला हिंसा रोकने का कार्य कर रही है जिला कुल्लू की प्रसिद्ध समाजसेवी मधुरवीणा।

मधुरवीणा महिला अधिकारों के प्रति और शोषण के खिलाफ भी जागरूकता की अलख जगा रही हैं। यही नहीं मधुरवीणा महिला सशक्तिकरण, दिव्यांगों व बेसहारा बच्चों के उत्थान के साथ-साथ पिछले कई सालों से सरकार और किसान-बागवानों के बीच का जरिया बनकर उन्हें सरकारी योजनाओं के बारे में भी जागरूक कर रही है। जिला कुल्लू की लगघाटी के धाराबाग गांव में तेज राम व तेजी देवी के घर 23 मार्च 1966 को जन्मी मधुरवीणा ने 1990 से महिला कल्याण मंडल कुल्लू संस्था का गठन कर समाजसेवा की शुरुआत की। बकौल मधुरवीणा बचपन में गांव की महिलाओं द्वारा आपस में महिला हिंसा या पति पत्नी के लड़ाई झगड़ों को लेकर कई किस्से सुनती थी और उसके बाद महिलाओं को न्याय दिलाने और इन टूटते रिश्तों को जोड़ने को लेकर कार्य करने की मन में ठान ली थी।

कुल्लू के सरवरी में स्थित महिला कल्याण मंडल की निदेशक व परामर्शदाता मधुरवीणा ने पिछले 32 वर्षों में घरेलू हिंसा, वैवाहिक जीवन में आपसी मतभेद, मानसिक, शारीरिक और मौखिक यातना व आर्थिक संकट के कुल 3291 मामलों को निपटाया है जो कोर्ट में भी नहीं सुलझ पाए थे।

## चंद्रआभा ब्लाइंड संस्था की हैं सह संस्थापक

मधुरवीणा चंद्रआभा ब्लाइंड संस्था की सह संस्थापक भी हैं और संस्था की संस्थापक स्व. चंद्रआभा के साथ मिलकर दृष्टिबाधित बच्चों के लिए सरवरी में स्कूल की स्थापना की। अब इसके प्रबंधन में योगदान के साथ इन बच्चों को उच्च व व्यवसायिक शिक्षा दिलाने में भी कार्य कर रही हैं।

## मिल चुके हैं कई सम्मान

**मधुरवीणा** को 2007 में जिला कल्याण विभाग कुल्लू, 2012 में राज्य समाज कल्याण बोर्ड, ठाकुर वेदराम मैमोरियल सोसायटी की ओर से 2015 में और केयर हिमालय की ओर से 2018, जबकि महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से महिला दिवस पर 2012 में जिला स्तरीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। इन्हें 2023 में नारी तू नारायणी अवॉर्ड भी मिल चुका है।

## समाजसेवी मधुरवीणा खुद निपटाती हैं 80 फीसदी मामले

**मधुरवीणा के** अनुसार अगर कहीं दांपत्य संबंधों की डोर कट रही है तो वे या तो कोर्ट की शरण में जाते हैं या फिर महिला कल्याण मंडल कुल्लू की दहलीज पर कदम रखते हैं। उन्होंने बताया कि परामर्श केंद्र में ऐसे मामलों को वह कार्उंसिलिंग के जरिए और साथ ही गांव-गांव में जाकर उन मामलों के संबंध में पूरी छानबीन करके मामलों का निपटारा करती हैं। वह 80 फीसदी मामले स्वयं निपटाती हैं। 20 फीसदी मामले ऐसे होते हैं, जो काफी मुश्किल होते हैं और उन्हे सुलझाने के लिए परिवार परामर्श केंद्र भी कुछ नहीं कर पाते।

## पिछले 30 वर्ष में अब तक 3291 मामलों का कर चुकी हैं निपटान

**काउंसलर** मधुरवीणा पिछले 30 वर्ष से अभी तक घरेलू हिंसा-1847, वैवाहिक जीवन में आपसी मतभेद के 478, नशा सेवन 411, मानसिक, शारीरिक और मौखिक यातना के 330, आर्थिक संकट 232 मामलों का समाधान कर कई परिवारों को आपस में जोड़ चुकी हैं। पहले जहां वह अकेले ही कार्य कर रही थी वहीं, अब एक और महिला शम्मी परामर्शदाता भी उनके साथ कार्य कर रही हैं, जबकि संस्था के अन्य सदस्य ललिता शर्मा, ईशरा देवी, कौशल्या भागीरथ और नीलम उपाध्याय भी उनके साथ जुड़ी हैं। वह आंगनबाड़ी वर्कर, पंचायत प्रतिनिधियों की भी सहायता लेती हैं।

प्रस्तुति : कमलेश वर्मा, कुल्लू

# कबड्डी में गोल्ड मेडलिस्ट ज्योति ठाकुर



**एशियन** गेम्स में कबड्डी में गोल्ड मेडल जीतने वाली दंघील पंचायत के जखेड़ गांव की बेटी ज्योति ठाकुर का चयन एक बार फिर से सीनियर नेशनल कबड्डी के लिए हुआ है। वह हिमाचल सिनियर कबड्डी टीम से खेलेगी। ज्योति ठाकुर हाल ही में उत्तराखंड में आयोजित नेशनल गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वाली हिमाचल की टीम का भी हिस्सा थी। ग्रामीण पृष्ठभूमि से उभर कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा का लोहा मनवाने के बाद ज्योति ठाकुर अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल का ही नहीं, बल्कि पूरे देश का नाम चमकाने को आतुर है।

बता दें कि चीन के होंगझाउ में आयोजित 19वें एशियाई खेलों में महिला कबड्डी टीम स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया था। इस टीम में सोलन की खिलाड़ी ज्योति ठाकुर भी शामिल थीं। गर्व की बात यह है कि इस टीम में हिमाचल प्रदेश की पांच महिला खिलाड़ी शामिल थीं। इनमें टीम कैप्टन रितु नेगी, जो हिमाचल की बेटी और हरियाणा की बहू है। ज्योति ठाकुर का जन्म सोलन जिला के कंडाघाट उपमंडल के जखेड़ गांव में 11 अप्रैल, 1997 को सुरेश ठाकुर और नीता ठाकुर के घर हुआ। ज्योति की बहनों कविता और अर्चना ने भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लिया है। राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र धर्मशाला के प्रभारी राकेश जस्सल ने एशियाई खेलों में भारतीय कबड्डी टीम के स्वर्ण पदक जीतने पर कहा था कि भारतीय टीम में शामिल दो बेटियां पुष्पा राणा और ज्योति ठाकुर राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र साई धर्मशाला की प्रशिक्षु हैं। इन बेटियों ने हिमाचल ही नहीं, पूरे देश का नाम विश्व में ऊंचा किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र साई धर्मशाला को अपने खिलाड़ियों एवं एथलीटों के शानदार प्रदर्शन पर गर्व है।

प्रस्तुति : आर मोहन चौहान, सोलन

# उषा शर्मा ने कोर्ट में लड़ाई लड़कर हासिल किया खोया हुआ गौरव

**पिछले** वर्ष प्रदेश भर में राजनितिक चर्चा में रही नगर निगम सोलन की मेयर उषा शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में लड़ाई लड़कर खोया हुआ गौरव हासिल किया। हार न मानने की जिद्द और अपने अधिकार के प्रति दृढ़ रहने के जज्बे ने उषा शर्मा को दोबारा से नगर निगम के मेयर पद मिल पाया। दरअसल निगम के मेयर पद पर जीत हासिल करने के बाद उन्हें सरकार ने दलबदल कानून का दोषी मानकर उन्हें पार्षद पद के लिए अयोग्य करार दिया। उषा ने हार न मानते हुए प्रदेश हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया पर यहां भी उन्हें स्टे नहीं मिला। लड़ाई स्वाभिमान की थी तो उषा शर्मा ने देश के सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की। सुप्रीम कोर्ट ने इससे राजनीतक गुंडागर्दी करार देते हुए उषा शर्मा के पक्ष में निर्णय देते हुए हुई उन्हें मेयर पद पर बहाल कर दिया। नारी शक्ति के जज्बे की हर किसी ने सराहना की।



# हाथों के हुनर से खत्म होगी बेरोजगारी : अंशुल मल्होत्रा

राष्ट्रपति के हाथों नारी शक्ति अवॉर्ड से सम्मानित टैक्सटाइल इंजीनियर अंशुल मल्होत्रा विभिन्न जिलों के बुनकरों को उनके घर-द्वार पर ही ताना-बाना लगाकर देने के अलावा बुनकरों को डिजाइन उपलब्ध करवाती हैं। ग्रामीण बुनकरों के बनाए उत्पादों को उनके घरों से ही एकत्रित बाजार में लाया जाता है। काम करने वाले बुनकारों में अधिकांश महिला बुनकर हैं, जो परिवार में बच्चों, बुजुर्गों की देखभाल के साथ ही खेती-बाड़ी, पशुपालन आदि कार्यों को पूरा करने के अतिरिक्त घर पर बुनाई कार्य भी कर रही हैं। कृष्णा वूल को अपने बेहतर उत्पादों के लिए सूरज कुंड मेले में दो मर्तबा कला मनी और एक बार कला निधि अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। इसके अलावा कृष्णा वूल ने हैंड स्पीनिंग तथा डिजाइनिंग में मेक इन इंडिया के तहत 'जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट' में हिमाचल के लिए प्रथम पुरस्कार हासिल किया है, जिससे न केवल हिमाचल के ऊनी उत्पादों को बाजार में लोकप्रियता मिली, बल्कि युवा बुनकरों को प्रोत्साहन भी मिला।



**ग्रामीण बुनकरों को बना रही आत्मनिर्भर**

आज हथकरघा उद्योग को बड़ा बाजार देने वाले परिवार की तीसरी पीढ़ी मंडी टैक्सटाइल इंजीनियर अंशुल मल्होत्रा कई ग्रामीण बुनकारों को जीवन यापन का ताना-बाना सीखा रही हैं। अंशुल ने अपने दादा और पिता से विरासत के रूप में प्राप्त हुनर से आज हथकरघा उद्योग में नाम कमाया है। वर्ष 2012 को राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के हाथों से शिल्प गुरु अवॉर्ड से सम्मानित पिता ओम प्रकाश मल्होत्रा के सहयोग से न केवल स्वयं आत्मनिर्भर हुई, बल्कि अनेक महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया और कृष्णा वूल के बैनर तले लाहौल-स्पीति, कुल्लू, किन्नौर, मंडी के बुनकरों के साथ जुड़ कर अपने सपनों को उड़ान दी। आज 12 देशों में इनका बनाया उत्पाद बेचा जा रहा है।

प्रस्तुति : अनिल शर्मा, मंडी

## 12 देशों को एक्सपोर्ट हो रहे ऊनी उत्पाद

**अंशुल** मल्होत्रा का कहना है कि बुनकर होना अपने आप में संस्कृति व विरासत से जुड़ा एक बहुत बड़ा हुनर और कमाई का जरिया है। ग्रामीण युवाओं के इस क्षेत्र से जुड़ने से न केवल इस पारंपारिक कौशल को विस्तार व संरक्षण मिलेगा। मल्होत्रा ने बताया कि पशमीना, अंगोरा वूल तथा भेड़ की ऊन, नेचुरल डाई, नेचुरल फाईबर पर आधारित होने के कारण उनके यहां बने ऊनी उत्पाद सीधे 12 देशों के लिए एक्सपोर्ट हो रहे हैं, जिसका लाभ ग्रामीण बुनकरों को मिल रहा है।

# हिमाचल की बेटी ललिता दिल्ली में सम्मानित

## सिरमौर जिले की रहने वाली हैं राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी ललिता ठाकुर



**सिरमौर** जिला की राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी ललिता ठाकुर को दिल्ली में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। ललिता ठाकुर ने 2008 में कबड्डी खेलना शुरू किया और तब से उन्होंने हिमाचल प्रदेश के लिए कई पदक जीते हैं। वह 2017 के फेडरेशन कप में हिमाचल महिला कबड्डी टीम की कप्तान भी रही हैं। वह देश के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलकर स्वर्ण पदक जीतना चाहती हैं। नई दिल्ली के प्रधानमंत्री संग्रहालय में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने ललिता ठाकुर को लोकमाता अहिल्याबाई होलकर राष्ट्रीय महिला सम्मान पुरस्कार (कमला पावर वूमेन) से सम्मानित किया गया है।

# जाइका वानिकी परियोजना ने महिलाओं को दिखाई आत्मनिर्भर बनने की राह

जाइका वानिकी परियोजना प्रदेश की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए आत्मनिर्भता की राह दिखाई है। परियोजना के अंतर्गत प्रदेश के 22 वन मंडलों में 920 स्वयं सहायता समूह हैं, जिसमें से 755 स्वयं सहायता समूह महिलाओं के हैं। वर्ष 2018 में हिमाचल प्रदेश में जापान इंटर नैशनल को-ओपरेशन एजेंसी के तहत जाइका वानिकी परियोजना शुरू हुई। आज हिमाचल प्रदेश की हजारों महिलाएं इस परियोजना से जुड़ कर अपनी आजीविका में सुधार के साथ-साथ आर्थिकी को मजबूत कर रही हैं। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए जाइका वानिकी परियोजना उन्हें प्रशिक्षण देती हैं।

## बना रहीं पाइन नीडल प्रोडक्ट्स

**शिमला** के समीप घणाहट्टी में महिलाओं का राधे-कृष्णा स्वयं सहायता समूह पाइन नीडल प्रोडक्ट्स पर कार्य कर रही हैं। ये महिलाएं जनवरी 2021 से पाइन नीडल प्रोडक्ट्स तैयार कर ओपन मार्केट को टक्कर भी दे रही हैं। साथ ही साथ अपनी आर्थिकी में भी बेहतरीन सुधार कर रही हैं। अब तक इन महिलाओं ने 4 लाख से अधिक की सेल कर दी हैं।

## रसायन मुक्त मशरूम की खेती

खड़ापत्थर स्थित शक्ति स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मशरूम की कल्टीवेशन पर काम कर रही हैं। रसायन मुक्त मशरूम की खेती कर आज यहां की महिलाएं खुद का आत्मनिर्भर बनाने में सफल साबित हुई हैं। इस स्वयं सहायता समूह की महिलाएं 7 जून 2022 से इस क्षेत्र में काम कर रही हैं। ये महिलाएं हर साल एक लाख से अधिक के मशरूम की सेल करती हैं।



## हैंडलूम के काम से हो रही कमाई

**वन** मंडल पार्वती के तहत वन परिक्षेत्र जरी में सरस्वति स्वयं सहायता समूह की महिलाएं हैंडलूम का काम कर हैं। इससे अच्छी खासी कमाई हो रही है। कुल्लू शॉल, टोपी, हाफ जैकेट, स्टाल समेत अन्य परिधान तैयार कर अपनी आजीविका में बेहतरीन सुधार कर रही हैं।

# सीमा महाजनः समर्पण-समाजसेवा की मिसाल

हिमाचल प्रदेश की राजनीति और समाज सेवा में अपना महत्वपूर्ण स्थान बना चुकी सीमा चंदेल महाजन न केवल एक कुशल अधिवक्ता हैं, बल्कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सक्रिय नेता व समर्पित समाजसेविका भी हैं। उन्होंने अपने अथक परिश्रम, निष्ठा और समर्पण से समाजसेवा में एक नई मिसाल कायम की है। हिमाचल प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक उन्होंने अपने कार्यों से यह सिद्ध कर दिया है कि ईमानदारी, कड़ी मेहनत और सेवा की भावना से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। उनकी यात्रा युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेंगी और वे समाज एवं राजनीति में अपने योगदान से हिमाचल प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करती रहेंगी।

## शिक्षा और कानूनी करियर

**सीमा** चंदेल महाजन का जन्म और पालन-पोषण हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में हुआ। प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के बाद, उन्होंने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से विधि (एलएलबी) में स्नातक और अंग्रेजी विषय में परास्नातक (एमए) की डिग्री प्राप्त की। शिक्षा के प्रति उनके समर्पण का प्रमाण यह है कि उन्होंने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से बीएड की डिग्री भी हासिल की। कानूनी पेशे में कदम रखने के बाद, सीमा महाजन ने बिलासपुर जिला न्यायालय में तीन वर्षों तक आपराधिक वकील के रूप में कार्य किया। अपनी प्रतिभा, वकालत के प्रति निष्ठा और अद्वितीय कौशल के चलते उन्हें बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा हिमाचल प्रदेश से नामित सदस्य के रूप में चुना गया। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के तहत उन्होंने बॉम्बे और कर्नाटक उच्च न्यायालयों में व्यावसायिक आचरण से संबंधित मामलों में न्यायिक निर्णय दिए, जिससे उनकी प्रतिष्ठा और अधिक बढ़ी।



## राजनीति में योगदान और नेतृत्व क्षमता

**सीमा** चंदेल महाजन ने अपने कॉलेज के दिनों से ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़कर राष्ट्रसेवा और संगठनात्मक कार्यों में रुचि दिखानी शुरू कर दी थी। इस दौरान उन्होंने युवाओं को जागरूक करने और सामाजिक मुद्दों पर सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए संगठन के विस्तार और मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्तमान में वे भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव के रूप में कार्यरत हैं। इस पद पर रहते हुए उन्होंने 'कमल मित्र' कार्यक्रम की प्रदेश प्रभारी के रूप में अपनी विशिष्ट भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में इस कार्यक्रम ने हिमाचल प्रदेश को पूरे देश में प्रथम स्थान दिलाया, जो उनके रणनीतिक कौशल और नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है।

प्रस्तुति : मुकेश कुमार, डलहौजी

## सीमा महाजन की संगठनात्मक जिम्मेदारियां और उपलब्धियां

**सीमा** चंदेल महाजन की संगठनात्मक क्षमताओं के कारण उन्हें भाजपा में कई अहम जिम्मेदारियां सौंपी गईं। उन्होंने लाभार्थी संपर्क अभियान में कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र की प्रभारी के रूप में प्रभावशाली भूमिका निभाई। इसके अलावा, युवती सम्मेलन की प्रदेश प्रभारी के रूप में भी उन्होंने उल्लेखनीय योगदान दिया। वे न केवल हिमाचल प्रदेश, बल्कि जम्मू-कश्मीर और दिल्ली के चुनाव प्रचार में भी सक्रिय रही हैं। उनके प्रचार अभियानों ने भाजपा को विभिन्न चुनावों में महत्वपूर्ण सफलता दिलाने में मदद की है। उनकी रणनीतिक सोच, संगठनात्मक कौशल और जनसंपर्क क्षमता ने उन्हें पार्टी में एक मजबूत और विश्वसनीय नेता के रूप में स्थापित किया है।

## राजनीति और कानून के अलावा समाजसेवा में महत्वपूर्ण योगदान

**राजनीति** और कानून के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के अलावा सीमा चंदेल महाजन समाजसेवा के क्षेत्र में भी अग्रणी रही हैं। वे महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों पर निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने महिला जागरूकता अभियान, गरीबों के उत्थान, और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए अनेक प्रयास किए हैं। उनकी समाज सेवा की भावना उनके कार्यों में स्पष्ट रूप से झलकती है। वे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और समाज में समान अधिकार दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री सुक्खू आज चंबी में करेंगे जनसभा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान शनिवार को शाहपुर के चंबी में महिला दिवस के मौके पर जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री का हैलिकॉप्टर सुबह 11:30 पर कांगड़ा हवाई अड्डे पर उतरेगा। उसके बाद मुख्यमंत्री का काफिला कांगड़ा हवाई अड्डे से चंबी के लिए रवाना हो जाएगा। यहां पर मुख्यमंत्री विभिन्न विकासनात्मक परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे और उसके उपरांत उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे।

### बिना वेतन काम लेना चाह रही सरकार : सुधीर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के विधायकसुधीर ने कहा कि जहां पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने प्रदेश की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए प्रदेश में नो वर्क नो पे का नारा दिया। अब सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वर्क विदाउट पे व रिटायर विदाउट पेंशन ही लागू कर दिया है। कर्मचारियों के शोषण वाली सरकार बिना वेतन के कर्मचारियों से काम लेना चाहती है। वहीं, ओपीएस का नारा देकर सत्ता सीन हुई कांग्रेस अब रिटायरमेंट विदाउट पेंशन वाली सरकार बन गई है। कांग्रेस ने प्रदेश को ऐसे आर्थिक संकट में लाकर खड़ा कर दिया है कि प्रदेश में सरकार फाइनेंशियल एमरजेंसी के कारण स्वयं ही गिर जाएगी। शुक्रवार को ग्राम पंचायत पद्दर में महिला मंडल भवन का शिलान्यास करने के बाद विधायक सुधीर शर्मा ने जन सभा को संबोधित करते हुये कहा कि चुनाव के समय झूठे वादे और फ्रॉम भरवाकर प्रदेश की सत्ता में आई सरकार अब सभी वादों से मुकर रही है।

### दाड़ी फीडर के तहत 10 को बिजली बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल-2 धर्मशाला के सहायक अभियंता रमेश चंद ने बताया कि 10 मार्च (सोमवार) को विद्युत लाइनों के सामान्य रख-रखाव के चलते 11 केवी दाड़ी फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों दाड़ी बाजार, आईटीआई, धौलाधार कॉलोनी, लोअर व अप्पर बड़ोल, रेनबो स्कूल, स्टेडियम रोड, कश्मीरी कॉलोनी, लोअर दाड़ी तथा साथ लगते क्षेत्रों में दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### होली के दिन रिलीज होगी काव्य की 'हैप्पी होली'

**अनंत ज्ञान, कोटला।** उपमंडल जवाली के दरकाटी गांव की काव्य वर्षा लेखन क्षेत्र का अब एक बहुत बड़ा नाम बन चुकी हैं। एक के बाद एक उनकी लिखी कहानी पर फिल्म बनना और फिल्म को अवॉर्ड मिलना कोई आम बात नहीं है, इसके लिए बहुत मेहनत लगती है। यह काव्य वर्षा अपने कार्य से सिद्ध कर चुकी हैं। उनकी एक और फिल्म रिलीज के लिए तैयार है जिसका नाम है 'हैप्पी होली'। इसकी शूटिंग भी तल्ला का तालाब और रेहन के आसपास के क्षेत्र में की गई है। फिल्म 14 मार्च को रिलीज होगी।

### सीएसयू में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी सप्तसिंधु संवाद: भारत के भू-सांस्कृतिक प्रत्यभिज्ञान का शुक्रवार को समापन कर दिया गया। यह संगोष्ठी सेंट्रल यूनिवर्सिटी के इतिहास विभाग के सहयोग से संपन्न हुई। बुधवार को शुरू हुई इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि मुकुल कानिटकर (अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) ने ऑनलाइन माध्यम से सप्तसिंधु क्षेत्र की सांस्कृतिक व ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डाला।

### सीआरपीएफ सहायक कमांडेंट देसराज रिटायर

**अनंत ज्ञान, जवाली।** जवाली उपमंडल के चलवाड़ा गांव के सीआरपीएफ में तैनात देसराज ने देश की सेवा के लिए 41 वर्ष 9 महीने समर्पित कर सहायक कमांडेंट के पद पर पलुस सिग्नल बटालियन चंडीगढ़ से सेवानिवृत हुए। सहायक कमांडेंट देसराज जब अपने गांव में सेवानिवृत होकर पहुंचे तो लोगों का खुशी का ठिकाना ना रहा। लोगों ने ढोल नगाड़ों को पटाखे फोड़ कर सहायक कमांडेंट देसराज की सेवानिवृत्ति का जश्न मनाया।

# जन औषधि केंद्रों में उपलब्ध हैं 2 हजार प्रकार की दवाएं : भारद्वाज

## 7वें जन औषधि दिवस कार्यक्रम में सांसद डॉ. राजीव और इंदु गोस्वामी ने की शिरकत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा शुक्रवार को जोनल अस्पताल धर्मशाला के सभागार में 'प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना' के अंतर्गत 7वां जन औषधि दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज एवं राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने की। डॉ. राजीव भारद्वाज ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर इस योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाने और जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में हर साल 7 मार्च को जन औषधि दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि जन



औषधि दिवस मनाने का उद्देश्य सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण दवाइयां मुहैया कराना है।

डॉ. भारद्वाज ने बताया कि जिला कांगड़ा में 19 तथा जिला चंबा में 3 जन औषधि चल रहे हैं। इन जन औषधि केंद्रों 2000 प्रकार की दवाइयां तथा 300 सर्जिकल उत्पाद 50 से 80 प्रतिशत कम मूल्य पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत योजना चलाई है जिससे अधिकतर आम लोगों को लाभ पहुंचा है।

### फोरलेन से प्रभावित चार पंचायतों का किया दौरा

**कांगड़ा।** कांगड़ा चंबा सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में निर्माणधीन मटौर-शिमला फोरलेन से प्रभावित चार पंचायतों का दौरा कर स्पॉट विजिट किया। सबसे पहले कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ताकीपुर पंचायत का दौरा किया वहां पर ग्रामीणों ने राजकीय डिग्री कॉलेज के पास फुटओवर ब्रिज बनाने की मांग रखी सांसद भारद्वाज विभागीय अधिकारियों की टीम के साथ कुल्फी पंचायत पहुंचे यहां पर पंचायत प्रधान ममता भंडारी ने पंचायत को फोरलेन से जोड़ने के लिए अंडरपास बनाने का आग्रह किया।

### पुलिस भर्ती में पूर्व सैनिकों को क्यों नहीं दिया मौका : प्रवीण

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीण कुमार ने पुलिस भर्ती में 123 पूर्व सैनिकों की भर्ती को लेकर हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक रोजगार कक्ष द्वारा जो निर्णय बदला गया उस पर कड़ा ऐतराज जताया है। पूर्व विधायक ने कहा कि यह पुलिस महानिदेशक द्वारा पूर्व सैनिकों की पात्रता पत्र के साथ घिनोना मजाक है। प्रवीण कुमार का आरोप है कि पहले हिप्र पूर्व सैनिक रोजगार कक्ष हमीरपुर ने फाइल नंबर डीएसडब्ल्यूईएमपी एक्स - सेल 6-2/ 2011 दिनांक 1 जनवरी, 2025 के तहत 1 जनवरी, 2022 से 1 जनवरी 2024 तक के पूर्व सैनिकों से स्क्रीनिंग डॉक्यूमेंट आमंत्रित किए। फिर पता नहीं किस दबाव के चलते हिप्र पूर्व सैनिक रोजगार कक्ष हमीरपुर ने इस पुलिस कांस्टेबल भर्ती से पूर्व सैनिकों को वंचित कर दिया गया, जो कि पुलिस विभाग की पूर्व सैनिकों के पात्रता नियम पत्र के साथ कथित मजाक ही नहीं, बल्कि दाल में कुछ काला नजर आ रहा है।

## हैप्पी बर्थडे



शाहीनगर के अंकित बजीर को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सएप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### कृषि मंत्री ने जवाली रेस्ट हाउस में सुनीं लोगों की समस्याएं



**अनंत ज्ञान, जवाली।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसानों और पशुपालकों के हित में विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें। कृषि मंत्री शुक्रवार को जवाली रेस्ट हाउस में जनसमस्याएं सुनने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि कृषि और पशुपालन क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए प्रदेश सरकार अनुदान आधारित कई योजनाएं चला रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। प्रदेश सरकार पशुपालकों से एमएसपी पर गाय-भैंस का दूध तथा किसानों से एमएसपी पर प्राकृतिक रूप से उगाई गई गेहूं व मक्की की खरीद कर रही है। चंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है। स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए स्टार्टअप, स्वयं सहायता समूहों और स्वरोजगार योजनाओं के तहत ऋण एवं अनुदान की व्यवस्था की गई है।

## जवान अनिकेत की चिता को बहन ने दी मुखाग्नि



**अनंत ज्ञान, जवाली**

जवाली विधानसभा क्षेत्र के अधीन पंचायत अमलेला का 25 वर्षीय सैनिक अनिकेत कैंसर की बीमारी से लड़ते-लड़ते अपनी जिंदगी की जंग हार गया। अनिकेत का जन्म वर्ष 2000 में अमलेला निवासी राकेश कुमार व नीलम के घर हुआ था। अनिकेत के पिता दर्जी का काम करते हैं और माता नीलम देवी आंगनबाड़ी वर्कर हैं। वर्ष 2019 में अनिकेत 21डोगरा में बतौर सिपाही भर्ती हुआ तथा लेह-लद्दाख में तैनात था। वह पिछले आठ माह से आर्मी अस्पताल दिल्ली में उपचाराधीन था। 6 मार्च को देर सायं जवान ने अंतिम सांस ली। शुक्रवार को शहीद जवान की पार्थिव देह उनके घर पहुंची तो हर तरफ चीखो-पुकार मच गई। माता-पिता, बहन सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हुआ। आर्मी की टुकड़ी ने हवा में फायर दाग कर अंतिम सलामी दी। जवान की बहन आकांक्षा ने अपने भाई की चिता को मुखाग्नि दी। इस मौके पर तहसीलदार नगरोटा सूरियां शिखा, भाजपा नेता संजय गुलेरिया, अमलेला पंचायत पूर्व प्रधान प्रभात सिंह सहित काफी लोगों ने शहीद की अंतिम यात्रा में शिरकत की।

### स्विच ऑफ करने के बाद भी जल रहे बल्ब

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** विद्युत विभाग उपमंडल फतेहपुर के तहत पड़ती पंचायत भाटियां के गांव भाटी मिन्हासां, भाटी हड़ियालचां, भाटी रियालां में स्विच ऑफ करने के बाद भी बल्ब मध्यम रोशनी दे रहे हैं। इस कारण क्षेत्र में करंट का खतरा बना हुआ है। इसी विषय पर स्थानीय प्रकाश चंद, केवल सिंह सहित अन्य ने बताया कि पिछले करीब दो-ढाई माह से उक्त समस्या बनी हुई है। बताया बल्ब क्या फ्रिज भी स्विच ऑफ करने के बाद चल रहे हैं। वहीं लोहे की लगाई गई ग्रिलों में भी करंट आ जाता है। उन्होंने कहा घरों में छोटे -छोटे बच्चे है जो कभी भी खेलते समय करंट की चपेट में आ सकते हैं। उन्होंने विभाग से अपील की है कि ट्रांसफार्मर से पैदा हो रही उक्त करंट की समस्या को खत्म किया जाए। इस बारे में एसडीओ अभिजीत सिंह के साथ बात की तो उन्होंने कहा कि जेई की स्थिति का जायजा लेने के निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही समस्या हल कर दी जाएगी।

## पुलिस ने चार युवकों से बरामद किए 2088 प्रतिबंधित कैप्सूल

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



कांगड़ा पुलिस ने नशे के कारोबारियों पर शिकंजा कसते हुए पुलिस थाना कांगड़ा के तहत 2088 ट्रामाडोल कैप्सूल रखने के आरोप में चार युवकों को गिरफ्तार किया है। एसआई योगेश कुमार, अतिरिक्त एसएचओ कांगड़ा की देखरेख में कांगड़ा पुलिस स्टेशन की एक टीम नियमित गश्त पर थी और कांगड़ा के पास हनुमान मंदिर में नाका लगाया था। इस दौरान एचपी 68ए 4199 नंबर वाली एक संदिग्ध सफेद रंग की गाड़ी ने नाका तोड़ दिया। कार के अंदर चार लोग बैठे थे और संदिग्ध लग रहे थे। कार की जांच करने पर वाहन के अंदर 10 बक्से पाए गए, जिनमें प्रतिबंधित प्रॉक्सीवॉन स्पा और स्पैस्मो प्रॉक्सीवॉन के 2088 कैप्सूल थे। इन कैप्सूलों के स्टॉक, बिक्री और खरीद से संबंधित कोई कागज नहीं था और परिणामस्वरूप वाहन के अंदर बैठे सभी चार व्यक्तियों पर एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। चारों आरोपी योल के निवासी हैं। गिरफ्तारियों के तुरंत बाद योल में उनके घरों पर छापे मारे गए। एक आरोपी के घर पर छापेमारी के दौरान बेड बॉक्स से 283 ट्रामाडोल कैप्सूल मिले। पीएस धर्मशाला में एनडीपीएस अधिनियम के तहत एक और मामला दर्ज किया गया। चारों को आज स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा।

### जीजीडीएसडी कॉलेज राजपुर में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

# 18 विद्यार्थियों को मिला रोजगार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज राजपुर में अरविंद फैशन लिमिटेड के सहयोग से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर विभिन्न कॉलेजों के 236 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 142 विद्यार्थियों ने ग्रुप डिस्कशन प्रक्रिया में भाग लिया। इसके बाद चयनित 23 विद्यार्थियों ने साक्षात्कार दिया, जिसमें से 18 विद्यार्थियों को नौकरी के लिए चयनित किया गया। चयनित विद्यार्थियों में जीजीडीएसडी कॉलेज से 12, केएलबी डीएवी कॉलेज से 2, द्रोणाचार्य कॉलेज रैत से 2 और शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा कॉलेज से 2 विद्यार्थी चुने गए। कॉलेज के निदेशक एवं प्राचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने चयनित विद्यार्थियों को



शुभकामनाएं देते हुए अरविंद फैशन लिमिटेड की टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कॉलेज में ही रोजगार के अवसर प्रदान करना हमारा मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी पढ़ाई के साथ-साथ भविष्य निर्माण का सुनहरा अवसर देना है। अरविंद फैशन लिमिटेड की ओर से मि. भरत ऋषि असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट, रिटेल सेल्स, सुश्री सिमरदीप कौर नेशनल हेड, रिटेल सर्विसेज - सेल्स और उनकी टीम ने विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया और उन्हें उद्योग में करियर निर्माण के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इंडस्ट्री में सफलता के लिए कड़ी मेहनत, सही दृष्टिकोण और निरंतर सीखने की भावना आवश्यक है। कॉलेज की ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड एवं कल्चर कोऑर्डिनेटर डॉ. शिल्पी ने प्लेसमेंट ड्राइव को सफल बनाने के लिए कॉलेज प्रशासन, अरविंद फैशन लिमिटेड की टीम एवं सभी आवेदक विद्यार्थियों का धन्यवाद किया।

### भाजपा के सुलह, थुरल व भवारना मंडलों की परिचय बैठक संपन्न

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के सुलह, थुरल व भवारना मंडलों की नवनियुक्त कार्यकारिणियों की एक परिचय बैठक प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन की अध्यक्षता और विधायक विपिन सिंह परमार व कांगड़ा चंबा लोकसभा क्षेत्र के प्रचारक राजपाल की उपस्थिति में संपन्न हुई, जिसमें उन्होंने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से परिचय किया और साथ ही संगठन की मजबूती के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उपस्थित सुलह विधानसभा क्षेत्र के तीनों मंडलों के पदाधिकारियों और सदस्यों से संगठननिष्ठ होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ और पुराने नेताओं और कार्यकर्ताओं का सम्मान भी अति आवश्यक है, क्योंकि इन्हीं वरिष्ठ और पुराने कार्यकर्ताओं के बहुमूल्य योगदान के कारण भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा संगठन बन कर उभरा है।

## रे के जंगलों में दो रातों में खैर के 39 पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

जिला कांगड़ा के वन मंडल नूरपुर के अंतर्गत वन परिक्षेत्र रे के जंगलों में विभागीय मिलीभगत से खैर माफिया द्वारा खैर पर कुल्हाड़ी चलाई जा रही है। वन परिक्षेत्र रे के बन सामलियां, लोहजंग (खटियाड़) धमेटा, वन देवी के जंगलों में खैर माफिया बेखौफ होकर खैरों के पेड़ों पर कुल्हाड़ी चल रही है।



पिछले दो दिन में वन माफिया द्वारा 39 पेड़ों को काट लिया गया है, जबकि एक माह में करीबन 99 पेड़ों पर कुल्हाड़ी चल चुकी है। धमेटा बीट में वनरक्षक आवास से 50 मीटर की दूरी पर रात को खैर के सात पेड़ों, वन सामिया बीट में 38, लोहजंग में 34 और बन देवी के जंगलों में खैर के करीब 20 पेड़ काटे गए हैं। खैर कटान के बाद माफिया खैर के सबसे ऊपरी हिस्से को वहीं फेंक जाते हैं, जिसको भी विभागीय कर्मी गायब कर देते हैं तथा खैर के टूंठों को भी उखाड़ कर नामोनिशान मिटा देते हैं। इस बारे में डीएफओ नूरपुर अमित शर्मा ने कहा कि सूचना के आधार पर एफआईआर दर्ज करवाई गई है। वन विभाग की टीमों द्वारा जंगलों को खंगाला जा रहा है तथा उसके बाद ही फाइनल रिपोर्ट आएगी। उन्होंने कहा कि खैर माफिया को बख्शा नहीं जाएगा।

### शाहपुर में पूर्व अर्धसैनिकों ने मांगों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पूर्व अर्धसैनिक बल कल्याण संगठन जिला कांगड़ा की त्रैमासिक बैठक शुक्रवार को सामुदायिक भवन 39 मील शाहपुर में जिला अध्यक्ष एमएल ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों और समस्याओं पर चर्चा हुई, जिसमें मुख्यतः सीजीएचएस, सीएएपीएफएस आदि अन्य मुख्य मुद्दे रहे। जिला उपाध्यक्ष बलदेव सिंह राणा ने बताया कि वह सभी उपलब्धियां अगले तीन महीना में पूरी होने की संभावना है। जिला अध्यक्ष एमएल ठाकुर ने बैठक में पेंशन कॉम्युटेशन के बारे बताया कि एमएचए के दिशा निर्देश आने के बाद ही लागू होगा। वहीं एमएल ठाकुर ने भूतपूर्व अर्धसैनिक बल की सभी लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग केंद्र व प्रदेश सरकार से करते हुए कहा कि सरकार जिला स्तर पर कल्याण बोर्ड का गठन करे।

### भोडा का अमित टेरिटोरियल सेना में सिलेक्ट



**अनंत ज्ञान, डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव की ग्राम पंचायत भोडा के अमित पटियाल पुत्र स्व. अवतार सिंह पटियाल टेरिटोरियल आर्मी की भर्ती, जोकि पिछले दिनों कालका में हुई थी, में सिलेक्ट हो गया है। अमित ने कहा कि इस भर्ती में लगभग 1200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था, लेकिन इसमें कुल 80 प्रतिभागी ही पास हुए। अमित के प्रशिक्षक यूथ फिटनेस अकादमी होला के डायरेक्टर संजय कुमार ने बताया कि अमित मेरी अकादमी में पिछले दो साल से प्रशिक्षण ले रहा था। उन्होंने कहा कि यूथ फिटनेस अकादमी से ही इसके साथ-साथ कालका में दो और लड़कों ने टेरिटोरियल आर्मी में टेस्ट दिया था, लेकिन वे मेरिट में ना आने की वजह से कामयाब नहीं हो पाए।

### ज्ञान ज्योति बीएड कॉलेज में हुआ विशेष कार्यक्रम

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** ज्ञान ज्योति शिक्षा महाविद्यालय राजोल शुक्रवार को में बीबीए व बीएड विद्यार्थियों के लिए एक्सिस मैक्स लाइफ की तरफ से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एक्सिस मैक्स लाइफ की तरफ से तोशी कपूर, जेनरल हेड अमित विज, निशांत व सौरभ ने विद्यार्थियों ने को रोजगार के अवसर पर प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम के अंत में कॉलेज प्रबंधक वीरेंद्र चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



(अनंत ज्ञान)

### बैजनाथ के विकास में भाजपा का कोई बड़ा योगदान नहीं : रविंदर राव

**अनंत ज्ञान बैजनाथ।** हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव रविंदर राव ने कहा कि बीते कुछ दिनों पहले बैजनाथ चुनाव क्षेत्र में भाजपा सांसद राजीव भारद्वाज का दौरा क्षेत्र कि जनता के लिए बिलकुल निराशाजनक रहा। राव ने कहा कि भाजपा सांसद का दौरा मात्र भाजपा कार्यकर्ताओं तक सिमित रहा। इसके साथ उन्होंने कहा कि मौजूदा सांसद को लोकसभा चुनावों में बैजनाथ से बहुत मिली परंतु अभी तक बैजनाथ के विकास में उनका विकास कार्यों के लिए सहयोग बिलकुल निराशाजनक रहा है।

## मेले और भंडारे आपसी भाईचारे के प्रतीक : मोंगरा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अगवाई में प्रदेश का सर्वांगीण विकास हो रहा है। कांगड़ा जिला में भी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अरबों रुपए की योजनाएं चला रखी हैं। यह बात एपीएमसी और हिमाचल ओबीसी के चेयरमैन निशु मोंगरा ने इच्छी गांव में एक कार्यक्रम में कही। निशु मोंगरा ने इच्छी गांव में श्री ग्वाला महादेव मंदिर में भंडारे में शिरकत की। मोंगरा ने कहा कि मेले और भंडारे आपसी भाईचारे का प्रतीक होने के साथ-साथ लोगों को एक-दूसरे की मदद करने की भी सीख देते हैं। इस दौरान निशु मोंगरा ने युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील की। इस मौके पर अवतार चंद, मुनीश कुमार, हरबिंद, केशव, सुशील, आकाश, सुरिंदर, तुषार, अरुण, प्रजेश, सुभाष, अनिल सैनी, कविश मोगरा, कुशल,कपिल, प्रिंस, रविंद्र, दिनेश, नीरज, रॉबिन, सुनील, अमित, कुशल, सुमन, अजय कुमार, राजिंदर मोंगरा इत्यादि उपस्थित रहे।

### फैक्टरी की दीवार पर पलट गई ट्रैक्टर ट्रॉली

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** संसारपुर टैरेस औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्टरी की दीवार पर लोडेड ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। दोपहर को जिस समय यह हादसा हुआ, उस दौरान ज्यादातर श्रमिक भोजन खाने गये थे व कुछ ही उक्त स्थान पर काम कर रहे थे। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर चालक होशियारपुर पंजाब से मक्की भरकर फैक्टरी में अनलोड करने के लिए आया हुआ था व ट्रैक्टर पर वजन अधिक होने की वजह से ट्रैक्टर एक फैक्टरी की दीवार पर जा पलटा, जिससे कंपनी की एक तरफ से दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई है।

### नरवाणा खास में मनाया महिला दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उत्थान संस्था द्वारा जिला विधिक प्राधिकरण के सौजन्य से नरवाणा खास में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। उत्थान संस्था की ओर से संस्था की संयुक्त सचिव रजनी देवी द्वारा सर्वप्रथम सभी का स्वागत किया गया तथा महिला दिवस के मनाने के संबंध में विस्तार से बताया।

### आक्रोश — प्रदेश सरकार के खिलाफ की नारेबाजी, कहा- मांगें न मानी तो उग्र रूप लेगी हड़ताल

# धर्मशाला में सड़कों पर उतरे पटवारी और कानूनगो

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

संयुक्त ग्रामीण पटवारी एवं कानूनगो संघ के आह्वान पर धर्मशाला में स्टेट कैडर के विरोध में जिले के पटवारी और कानूनगो ने रैली निकाली। जिला कैडर को बदलकर राज्य कैडर करने के खिलाफ पटवारी और कानूनगो पिछले एक सप्ताह से कलम छोड़ हड़ताल कर रहे हैं। शुक्रवार को पटवारी-कानूनगो सड़क पर उतरे। इस दौरान शहर में सरकार के खिलाफ रोष रैली निकाली।

पटवारी एवं कानूनगो संघ के जिला अध्यक्ष विचित्र सिंह ने कहा कि संघ की हड़ताल आज आठवें



दिन में प्रवेश कर गई। समस्त पटवारी व कानूनगो हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा स्टेट कैडर करने के निर्णय पर रोष प्रकट कर रहे हैं और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू व राजस्व मंत्री से मांग करते हैं कि इस विषय में हस्तक्षेप करते हुए पटवारी कानून की समस्या का निपटारा करें। पिछली 15 अगस्त को देहरा में मुख्यमंत्री सुखविंद्र से उस समय मुलाकात की थी और अपने समस्याओं के बारे में उनसे विस्तार से चर्चा की थी और मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया था कि आपकी समस्याओं का यथावत हल किया जाएगा। आज हम एक बार फिर मुख्यमंत्री मांग करते हैं कि पटवारी और कानूगो वर्ग की मांगों पर विचार कर जल्द से जल्द समाधान करें। उन्होंने कहा कि हम भी जानते है कि हमारी हड़ताल से छात्रों के कई टेस्ट पर प्रभाव पड़ रहा है, लेकिन हम मजबूर है। यदि प्रदेश सरकार किसी भी पटवारी या कानूनगो को प्रताड़ित करती है, जिसमें निलंबन, कारण बताओ नोटिस जारी करना या स्थानांतरण करती है तो महासंघ इससे भी उग्र आंदोलन करने पर विवश होगा। उन्होंने बताया कि उनका यह प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा, जब तक सरकार राज्य संवर्ग की अधिसूचना वापस नहीं लेती है।

### लैंगिक संवेदनशीलता पर कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बैजनाथ में एडीबी योजना के तहत लैंगिक संवेदनशीलता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनप्रीत ने बतौर विशेषज्ञ भाग लिया।


**सूचना**

मैं सीमा देवी आयु 39 पत्नी विजय कुमार निवासी गांव व डाकघर कोटपलाहड़ी, तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. घोषणा करती हूं कि मेरे बेटे अमित कुमार के जन्म प्रमाण पत्र पर मेरा नाम वंदना देवी लिखा गया है जो कि गलत है। मेरा सही नाम सीमा देवी है। अत: मेरे बेटे अमित कुमार के जन्म प्रमाण पत्र पर मेरा नाम वंदना देवी की जगह सीमा देवी दर्ज किया जाए। संबंधित नोट करें।

**सूचना**

मैं सीमा देवी आयु 39 पत्नी विजय कुमार निवासी गांव व डाकघर कोटपलाहड़ी, तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. घोषणा करती हूं कि मेरे बेटे रितिक के जन्म प्रमाण पत्र पर मेरा नाम वंदना देवी लिखा गया है जो कि गलत है। मेरा सही नाम सीमा देवी है। अत: मेरे बेटे रितिक के जन्म प्रमाण पत्र पर मेरा नाम वंदना देवी की जगह सीमा देवी दर्ज किया जाए। संबंधित नोट करें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सुनहारा**
**विकास खंड फतेहपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

प्र. सं. 05. अध्यक्षता प्रधान श्री जगरूप सिंह जी दिनांक 06/03/2025

विषय : निविदा आमंत्रित करने बारे :-

पंचायत बैठक में चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से अध्यक्ष महोदय जी ने प्रस्ताव रखा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए समस्त विकास कार्यों हेतु बजरी क्रैशर 20एमएम, 40एमएम, 60एमएम, लोकल बजरी, रेत क्रैशर, बोल्डर पत्थर, मिक्सर, किराया सीमेंट ढुलाई प्रति बेग फतेहपुर से ग्राम पंचायत सुनहारा के कार्यस्थल तक, साईन बोर्ड, हार्डवेयर सामग्री, ईंट पक्की, सरिया वाटर कूलर स्टैंड के साथ, पानी की टंकी लोहे की, नींबू, सफेदा पौधा, पानी टैंक, लिखाई बोर्ड के लिए निविदा आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक व्यक्ति के पास जीएसटी नं. होना अति आवश्यक है। निविदाएं डाक द्वारा 19/03/2025 को कार्यालय ग्राम पंचायत सुनहारा में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं 20/03/2025 को कार्यालय ग्राम पंचायत सुनहारा में 12:00 बजे दोपहर को खोली जाएगी।

अतः प्रस्ताव को बैठक में विस्तृत चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से पारित किया गया।

सचिव
ग्राम पंचायत सुनहारा
विकास खंड फतेहपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.

## न्यूज ब्रीफ

### शिवधाम परियोजना का 2 वर्ष में पूरा होगा कार्य : सुरेश

**अनंत ज्ञान, शिमला।** विधायक सुरेश कुमार और भुवनेश्वर गौड़ ने मंडी में शिवधाम परियोजना को लेकर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की कड़े शब्दों में आलोचना करते हुए कहा कि परियोजना के लिए बजट प्रावधान के बारे में वह लोगों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर शिवधाम को अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बताते रहे हैं लेकिन मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने इस परियोजना को पूरा करने के लिए वित्तीय प्रावधान नहीं किया। मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने शिवधाम परियोजना को पूरा करने के लिए 100 करोड़ रुपए आवंटित किए है। कांग्रेस सरकार इस परियोजना को दो वर्षों के भीतर पूरी करेगी।

### सुन्नी में महिला दिवस पर सम्मानित की महिलाएं



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** बाल विकास परियोजना बसंतपुर तथा नगर परिषद सुन्नी के संयुक्त तत्वाधान में महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष नगर परिषद सुन्नी प्रदीप शर्मा ने की। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्यतौर से उपस्थित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शिमला ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने क्षेत्र की महिलाओं के योगदान को भी सराहा। इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी हरीश शर्मा ने उपस्थित महिलाओं को महिला दिवस के उद्देश्य पर विस्तृत जानकारी दी तथा बाल विकास परियोजना के माध्यम से क्षेत्र में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया। इस अवसर पर बाल लिंगानुपात में सात वृतों की अव्वल रही पंचायतों के प्रधानों को सम्मानित किया गया।

### पुलिस ने युवक से बरामद किया 3.60 ग्राम चिट्टा

**दशमी रावत, रोहड़ू।** पुलिस थाना रोहड़ू के अंतर्गत उपमंडल की पुलिस टीम ने पैट्रोलिंग के दौरान रोहड़ू के बाऊटीनाला के युवक अक्षय (25) से पटसारी में 3.60 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने बताया एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर युवक को गिरफ्तार किया गया है।

### कार से 60 बोतल देशी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** पुलिस थाना जुब्बल के अंतर्गत थाना प्रभारी जुब्बल चेतन चौहान पुलिस टीम ने एक ऑल्टो कार नंबर एचपी 01ए-1908 जांच के लिए रोकी गई, जिसमें कार चालक केहर सिंह (42) गांव चंद्रपुर तहसील जुब्बल और पवन चौहान (39) गांव दुचाणु डाकघर टिकोची तहसील पुरोला जिला उत्तरकाशी सवार थे। कार की तलाशी लेने पर उसमें से 60 बोतल देशी शराब संतरा नंबर एक बरामद हुई है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि की है!

### रैली के माध्यम से स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** नगर परिषद सुन्नी में समृद्ध शहर सशक्त शहर अभियान के तहत स्वच्छता रैली के माध्यम से आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर नगर परिषद सुन्नी के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा,पार्षद रूप लाल,उमावती,नरेश राय,आशा कंवर, आईटीआई के प्रधानाचार्य गुलाब सिंह, गृह रक्षा पर केंद्र सुन्नी के प्रभारी मोहन सिंह ठाकुर, प्रधानाचार्य सुन्नी विपिन रघुवंशी तथा अन्य स्थानीय वासी भी मौजूद रहे। सुन्नी को पूरी तरह स्वच्छ रखने के लिए डस्टबिन फ्री घोषित किया गया है और सुन्नी की समस्त दुकानदारों को कूड़ादान रखना अनिवार्य किया गया है।

### शिक्षकों ने लोगों को बताए नशे के नुकसान

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** पीएमश्री राजकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर के शिक्षकों ने स्कूल के आसपास दुकानों, बाजार एवं पंचायत मुख्यालय में लोगों को जागरूक किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. उर्मिला वर्मा के निर्देश पर उप प्रधानाचार्य कुलभूषण की अगवाई में दस सदस्यीय शिक्षकों के एक दल ने सरकार के पोर्टल एवं टोल फ्री नंबर पर जानकारी प्रदान की। उप प्रधानाचार्य कुलभूषण शर्मा ने बताया कि नशे की लत युवाओं में दिनोदिन बढ़ती जा रही है।

# एनसीसी के लिए फंडिंग पैटर्न लागू करने पर विचार

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के लिए एनसीसी फंडिंग प्रणाली सरल व प्रभावी हो सकती है। इसके लिए 90:10 का फंडिंग पैटर्न भी लागू हो सकता है। बाकायदा इस बात का आश्वासन केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को दिया। जिन्होंने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान राजनाथ से मिलकर इस अहम एवं महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाया और आग्रह किया कि इस जटिल प्रणाली से राज्य को निजात दिलाई जाए।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ एक अहम बैठक कर शिक्षा मंत्री ने हिमाचल में एनसीसी के लिए फंडिंग प्रणाली को सरल और प्रभावी बनाने की मांग रखते हुए कहा कि हिमाचल के लिए 90:10 के फंडिंग पैटर्न को शीघ्र लागू किया जाए, ताकि इससे आने वाली परेशानी से निजात मिल सके।



गौरतलब है कि वर्तमान में एनसीसी की फंडिंग प्रणाली जटिल और कई स्तरों में विभाजित है, जिसमें एनसीसी फंडिंग का पैटर्न अलग-अलग अनुपातों में बंटा हुआ है कुछ मामलों में 60:40, कुछ में 75:25, और कुछ में 50:50 के अनुपात में फंडिंग मिलती है। हिमाचल को पूरी तरह 100 फीसदी खर्च करना पड़ता है। आर्मी अटैचमेंट कैंप, एनसीसी कैडेट्स के परेड भत्ते, पोशाक रखरखाव भत्ता, केयरटेकर भत्ता और प्रशिक्षण शिविरों के लिए भोजन भत्ता जैसे कई मदों का खर्च राज्य सरकार को अकेले उठाना पड़ रहा है।(अनंत ज्ञान)

### एनसीसी को मिले विशेष दर्जा

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने केंद्रीय रक्षा मंत्री से आग्रह किया कि हिमाचल प्रदेश में एनसीसी फंडिंग को अन्य केंद्र प्रायोजित योजनाओं की तरह 90:10 अनुपात में किया जाए। एनसीसी को भी विशेष दर्जा मिलना चाहिए ।

### मिलेगी बेहतर सुविधाएं

**एनसीसी** मुख्यालय, दिल्ली द्वारा जारी पत्र का हवाला देते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि अगर हिमाचल के लिए एनसीसी फंडिंग 90:10 अनुपात में लागू की जाती है, तो इससे राज्य में एनसीसी कार्यक्रम को मजबूती मिलेगी ।

### कार्यक्रमों में मिलेगी मदद

**शिक्षा** मंत्री ने केंद्रीय रक्षा मंत्री से इस मांग पर सकारात्मक विचार करने का आग्रह किया, ताकि हिमाचल में एनसीसी कार्यक्रम को और प्रभावी और सुचारू रूप से चलाया जा सके। इससे राज्य के युवाओं के व्यक्तित्व विकास और अनुशासन को भी बढ़ावा मिलेगा।

## युवक के साथ की मारपीट

**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** पुलिस थाना जुब्बल के अंतर्गत राजेश गांव नलिया तहसील जुब्बल ने पुलिस में शिकायत दर्ज करते हुए आरोप लगाया गया है कि 5 मार्च को वह अपनी मां रोशनी देवी व अपनी बहन सोनिका के साथ गांव बंटारी में एक शादी समारोह में शामिल हुए थे। रात्रि घर वापस आ रहे थे, तो आर्यन नामक एक व्यक्ति ने उनका रास्ता रोका और उसने 3 साथियों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। एसडीपीओ प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि की है।

## वाहनों की बैटरी चुराने पर दो आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** पुलिस थाना जुब्बल के अंतर्गत सुनील कुमार निवासी मंढोल मैनेजर लक्ष्मी स्टोन क्रैशर स्नैल तहसील जुब्बल ने पुलिस को लिखित में शिकायत दर्ज करते हुए आरोप लगाया कि वीरवार आधी रात को किसी अज्ञात व्यक्ति ने एलएनटी मशीन की 2 बैटरी और टिप्पर की 4 बैटरी चुरा ली है। पुलिस ने आरोपी इंतजार उर्फ सोनू उत्तर प्रदेश और किशोर थापा जिला उत्तरकाशी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए युवाओं से होना चाहिए संवाद : प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, शिमला**



कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा है कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिये समय-समय पर युवा संवाद होने चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के युवा देश के भविष्य है इसलिए उन्हें संसदीय कार्यप्रणाली का भी भली भांति ज्ञान होना आवश्यक है।

आज हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में भारतीय लोकतंत्र के तहत संसदीय कार्यप्रणाली पर विधि छात्रों के बीच सत्ता पक्ष व विपक्ष के मध्य बाद विवाद प्रतियोगिता में मुख्यातिथि व जज के रूप में शिरकत करते हुए प्रतिभा सिंह ने कहा कि आयोजन छात्रों का भविष्य भी तय करते है। इस दौरान जज के तौर पर हरियाणा विश्विद्यालय के प्रो. डॉक्टर दिनेश चेहल व विश्विद्यालय विधि विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर उमेश कुमार ने भी प्रतिभागियों के आत्मविश्वास और उनकी सार्थक राजनैतिक चर्चा की सराहना की।

## एचआरटीसी लगातार जनता पर बोझ डालने का कर रहा काम : राकेश

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भाजपा के पूर्व महापौर राकेश शर्मा ने कहा कि एचआरटीसी द्वारा लगातार जनता पर बोझ डालने का काम हो रहा है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि सोलन डिपो की बस में 10 किलो का लगेज लेकर जा रहे व्यक्ति से बस कर्मियों द्वारा 247 रुपए किराया ले लिया गया। राकेश ने कहा कि लगेज का किराया लेना जनता पर बोझ डालना है अगर कोई व्यक्ति अपना सामान सरकारी बस में नहीं ले जा सकता तो सरकारी बस में सफर एक आम व्यक्ति क्यों करेगा।

कांग्रेस सरकार हिमाचल प्रदेश में जन विरोधी निर्णय ले रही है और आज इस जन विरोधी निर्णय का एक जीता जागता सबूत जनता के समक्ष आया है।

# खूबसूरत स्थल जाठिया देवी में बनेगी माउंटेन सिटी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

राजधानी शिमला में भारी भरकम भीड़ सितम ढाहने लगी है। शहर की गालियां और चौराहे तंगहाल हालत में है। यहां से गुजराना ढेडी खीर साबित होने लगा है। अनियंत्रित भीड़ से कई बड़ी समस्याएं उभर कर सामने आई है। अभी यही समस्याएं सरकार की मुसीबत बढ़ने लगी है, लिहाजा राज्य सरकार ने जाठिया देवी में माउंटेन सिटी विकसित करने की दिशा में मजबूती से कदम बढाए हैं।

यह परियोजना साथ लगते इस खूबसूरत स्थल को बड़े शहर के स्वरूप में ढालेगी और उसे बड अत्याधुनिक शहर के रूप में विकसित करेगी। इस सुंदर नगर बसाने के लिए विशेषज्ञों की सलाह ली जा रही है, जो संबंधित विषय में महारत हासिल है। खासकर पर्यावरण के अनुकूल तमाम रूपरेखा को अमल में लाया जा रहा है, जिसमें पर्यावरण का संरक्षण भी हो सके और प्रदूषण रहित शहर भी विकसित हो पाए।

बाकायदा हिमुडा की बैठक में इस संबंध में आवश्यक मंथन पहले ही किया जा चुका है, जिसमें नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी की अध्यक्षता में इस बारे में आवश्यक कार्रवाई को अंजाम दिया जा चुका है।

अब जल्द ही इसे मूर्त रूप दिया जाएगा और इसके लिए आवश्यक धन जुटाने की प्रक्रिया भी चल रही है, ताकि इसे धरातल पर उतर जा सके।

## जुन्गा की 10 पंचायतों को मिलेगा स्वच्छ जल

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )।** जुन्गा तहसील की दस पंचायतों के लिए निर्मित की जा रही 31 करोड़ की उठाऊ पेयजल योजना का निर्माण कार्य अंतिम चरण पर है। जिसके पूर्ण होने से करीब 20 हजार की आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा और आगामी 25 वर्षों तक इन पंचायतों में पेयजल की कोई समस्या नहीं रहेगी। जिसकी पुष्टि जल शक्ति विभाग उप मंडल कोटी के सहायक अभियंता अरुण जैन ने की है।

उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत गिरि नदी से चार स्टेजों में पानी लिफ्ट किया जाएगा। गिरि नदी पर बनने वाले टीट्रमेंट प्लांट का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिसके पूरा होने पर इस योजना का शुभारंभ कर दिया जाएगा ।

# टिक्कर-खामड़ी सड़क के लिए 55 करोड़ स्वीकृत

**आत्मासिंह, रामपुर बुशहर**

रामपुर उपमंडल के ननखड़ी स्थित देवता साहब पल्थान शोली के पुनः निर्मित मंदिर की प्रतिष्ठा समारोह का आज आयोजन किया गया। लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ननखरी खंड में 100 करोड़ रुपए के विकास कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में टिक्कर-खामड़ी सड़क के लिए 55 करोड़ स्वीकृत किया गया है और एक महीने के भीतर ही कार्य आरंभ कर दिया जाएगा।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना - 4 में ननखरी खंड के लिए 21 सड़कों का प्रावधान रखा है। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष दर्शन दास ठाकुर ने बताया कि मंदिर के जीर्णोद्धार में लगभग सवा करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इस मंदिर के पुनः निर्माण के लिए पांच लंबरदारी के 1800 परिवारों ने लगभग 80 लाख रुपए का सहयोग दिया है। जबकि तीस लाख रुपए विधायक निधि, भाषा संस्कृति विभाग और उपायुक्त शिमला के सहयोग से प्राप्त हुए है । यह मंदिर सैकड़ों वर्ष पुराना है, जिसके पुनर्निर्माण की आवश्यकता महसूस की । नए मंदिर में देवता साहब के प्रवेश के पश्चात साथ वाले पुराने मंदिर का जीर्णोद्धार भी किया जाएगा।( अनंत ज्ञान)

## पटवारी और कानूनगो के समर्थन में उतरे डॉ. सुभाष

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** चौपाल के पूर्व विधायक डॉ. सुभाष मंगलेट ने कहा कि पटवारियों व कानूनगो के हड़ताल पर जाने से प्रदेश में ऐसे लाखों लोगों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं, जिनके पटवारी और कानूनगो से रोजाना सीधे कामकाज रहते है। ऐसे में सरकार को गंभीरता से इस मामले पर विचार करना चाहिए।



उन्होंने कहा कि पटवारी व कानूनगो को जिला कैडर से स्टेट कैडर करने से राजस्व विभाग, जनता व कर्मचारियों को कोई लाभ नहीं है, इसलिए स्टेट कैडर का निर्णय उचित नहीं है। उ

# नलवाड़ी मेले में मिस, मिस्टर और मिसेज प्रतियोगिता हो आयोजित

## लाडली फाउंडेशन के अनुरोध पर डीसी ने एसी टू डीसी को दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

लाडली फाउंडेशन एवं रेनबो स्टार क्लब बिलासपुर द्वारा लाडली फाउंडेशन की ब्लॉक उपाध्यक्ष वर्षा हिमाचली के नेतृत्व में राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले में मिस, मिस्टर एवं मिसेज प्रतियोगिता करवाने के लिए उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि ग्रामीण क्षेत्र में छुपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने हेतु राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले बिलासपुर में संध्याकालीन कार्यक्रम में मिस, मिस्टर एवं मिसेज प्रतियोगिताएं करवाई जाए, ताकि जिला बिलासपुर के युवा, युवतियों एवं महिलाओं को राज्य स्तरीय मंच मिल सके। इसके अलावा युवा, बेटियों एवं महिलाओं को अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा।



इसके फलस्वरूप उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने मौके पर एसी टू डीसी नरेंद्र अहलूवालिया निर्देश दिए कि राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले बिलासपुर में संध्याकालीन कार्यक्रम में मिस, मिस्टर एवं मिसेज प्रतियोगिताएं करवाई जाए। इस मौके पर लाडली फाउंडेशन जिला उपाध्यक्ष नीलम सूद, चंपा देवी, रेनबो स्टार क्लब के प्रधान अजय कौशल, हेल्पिंग हैंड एनजीओ के जिला महासचिव प्रीति भाटिया, रेनबो स्टार क्लब के सदस्य समीर, गौरव शर्मा, योगेश शर्मा इत्यादि युवा एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 'बिटिया फाउंडेशन' ने गरीब बेटियों को दी नई पहचान

# सैकड़ों बेटियों का मायका बनीं सीमा सांख्यान

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर के बरमाणा की सीमा सांख्यान एक छोटे से सपने को लेकर निकली थीं, लेकिन उन्हें क्या पता था कि उनकी उडान ऐसी होगी कि उनको आज प्रदेश में सीमा सांख्यान नहीं, बल्कि एक नए नाम की पहचान मिल जाएगी, जो नाम होगा मां का। जी हां, गरीब परिवार हो या फिर अनाथ, उनक घर परिवार में जाकर मदद करनी और फिर उनकी गरीब बेटियों की शादियां करवाने का जिम्मा सीमा सांख्यान ने बरमाणा क्षेत्र से शुरू किया। फिर क्या था कि इस सिलसिले का कारवां बढ़ता ही गया। आज हिमाचल ही नहीं बल्कि, दिल्ली, चंडीगढ़, राजस्थान, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर तक इस संस्था ने अपने पांव पसार लिए हैं। बिटिया फाउंडेशन को जम्मू-कश्मीर सरकार की ओर से वुमन अचीवमेंट अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा



**महिला दिवस पर विशेष**

चुका है। इसी के साथ दिल्ली, हरियाणा, पंजाब व हिमाचल सरकारों ने भी कई बार सम्मानित किया है। बिटिया फाउंडेशन के आंकड़ों की बात करें तो हिमाचल प्रदेश में अब तक उनके साथ पांच हजार से अधिक लोग वर्तमान में कार्य कर रहे हैं। वहीं, अभी तक संस्था की ओर से दो हजार से अधिक शादियां भी करवाई जा चुकी हैं। सीमा सांख्यान ने बताया कि उनकी संस्था के साथ न केवल लोग, बल्कि पुलिस अधिकारी, वकील, पत्रकार, प्रशासनिक अधिकारी तक जुड़े हुए हैं और इन सभी और आम जनता क सहयोग से यह संस्था कार्यरत है। सीमा सांख्यान की बात करें तो उन्होंने 2015 में बिटिया फाउंडेशन के नाम से एक संस्था शुरू की। इस संस्था ने महिला उत्पीड़न मामलों से लेकर गरीब व अनाथ लड़कियों की शादी तक करवाने का जिम्मा संभाल लिया। अब तक सीमा सांख्यान प्रदेश व अन्य राज्यों में लगभग दो हजार से अधिक गरीब व अनाथ बेटियों की शादियां करवा चुकी हैं। यह सफर यहीं खत्म नहीं होता है। शादी के बाद अनाथ बेटियों को अपने घर में मायक का दर्जा भी दे दिया, जिसके बाद आज सीमा सांख्यान के घर प्रत्येक दिन कोई न कोई लड़की अपने सुसराल से अपने मायके सीमा सांख्यान के पास पहुंची है। सीमा केवल मां के दर्जे तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि कहीं दादी तो कहीं नानी का भी पूरा फर्ज अदा करती हैं। (अनंत ज्ञान)

## राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेले की स्मारिका के लिए 20 तक भेजें रचनाएं : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव घुमारवीं मेले के अंतर्गत प्रकाशित होने वाली स्मारिका को लेकर एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीएम ने बताया कि इस वर्ष भी राज्यस्तरीय ग्रीष्मोत्सव घुमारवीं की स्मारिका का प्रकाशन किया जाएगा। यह स्मारिका हिमाचल प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति, साहित्य, संगीत, लोकगाथाओं, पर्यटन स्थलों तथा संबंधित अन्य विषयों को सहजने का एक अनूठा प्रयास होगा। उन्होंने बताया कि स्मारिका के लिए हिंदी भाषा या कहलूरी बोली में मौलिक एवं स्वरचित रचनाएं आमंत्रित की जा रही हैं। लेख, कविताएं, गीत, लोकगाथाएं या अन्य साहित्यिक रचनाएं भेजने के इच्छुक लेखक एवं साहित्यकार अपनी टाइप की हुई रचनाएं संलग्न पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ भेज सकते हैं। उन्होंने बताया कि लेखक अपनी रचनाएं 20 मार्च तक व्हाट्सएप नंबर 94180 49929, 94183-76502 और एसडीएम कार्यालय घुमारवीं की मे पर भेज सकते हैं। उन्होंने स्थानीय लेखकों, साहित्यकारों एवं कला प्रेमियों से स्मारिका को अधिकाधिक समृद्ध बनाने हेतु अपनी रचनाएं भेजने का आह्वान किया।

## विशाल कटोच व मीनाक्षी बने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ में पुरुष वर्ग में अभिषेक तथा महिला वर्ग में कनिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 200 मीटर दौड़ में पुरुष वर्ग में विशाल कटोच तथा महिला वर्ग में मीनाक्षी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं गोला फेंक में पुरुष वर्ग में हरीश तथा महिला वर्ग में अंकिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि 800 मीटर दौड़ में पुरुष वर्ग आयूष वर्मा तथा महिला वर्ग में डिंपल तथा 5000 मीटर दौड़ में नवनीत शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंकों के आधार पर पुरुष वर्ग में विशाल कटोच तथा महिला वर्ग में मीनाक्षी को सत्र 2024-25 के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। विजेता खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह तथा मेडल डाल कर सम्मानित किया गया।

# 10वीं के 502 विद्यार्थियों ने दी अंग्रेजी विषय की परीक्षा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से शुक्रवार को दसवीं कक्षा के अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। घुमारवीं क्षेत्र में दो परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी की निगरानी में यह परीक्षा आयोजित हुई। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय घुमारवीं में नॉप्स, हिम सर्वोदय, सरस्वती विद्या मंदिर और राजकीय कन्या विद्यालय के 176 छात्रों ने परीक्षा दी। वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बाल विद्यालय घुमारवीं में मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के 326 छात्रों ने परीक्षा दी। परीक्षा के बाद छात्रों के चेहरे पर संतोष और खुशी देखने को मिली। कुछ छात्र परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते ही प्रश्न पत्र पर चर्चा करने लगे।

कई छात्रों ने बताया कि परीक्षा अपेक्षाकृत सरल थी और अधिकांश प्रश्न पाठ्यक्रम के अनुरूप थे। परीक्षा 80 अंकों की थी, जिसमें प्रश्न पत्र को तीन सेट ए, बी और सी में विभाजित किया गया था। परीक्षा में



शामिल ज्यादातर छात्रों ने पेपर को आसान और संतोषजनक बताया।

शुक्रवार सुबह 8:30 बजे से ही परीक्षा केंद्रों पर छात्रों की चहल-पहल शुरू हो गई थी। परीक्षा से पहले सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए छात्रों के बैग, मोबाइल और अन्य सामान केंद्रों के बाहर रखवाए गए। सुबह 9 बजे परीक्षा शुरू हुई, जो दोपहर 12 बजे तक चली। परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा संपन्न करवाई गई। उधर बोर्ड द्वारा गठित फ्लाइंग स्क्वॉड ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जगतखाना, काथला और स्वारघाट स्कूलों का औचक निरीक्षण किया और सीसीटीवी रिकॉर्डिंग की जांच की। किसी भी केंद्र में नकल का कोई भी मामला नहीं मिला।

**विवाह समारोह** | भाजपा सह मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर के बेटे की शादी में पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

# नड्डा एवं पत्नी ने वर-वधु को दिया आशीर्वाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर के बेटे शिवम ठाकुर के शादी समारोह में कई बड़ी हस्तियों ने शिरकत की। उनके बेटे शिवम और पुत्रवधु नमिषा को आशीर्वाद और शुभकामनाएं देने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा समेत कई बड़े नेता गत वीरवार शाम उनके घर पहुंचे।

सभी मेहमानों का स्वदेश ठाकुर, उनकी पत्नी नीलम ठाकुर, पिता कृष्ण सिंह ठाकुर, माता प्रेमलता ठाकुर, भाई चमन ठाकुर व सुरेश ठाकुर, भाभी रीता व रानो, नवदंपती और छोटे बेटे निखिलेश ठाकुर समेत परिवार के अन्य सदस्यों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मेहमानों को बिलासपुरी धाम परोसी गई। इससे पहले गत बुधवार को रिसेप्शन के साथ ही विवाह समारोह की अन्य रस्मों के दौरान हिमाचल हाईकोर्ट के न्यायाधीश विवेक ठाकुर तथा सुंदरनगर के विधायक राकेश जमवाल समेत कई नामी हस्तियों ने भी शिरकत की। बिलासपुर के



निहाल सेक्टर निवासी स्वदेश ठाकुर के बेटे शिवम ठाकुर ऊना के अजोली की नमिषा के साथ परिणय सूत्र में बंधे हैं। बिलासपुर के निहाल सेक्टर निवासी स्वदेश ठाकुर के बेटे शिवम ठाकुर ऊना के अजोली की नमिषा के साथ परिणय सूत्र में बंधे हैं। हंसमुख व मिलनसार स्वभाव के मालिक स्वदेश ठाकुर भाजपा के साथ ही समाज में भी एक जाना-पहचाना नाम व चेहरा हैं। ऐसे में उनके बेटे के विवाह समारोह में कई बड़ी हस्तियों के साथ ही हर वर्ग के लोगों की खूब भीड़ उमड़ी। वीवीआईपी मूवमेंट के चलते यह शादी समारोह न केवल बेहद खास रहा, बल्कि सुर्खियों में भी रहा।

हालांकि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा व्यस्तताओं के चलते गत बुधवार को रिसेप्शन में उपस्थिति दर्ज नहीं करवा पाए थे, लेकिन गत वीरवार को उन्होंने अपनी धर्मपत्नी डॉ. मल्लिका नड्डा के साथ उनके घर पहुंचकर वर-वधु को आशीर्वाद दिया। भाजपा के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन, राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार, नयनादेवी के विधायक रणधीर शर्मा, झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल, सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल, पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग, पूर्व सांसद सुरेश चंदेल, जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णलाल चंदेल व पूर्व जिला अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान समेत पार्टी के कई नेताओं ने भी नवदंपती को शुभाशीर्वाद दिया। जगत प्रकाश नड्डा समेत सभी नेताओं ने बिलासपुरी धाम का लुत्फ भी उठाया।

# स्टेट कैडर के विरोध में सड़कों पर उतरे पटवारी और कानूनगो

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो संघ के आह्वान पर जिला कैडर को बदलकर स्टेट कैडर करने के खिलाफ पटवारी और कानूनगो पिछले एक सप्ताह से कलम छोड़ हड़ताल कर रहे हैं। शुक्रवार को जिला मुख्यालय में पटवारी-कानूनगो ने रोष रैली निकाली। जिला बिलासपुर इकाई के प्रधान सुनील दत्त जोशी ने बताया कि सरकार की तरफ से कोई भी सकारात्मक जवाब नहीं आने के कारण महासंघ की राज्य कार्यकारिणी के निर्देशानुसार जिला के समस्त पटवारी कानूनगो द्वारा जिला मुख्यालय बिलासपुर में शांतिपूर्ण ढंग से रोष रैली निकाली गई। इस रोष रैली में जिला बिलासपुर के लगभग 75 पटवारी कानूनगो शामिल हुए। उन्होंने बताया कि यह रोष रैली लक्ष्मी नारायण मंदिर से शुरू होकर बस स्टैंड होते हुए उपायुक्त कार्यालय तक पहुंची। महासंघ की ओर से एसी टू डीसी के माध्यम से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को दिया गया। उन्होंने बताया कि यदि सरकार महासंघ के किसी भी पदाधिकारी के खिलाफ कोई एक तरफा कार्रवाई करती है तो महासंघ इस बारे में उग्र रूप से विरोध करेगा। उन्होंने कहा कि जिला के समस्त पटवारी आपदा संबंधी कार्य करने के लिए वचनबद्ध है तथा इस कड़ी को जारी रखते हुए सभी पटवारी अपने-अपने क्षेत्र में राहत व अन्य प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए योगदान दे रहे हैं।

**लक्ष्मी नारायण मंदिर से बस स्टैंड तक निकाली रोष रैली**

उन्होंने कहा कि पटवारी कानूनगो सरकार से टकराव नहीं चाहते हैं तथा हमेशा की तरह सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रहे हैं। सरकार की ओर से आंदोलन के संदर्भ में महासंघ के पदाधिकारियों को वार्ता के लिए अभी तक नहीं बुलाया गया है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि सरकार शीघ्र ही इस गतिरोध को समाप्त करने के लिए सकारात्मक कदम उठाए, ताकि जनता को आ रही समस्याओं का समाधान हो सके।

## न्यूज ब्रीफ

### शिव मंदिर समिति दरोग मोहल्ला ने लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** आज शिव मंदिर समिति, दरोग मोहल्ला द्वारा बारगाह पुलिस मैदान में भगवान भोलेनाथ को समर्पित भव्य भंडारा लगाया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के धार्मिक आयोजन किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु भगवान शिव की कृपा प्राप्त कर सकें।

### बच्चों की माताओं के लिए प्रशिक्षण शिविर

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** प्राथमिक शिक्षा खंड भरमौर में प्री-प्राइमरी बच्चों की माताओं के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं को उनके बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक बनाना है। शिविर में भरमौर क्षेत्र के प्री-प्राइमरी स्कूलों से जुड़ी माताओं ने भाग लिया और बच्चों की शिक्षा में अपने योगदान को लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### नशे की सूचना देने वालों को मिलेगा एक लाख का इनाम

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर में अब चिट्टा बेचने और पीने वालों की अब खैर नहीं। विकासखंड भरमौर की ग्राम पंचायत उलांसा अब चिट्टा बेचने वाले व पीने वालों की सूचना देने वालों को नगद एक लाख का इनाम देगी। इसके लिए बाकायदा पंचायत ने ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर नोटिफिकेशन भी निकाल दी है। इसके तहत चिट्टा बेचने वालों या पीने वालों की वीडियोग्राफी करना जरूरी होगी। इसके बाद सूचना देने वालों का नाम भी गुप्त रखा जाएगा और उसको पंचायत की ओर से एक लाख का इनाम दिया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए प्रधान ग्राम पंचायत उलांसा हरि सिंह अत्री व हेमराज कालरा ने बताया है कि समाज में बढ़ रही नशे की लत को जड़ से खत्म करना होगा।

### दिव्यांग बच्चों के लिए लगाया निःशुल्क थैरेपी शिविर



**मुकेश कुमार, डलहौजी।** सांफिया फाउंडेशन और एनएचपीसी करीया द्वितीय के आपसी सहयोग से बनीखेत के पदर मैदान में दिव्यांग बच्चों के लिए एक विशेष निःशुल्क थैरेपी शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिले भर से आए करीब एक दर्जन बच्चों ने लाभ उठाया। शिविर में दिव्यांग बच्चों को विशेषज्ञों द्वारा फिजियोथेरेपी दी गई, जिससे उनके शारीरिक सुधार में मदद मिल सके। इसके साथ ही, उनके अभिभावकों के लिए विशेष काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें बच्चों की देखभाल, उनकी विशेष आवश्यकताओं और भविष्य में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई।

### पांगी में सड़क मार्ग से हटाई जाए बर्फ : रजनी



**ओपी शर्मा, भरमौर।** पांगी में पिछले दिनों हुई भारी बर्फबारी के कारण अधिकतर रोड बंद पड़ गए हैं। अधिकतर सड़क को संपर्क मार्ग बंद होने के चलते यहां पर लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्टेट कोऑर्डिनेटर आदिवासी कांग्रेस हिमाचल प्रदेश रजनी पठानिया ने प्रदेश सरकार व प्रशासन से जल्द से जल्द इन सड़कों को बहाल करने की मांग की है। रजनी पठानिया ने कहा है कि चस्क भटौरी, मुरछ, चस्क में सड़के अवरुद्ध होने के चलते बच्चों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचना बहुत ही मुश्किल हो गया है। रजनी पठानिया ने प्रदेश सरकार से गुहार लगाते हुए कहा है कि यहां पर युद्ध स्तर पर कार्य किया जाए ताकि जल्द से जल्द लोगों को राहत मिल सके। गौरतलब है कि पिछले दिनों जनजातीय क्षेत्र पांगी में भारी बर्फबारी हुई है। जिसके चलते बोर्ड की परीक्षाएं भी रद्द करनी पड़ी थी। कई गांवों का संपर्क ब्लेशियरक आने से पूरी तरह टूट गया है। हालांकि प्रशासन वह प्रशासन की ओर से सभी सुविधाएं बहाल करने की युद्ध स्तर पर कशिश की जा रही है।

### तोड़फोड़ और हाथापाई करने का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर पुलिस थाना के तहत जदरौन की महिला ने खेड़ा गांव के व्यक्ति पर नशे की हालत में उसकी पिटाई करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में शिवानी पत्नी पितांबर लाल ने बताया कि वह अपने घर में बच्चों के साथ हुई थी। उसके पति काम के सिलसिले में घर से बाहर रहते हैं। दो मार्च को खेड़ा गांव का विनोद कुमार शराब के नशे में उसे घर पहुंचा और मुख्य दरवाजे को लात मार कर तोड़ दिया। घबरा कर उसने अपने ससुर को फोन कर सारी बात बताई। तभी आरोपित विनोद कुमार दूसरी मंजिल में पहुंच गया और उसके साथ हाथापाई करना शुरू कर दिया। झगड़ा करने के बाद वह वहां से छलांग लगाकर भाग गया। विनोद कुमार से उसके और पति को जान का खतरा है। डीएसपी भारतभूषण ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रामलीला मैदान में हस्तनिर्मित उत्पादों की लगाई प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत गठित नगरपरिषद के स्वयं सहायता समूहों द्वारा जोगिंद्रनगर के रामलीला मैदान में एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित उत्पादों को बिक्री के लिए रखा गया, जिससे न केवल उनके कौशल का प्रदर्शन हुआ बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी मिला। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के हस्तनिर्मित उत्पाद आकर्षण का केंद्र रहे। इनमें हस्तशिल्प, हाथ से बुने ऊनी कपड़े, कढ़ाईदार वस्त्र, जैविक उत्पाद, सजावटी वस्तुएं, घरेलू उपयोग की सामग्रियां और खानपान के पारंपरिक उत्पाद शामिल थे। स्थानीय लोगों ने इन उत्पादों में विशेष रुचि दिखाई और महिलाओं की मेहनत की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीओ प्रोमिला गुलेरिया ने कहा कि यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### विधायक नीरज नैय्यर ने नगेला-पदरुई सड़क मार्ग की रखी आधारशिला, कहा-

# क्षेत्र के सभी गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ना प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विधायक नीरज नैय्यर ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र का समग्र और समावेशी विकास सुनिश्चित बनाया जा रहा है क्षेत्र चाहे कोई भी हो सब में निरंतर कार्य करने के प्रयास किये जा रहे है ये बात उन्होंने आज ग्राम पंचायत कीड़ी में पिछड़ा क्षेत्र उप योजना के तहत नगेला से पदरुई जीप योग्य संपर्क सड़क मार्ग की आधारशिला रखने के पश्चात अपने संबोधन में कही।

उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर सड़क सुविधा प्रदान करवाना उनकी प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि पिछड़ा क्षेत्र उप योजना के तहत नगेला से पदरुई तक लगभग 3 किलोमीटर लम्बी जीप योग्य सड़क का निर्माण किया जायेगा जिस पर 70 लाख रुपये की धनराशि व्यय की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए वहाँ के स्थानीय लोगों का बड़ा योगदान रहता है। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि भविष्य में सड़क को भूमिदान करने वाले लोगों का नाम उद्घाटन पटिका पर लिखना सुनिश्चित बनाया जाए ताकि और लोगों को भी इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए प्रेरित किया जा सके।

इस दौरान विधायक ने नगेला से पदरुई के सड़क निर्माण को लेकर भूमिदान करने वाले 6 स्थानीय लोगों को सम्मानित भी किया।

इस दौरान विधायक नीरज नैय्यर ने लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकतम का मौका पर निराकरण कर शेष बची समस्याओं के संबंधित अधिकारियों को प्रेषित किया।

इस अवसर पर प्रधान ग्राम पंचायत कीड़ी मदन कुमार, प्रधान ग्राम पंचायत आठलुई पपू, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति जितेंद्र शर्मा, अधिशाषी अभियंता दिनेश, सहायक अभियंता प्रवीण साथ लगती पंचयतों के प्रतिनिधि क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।



सड़क मार्ग की आधारशिला रखने के दौरान नीरज नैय्यर।

## आरोपी से 2.23 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** पुलिस थाना सदर चंबा की टीम ने पुलिस चौकी दृडा के बाहर नाकाबंदी के दौरान एक व्यक्ति से 2.23 ग्राम चिट्टा बरामद किया है।

आरोपी की पहचान आत्माराम पुत्र कर्म सिंह गांव मडांसा ग्राम पंचायत ब्रेही तहसील धरवाला के रूप में हुई है।

जानकारी के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली थी की देवी दर्शन प्राइवेट बस में युवक चिट्टा की सप्लाई लेकर चंबा की ओर आ रहा है। पुलिस ने नाकाबंदी कर उक्त युवक से तलाशी ली गई तो उससे चिट्टा बरामद किया गया। इस सारे मामले की पुष्टि अभिषेक यादव द्वारा की गई है।

# वन विभाग की टीम ने कशमल से भरी दो गाड़ियां की जब्त

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

वन विभाग की टीम ने अवैध रूप से कशमल के खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। वन रक्षक सुनील कुमार ने अपने सहकर्मी के साथ मसरूंड परिक्षेत्र के कोहाल वन क्षेत्र की पंचायत सपड़ोट, गांव पलेरणी में छापेमारी की। इस दौरान दिन और रात में एक-एक अवैध कशमल से भरी गाड़ी को कब्जे में लेकर परिक्षेत्र कार्यालय मसरूंड पहुंचाया गया।

इससे पहले, माणी वन क्षेत्र के वन रक्षक सुशील कुमार ने दुलाहर पंचायत के गांव सलोड़ी और करूंड में भी कशमल से भरी दो गाड़ियों को जब्त किया और संबंधित व्यक्ति पर जुर्माना लगाया।

स्थानीय लोग निजी भूमि की आड़ में भारी मात्रा में वन भूमि से कशमल का अवैध खनन कर रहे हैं। पहले बड़े औषधीय कशमल के पेड़ों को उखाड़ा गया और अब छोटे पौधों को भी हटाया जा रहा है, जिससे वन क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

हालांकि, वन विभाग द्वारा अब तक इस समस्या के समाधान के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है, जिससे जंगलों का तेजी से विनाश हो रहा है। लोगों ने इस पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# होटलों से फैल रही गंदगी के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

डलहौजी के समीपवर्ती गांवों के निवासियों ने शहर के होटलों से निकलने वाले गंदे पानी और कूड़े-कचरे को लेकर शुक्रवार को उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) कार्यालय डलहौजी में जोरदार प्रदर्शन किया और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों का आरोप है कि लंबे समय से इस समस्या को नगर परिषद और होटल संचालकों के समक्ष उठाया गया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।बीमारियों के खतरे से ग्रामीण चिंतित।ग्रामीणों का कहना है कि होटलों से निकलने वाला गंदा पानी और कचरा उनके क्षेत्रों में बहकर पहुंच रहा है, जिससे इलाका गंदगी से भर गया है।

खासतौर पर बारिश के दौरान यह कचरा प्राकृतिक जल स्रोतों में मिल जाता है, जिससे पेयजल दूषित हो रहा है और उल्टी-दस्त व फंगल इन्फेक्शन जैसी बीमारियां फैल रही हैं। गर्मियों में खुले में पड़ा कचरा डेंगू और मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों को जन्म दे सकता है, जिससे पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य संकट खड़ा होने की आशंका है।ग्रामीणों ने प्रशासन से ठंडी सड़क और चर्च बैलून सड़क स्थित सभी होटलों की जांच करने की मांग की। एसडीएम डलहौजी अनिल भारद्वाज ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्या पर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध कटान और धमकियों के खिलाफ डीसी को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, चंबा**



टपूण पंचायत निवासी अजय ठाकुर ने अवैध रूप से पेड़ों की कटाई, सरकारी संपत्तियों को नुकसान और लगातार मिल रही धमकियों के खिलाफ डीसी चंबा को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने इस मामले में त्वरित कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 5 जनवरी को इस अवैध गतिविधि की शिकायत दर्ज करवाई गई थी, लेकिन 61 दिन बीत जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासनिक अधिकारियों और विभागीय कर्मचारियों की लापरवाही के कारण दोषियों के हौसले बुलंद हैं। ऐसे में सरकारी स्कूल को नुकसान पहुंचाया गया, जिससे बच्चों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई। वन विभाग को सूचना देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, उल्टा प्रधान के घर के पास सफाई के लिए मजदूर लगाए गए। डीसी चंबा को सौंपे गए इस ज्ञापन से अब यह देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में कितनी तत्परता दिखाता है और क्या पीड़ित को न्याय मिल पाता है या नहीं।

# सफाई व्यवस्था में आ रही कठिनाइयां : संजय

**आरके सहगल, चंबा**



नगर परिषद चंबा के कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार ने अनंत ज्ञान से बातचीत के दौरान शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर कई अहम मुद्दों पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनता के बीच कहीं-कहीं समन्वय और संचार में कमी है, जिससे सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने में कठिनाइयां आ रही हैं।

उन्होंने बताया कि लोग चौगान की दुकानों के पीछे खुले में शौच कर रहे हैं, जिससे स्वच्छता और पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है। इसके अलावा, कचरे के पृथक्करण में भी समस्या बनी हुई है, क्योंकि लोग सूखा और गीला कचरा अलग-अलग देने के बजाय उसे मिलाकर फेंक रहे हैं, जिससे कचरा निस्तारण प्रभावित हो रहा है। संजय ने कहा कि कुछ नागरिक निर्धारित कुड़ेदानों में कचरा डालने की बजाय उसे सड़कों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर फेंक देते हैं, जिससे सफाई व्यवस्था बाधित होती है। उन्होंने कहा कि प्रशासन इस स्थिति को गंभीरता से देख रहा है और सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वच्छता मुहिम को मजबूती से लागू करने के लिए प्रयास कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

### सफाई अभियान को लेकर नगर परिषद की पहल

**सजय** कुमार ने बताया कि नगर परिषद डोर-टू-डोर जाकर जागरूकता फैलाने का कार्य कर रही है, ताकि अधिक से अधिक लोग सफाई अभियान से जुड़ें और जिम्मेदारी समझें। उन्होंने सभी नागरिकों से सफाई बनाए रखने, कूड़ेदानों का सही उपयोग करने और कचरा पृथक्करण का पालन करने की अपील की। संजय कुमार ने कहा कि हम जनता के सहयोग से चंबा को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

## कर्मचारी संघ के पप्पू बने अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस दौरान चुनाव में पप्पू को सर्वसम्मति से अध्यक्ष और विजय को महासचिव चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष व महासचिव ने कर्मचारियों के हित में कार्य करने का आश्वासन दिया और घोषणा की कि एक सप्ताह के भीतर कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य सलाहकार मिथुन शर्मा, महासचिव जोगेंद्र पाल और प्रेस सचिव सुशील सल्होत्रा सहित अनेक कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## गाली-गलौज करने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर थाना क्षेत्र के तहत एक युवक ने अपने दोस्त पर उसके साथ पार्टी करने के लिए मना करने पर गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में बाहोट के अंकित शर्मा ने बताया कि छह मार्च को वह अपने घर पर था।

इस दौरान दोस्त के कहने पर वह चला गया और वहां मौजूद उसकी गाड़ी में बैठ गया। तभी अंकित उसे पार्टी करने के लिए कहने लगा। इसी बात पर बल्लू नाराज होकर गुस्सा हो गया और उसके साथ गाली गलौज करने लग पड़ा। उसने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। डीएसपी सुंदरनगर भारतभूषण ने बताया कि मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पज्जा विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**




राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पज्जा के वोकेशनल कोर्स के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को बट्ट कॉलेज ऑफ नर्सिंग और आईटीआई बोंखरी मोड़ का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के अध्यापक ललित कुमार और नरेश कुमार भी उपस्थित रहे।

बट्ट कॉलेज ऑफ नर्सिंग और आईटीआई के चेयरमैन परवेज अली बट्ट ने जानकारी दी कि इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान नर्सिंग प्रवक्ता हिमांशु ठाकुर और अलका ने विद्यार्थियों को नर्सिंग कॉलेज के विभिन्न वार्डों, प्रयोगशालाओं और पुस्तकालय का भ्रमण करवाया।

वहीं, आईटीआई के शिक्षक संदीप कुमार ने विद्यार्थियों को संस्थान की आईटीईएस और ऑटोमोबाइल प्रयोगशालाओं का भ्रमण करवाते हुए दोनों विषयों से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। चेयरमैन परवेज अली बट्ट ने बताया कि संस्थान में नर्सिंग और आईटीआई के विभिन्न व्यावसायिक कोर्सों के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस प्रयोगशालाएं उपलब्ध हैं।

## विद्युत कर्मचारियों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विद्युत कर्मचारियों, अभियंताओं और पेंशनरों की संयुक्त समिति ने आज चंबा में बिजली पंचायत का आयोजन कर अपनी मांगों को लेकर उपायुक्त, चंबा को ज्ञापन सौंपा। समिति ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग। संयुक्त समिति ने स्पष्ट किया कि इन मुद्दों को लेकर कर्मचारी लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं और सरकार द्वारा इन पर सकारात्मक कार्यवाही न होने के कारण कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। सरकार से अपील की जाती है कि मांगों पर निर्णय लेकर कर्मचारियों की नाराजगी को दूर किया जाए।



# अंगलोट विद्यालय प्रबंधन समिति को मिला जिला स्तरीय पुरस्कार

**मुकेश कुमार, डलहौजी**



जिला चंबा के शिक्षा खंड बनीखेत में आयोजित उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति सम्मान समारोह में राजकीय प्राथमिक पाठशाला अंगलोट की विद्यालय प्रबंधन समिति को सत्र 2023-24 के लिए द्वितीय जिला स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा द्वारा प्रदान किया गया, जिसे जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चंबा के माध्यम से विद्यालय को सौंपा गया।

इस अवसर पर खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी मनी बहादुर थापा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और विद्यालय प्रबंधन समिति को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी। समिति की अध्यक्षा रचना देवी ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यालय के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी गई है।

कार्यक्रम में राजकीय प्राथमिक पाठशाला अंगलोट में कार्यरत जेबीटी अध्यापक शाम अजनबी को भी जिला स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से नवाजा गया। उन्होंने यह सम्मान अपनी दिवंगत माता निर्मला देवी को समर्पित किया।(अनंत ज्ञान)

### सूडोकु नवताल- 7363 (***** कठिनतम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7362 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## पटवारी-कानूनगो की मांगों को माने सरकार

**अनंत ज्ञान, पधर**

हिमाचल प्रदेश सेवा निवृत्त पटवारी, कानूनगो एवं नायब तहसीलदारों ने प्रदेश में चल रही पटवारी-कानूनगो की पेन डाउन स्ट्राइक को समर्थन देते सरकार से उनकी जायज मांगों को शीघ्र मानने की अपील की है। सेवानिवृत्त अधिकारियों ने कहा कि हड़ताल के कारण परेशानी हो रही है, जिससे जल्द से जल्द राहत दी जानी चाहिए। सेवानिवृत्त कानूनगो लेखराज शर्मा, बीरी सिंह, शेष राम, राम सिंह एवं सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार प्रदीप, प्रेम सिंह ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेने की मांग की। सरकार ने पटवारी-कानूनगो की मांगों को लेकर एक कमेटी का गठन किया था, जिसने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है, लेकिन अभी तक सुविधाएं नही मिली।

## पूर्व प्रधान हरिसिंह के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत डरवाड़ के वर्ष 1980 से 1995 तक 15 वर्ष तक रहे प्रधान हरिसिंह गुलेरिया का 98 वर्ष की उम्र में पिछले कल उनके पैतृक गांव अंसवाई में देहांत हो गया।

उनका जन्म 1928 में हुआ था और 6 मार्च 2025 को सुबह उन्होंने आख़िरी सांस ली। वे मेट्रिक पढ़े हुए थे और पुलिस विभाग में नॉकरी के बाद सेवानिवृत्त होने के बाद डरवाड़ ग्राम पंचायत केलगातार तीन बार प्रधान चुने गए थे। उनकी मृत्यु पर पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह पूर्व प्रधान सुरेंद, दान सिंह, लत्ता देवी वर्तमान प्रधान रणजीत सिंह, बिट्टो देवी उपप्रधान नरेंद्र बीडीसी चंपा देवी वार्ड सदस्य विना गुलेरिया आदि ने शोक व्यक्त किया है।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

8 मार्च, 2025, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** फाल्गुन, **तिथि** नवमी (08:17): **नक्षत्र** आर्द्रा (23:29), **पक्ष :** शुक्ल, **योग :** आयुष्मान (16:24) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:09-12:56), **राहुकाल** (09:35-11:04)।

### विशेष दिन

8 मार्च : 2025 श्रीहरि जयंती आज।

8 मार्च 2025 : ब्रज में होली आज से होगी प्रारंभ।

**मेष:** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी।

**वृषभ:** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें।

**मिथुन:** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**कर्क:** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**तुला:** आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**वृश्चिक:** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**धनु:** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।

# खड़ामुख-होली मार्ग पर मच्छेतर के पास भूस्खलन

**ओपी शर्मा, भरमौर**

### 12 घंटे वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद

खड़ामुख-होली मार्ग पर मच्छेतर के पास वीरवार रात को बड़ा भूस्खलन होने की चलते यह सड़क 12 घंटे वाहनों की आवाजाही के लिए पूरी तरह से बंद रहा। जिसके चलते दोनों और वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। सड़क अवरोध होने के कारण के लंबे रूट की बसें भी समय पर नहीं निकल पाई।

इसके चलते होली मार्ग पर वाहनों की आवाजाही ठप पड़ गई। भूस्खलन से आए मलबे और पत्थरों के बीच सड़क का करीब पचास मीटर का हिस्सा दफन हो गया है। वहीं बिजली का पोल भूस्खलन की जद में आकर क्षतिग्रस्त हो गया है और क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति भी ठप्प पड़ी हुई है। बहरहाल सड़क बहाली को लेकर क्षेत्र में हाईड्रो प्रोजेक्ट का निर्माण कर रही कंपनी जेएसडब्ल्यू की मशीनरी मौके पर जुटे गई है। और दोपहर बाद करीब 3ः00 बजे यह सड़क वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दी गई।

बोर्ड कर्मचारी बिजली के क्षतिग्रस्त पोल और लाईन को दुरुस्त करके सभी जगह बिजली बहाल करती है। जिला चंबा में बारिश और बर्फबारी के बाद भूस्खलन और पहाड़ों के दरकने का क्रम आरंभ हो गया है। खासकर भरमौर क्षेत्र में मौसम खुलने के बाद बड़े लैंडस्लाइड हुए हैं।(अनंत ज्ञान)


**ग्राम पंचायत जोढन विकासखंड धर्मपुर, जिला मंडी हि.प्र.**

**प्रस्ताव संख्या-2** **उपस्थिति बैठक: 7/7**

**विषय : निविदा आमंत्रित करने बारे सूचना**

**उपस्थित** सदस्यों बैठक में विचार-विमर्श के पश्चात निर्णय लिया गया कि वर्ष 2025-26 के लिए निविदा पंचायत को प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा निम्न प्रकार से हैं।

1. निविदा सील लिफाफे में ली जाएगी। 2. जीएसटी निविदा को ही स्वीकृति प्रदान की जाएगी। 3. पंजीकृत आपूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र में अपना पंजीकरण नंबर आवश्य भरे साथ ही आरसी क्रमांक की फोटोकॉपी भी सल्गन करना सूनिश्चित करें। 4. आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की गुणवता अच्छी होनी चाहिए। 5. कम दर वाली निविदाएं ही स्वीकार की जाएंगी। 6. यदि सामग्री समय पर आपूर्ति नहीं की जाती है या सामग्री की गुणवत्ता सही नहीं पाई जाती है तो पंचायत को निविदा रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा। 7. सामग्री की दर वितीय वर्ष के अंत तक यथावत रहेगी तथा सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध करानी होगी। 8. निविदा कर उस क्षेत्र में प्रचलित अधिकतम दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। निविदा दरें पंचायत क्षेत्र में दूरी के अनुसार होनी चाहिए। 9. सामग्री का भुगतान पूर्णत तकनीक मूल्यांकन एवं उपभोग के आधार पर होगा। 10. पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारी तथा उनके रिश्तेदारो सगे-संबंधियों परिवार द्वारा भरी गई निविदाएं मान्य नही होंगी। निविदा प्राप्त होने के पश्चात निविदाएं निम्नलिखित समय एवं स्थान पर निविदा खोलने के लिए गठित जांच समिति के समक्ष खोली जाएगी। आपूर्तिकर्ता को निम्नलिखित स्थान एवं समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करना होगा। 11. निविदा स्वीकृत होने पर आपूर्तिकर्ता केवल रेत, बजरी, पत्थर, जेसीबी को पंचायत के पास 20000 रूपये की धनराशि सुरक्षा राशि के रूप में जमा करानी होगी, जो एक वर्ष पश्चात वापस कर दी जाएगी। किंतु यदि आपूर्तिकर्ता सामग्री आपूर्ति करने से मना करता है अथवा समय पर सामग्री आपूर्ति नहीं करता है तो यह धन राशि संबधित पंचायत द्वारा जब्त कर ली जाएगी।

**निविदा प्राप्त होने की दिनांक 10.3.2025** **निविदा खुलने की तिथि 11.3.2025**

1. रेता क्रैशर per cum, 2. रेता दरिया per cum, 3. रेता प्लांट घुला रेत per cum, 4. क्रैशर बजरी 10 MM, 20 MM, 40 MM per cum, 5. सोलिंग स्टोन per cum, 6. गटका स्टोन 40.75 per cum, 7. पक्की इंटे 1000 nos, 8. jcb bucket per hours, 9. jcb loader per hours 10. jcb hammer per hours11. कंक्रीट mixture rent per day 12. water tank 3000ltrs capacity, per tank,13. शटरिंग स्टील किराया per sqm 14. लकडी शटरीग किराया per sqm 15. लकड़ी शटरिंग स्टील किराया per kqm 16. शटरीग स्टील किराया per kqm 17. rcc hume pipes np3 with collar 300mm per no 18. rcc hume pipes np3 with collar 45mm per no 19. rcc hume pipas npx with collar 900mm 20. सीमेंट carriage from सिविल सप्लाई स्टोर से ग्राम पंचायत तक per beg 21. sing बोर्ड concrete with पेंटिंग writing 3ft 4ft per no 22. sitting benches conrete per no.

**प्रधान/सचिव**
**कार्यालय ग्राम पंचायत जोढन विकास खण्ड धर्मपुर जिला मण्डी हि. प्र.**



**In the court of Sh. Maneesh Chaudhary (H.A.S.) Marriage officer cum-Sub Divisional Magistrate, Joginder Nagar District Mandi (H.P.)**

**In the matter of :-**

**1.** Sh. Rakesh Kumar aged about 29 years (DOB 03-05-1996) S/O Sh. Krishan Chand R/o Village Chakrol, P.O. Khaddar, Tehsil Lad Bharol, Distt. Mandi H.P.

**2.** Priyanka aged about 23 years (DOB 17-10-2002) D/o Sh. Sanjeev Kumar R/O V.P.O. Swamipur, Tehsil Nangal, Distt. Rupnagar, Punjab.

Applicants.

**Versus**

General Public

Respondents

**Subject:** Proclamation for the registration of Marriage under section 15 of special Marriage Act, 1954.

In the above noted Sh. Rakesh Kumar and Priyanka have filed an application on dated 06-03-2025 along with affidavits in the court of undersigned under section 15 of special marriage Act, 1954 that they have solemnized their marriage on dated 02-02-2025 according to the custom & ritual of Hindu religion since from the date of marriage they are living together as Husband & wife, hence their marriage may be registered under special marriage Act, 1954.

Therefore, the general public & the parents of the applicants are hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding this marriage can file the objection personally in writing or through their legal advisor before this court on or before dated **07/04/2025** The objection received after **07/04/2025** will not be entertained and marriage will be registered accordingly.

Issued today on 06/03/2025 under my hand and seal of this court.

**Marriage Officer-cum,**
**Sub Divisional Magistrate**
**Joginder Nagar, District**
**Mandi Himachal Pradesh.**
**Phone No. 01908 223895.**

संभव की सीमा जानने का एक ही तरीका है, असंभव से भी आगे निकलना है। –स्वामी विवेकानंद

## संपादकीय

# कर्ज पर कर्ज

हिमाचल प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार एक बार फिर 322 करोड़ रुपए का लोन लेने जा रही है। चालू वित्त वर्ष की समाप्ति से पहले सरकार की यह अंतिम लोन लिमिट है, जिस लेने का मन भी सरकार ने बना लिया है। सरकार यह लोन देनदारियों का भुगतान करने के मकसद से ले रही है। इस भारी भरकम लोन की किस्तें अगले 10 सालों में चुकता की जाएंगी। जाहिर है कि सरकार के इस कदम से राज्य के कर्ज में वृद्धि होने तय है। जैसे यह राशि सरकार के खाते में आएगी तो उसके साथ ही हिमाचल प्रदेश तकरीबन 91,000 करोड़ के कर्ज के बोझ तले दब जाएगा। यह स्थिति राज्य के वित्तीय स्वास्थ्य के लिए चिंता का कारण बन सकती है, क्योंकि बढ़ता हुआ कर्ज आने वाले समय में आर्थिक दबाव पैदा कर सकता है। राज्य सरकार को इस संकट से उबरने और वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के लिए कुछ ठोस कदम उठाने चाहिए, क्योंकि हिमाचल प्रदेश के बढ़ते कर्ज का प्रभाव व्यापक स्तर पर हो सकता है। हिमाचल प्रदेश जैसे छोटे पहाड़ी राज्य के लिए कर्ज का बोझ पहले से ही एक बड़ी चुनौती है। जब राज्य सरकार कर्ज लेने के लिए विवश होती है, तो इससे कई समस्याएं उत्पन्न होती हैं।

हालांकि, यह परिपाटी कई सालों से यूं ही चल रही है। कर्ज पर कर्ज लेना जैसे यहां मामूली बात हो गई है। पुराना कर्ज चुकता नहीं है और नया कर्ज ले लिया जाता है। कितनी सरकारें आईं और चली गईं, लेकिन लोन की चेन टूटने का नाम ही नहीं ले रही है। हिमाचल में राजनीतिक दल प्रमुख रूप से सत्ता पर काबिज होते हैं। एक बार कांग्रेस आती है और अगले पांच साले के लिए फिर भाजपा आ जाती है। इस तरह सरकारें बदलने का रिवाज भी हिमाचल में कई सालों से अनवरत चला हुआ है। यहां सरकार रिपीट करने का रिवाज डालने की कोशिशें तो कई बार हुई नहीं कामयाबी किसी भी दल को नहीं मिल पाई। यही वजह है सरकारें लोन लेने से नहीं कतराती और इसके लिए एक–दूसरे को दोषी ठहराती रहती हैं। यूं लगता है जैसे दोनों राजनीति दल एक ही थैली के चट्टे–बट्टे हैं। कोई भी सरकार को प्रदेश को गंभीर आर्थिक संकट से निकालने में कामयाब नहीं हो पाई। एक सरकार लोन लेती है तो दूसरी सरकार किस्तें चुकाती है। यह प्रथा न जाने कब बंद होगी? इस गंभीर मसले पर दोनों दलों को एक मेज पर बैठकर चिंतन मनन करने की जरूरत है।

हैरानीजनक यह है कि बढ़ते कर्ज के साथ–साथ सरकार पर ब्याज का दबाव भी आश्चर्यजनक ढंग से बढ़ जाता है, जो राज्य के लिए एक किस्म से स्थायी वित्तीय बोझ बनता जा रहा है और इसके परिणाम स्वरूप अन्य विकासात्मक कार्यों में खर्च सीमित हो जाते हैं। कर्ज चुकाने के लिए बजट का एक बड़ा हिस्सा ब्याज और कर्ज के भुगतान में चला जाता है, जिससे विकास कार्यों के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध नहीं हो पाता। यह राज्य की सामाजिक और आर्थिक प्रगति को प्रभावित कर जाता है। कर्ज की वृद्धि से राज्य की वित्तीय स्थिरता पर गंभीर असर पड़ता है। इससे जहां निवेशकों का विश्वास प्रभावित होता है वहीं राज्य की क्रेडिट रेटिंग पर नकारात्मक प्रभाव भी हो सकता है।

सरकार को कर्ज के इस चक्रव्यूह से बाहर निकलने के लिए सबसे पहले तो अपने राजस्व स्रोतों में विविधता लाने की दिशा में काम करना चाहिए। राज्य को प्रमुख तौर पर पर्यटन, कृषि और जल विद्युत जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने की जरूरत है। अगर इन चीजों पर भी ज्यादा फोकस हो जाए तो आमदनी बढ़ने की काफी संभावनाएं रहती हैं। पर्यटन की अपार संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सरकार को इस क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के लिए बेहतर योजनाएं बनानी चाहिए। इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश के जल स्रोतों का उचित उपयोग करके जल विद्युत परियोजनाओं से अतिरिक्त राजस्व प्राप्त किया जा सकता है।

सरकार को कर संग्रहण व्यवस्था में सुधार करना चाहिए। सरकार को अपने खर्चों पर सख्त नियंत्रण रखना होगा। कर्ज लेने के बजाय दीर्घकालिक वित्तीय योजनाएं बनानी चाहिए जो राज्य को वित्तीय संकट से बाहर निकाल सकें। प्रदेश की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा कृषि और बागवानी पर निर्भर है। इन क्षेत्रों में निवेश और विकास करने के लिए सरकार को कृषि उपज की कीमतों में सुधार, किसानों को बेहतर तकनीकी सहायता और बाजारों तक पहुंच उपलब्ध करानी चाहिए। राज्य सरकार को एक समग्र और रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाना होगा। केवल कर्ज को टालने से कोई हल नहीं निकलेगा, बल्कि दीर्घकालिक योजनाओं और वित्तीय प्रबंधन में सुधार की आवश्यकता है। ■


## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारत की जानी मानी लेखिका

रश्मि बंसल भारत की जानीमानी लेखिका हैं। एक प्रख्यात खगोल भौतिक वैज्ञानिक की पुत्री रश्मि बंसल का बचपन टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च में बीता। रश्मि अपने कॉलेज के दिनों से ही किताबें लिख रही हैं और एमबीए की पढ़ाई पूरी करते ही उन्होंने अपना प्रकाशन समूह जेएऍम भी खोल लिया। अपनी कहानियों के लिए रश्मि बंसल बहुआयामी कथानकों की खोज में रहती हैं। इनकी महत्वपूर्ण पुस्तकें 'फॉलो एव्री रेनबो' व 'अराइज अवेक' इत्यादि हैं। रश्मि बंसल का जन्म मुंबई शहर में हुआ था। उनके पिता खगोल भौतिकी के वैज्ञानिक थे। उन्होंने सेंट जोसेफ उच्च विद्यालय और आरसी चर्च से अपनी प्रारंभिक शिक्षा हासिल की। बाद में सोफिया कॉलेज से अर्थशास्त्र में पदवी हासिल कर आईआईएम–एएमबीए की पदवी प्राप्त की। रश्मि बंसल एक उत्तम छात्रा थीं। वे कक्षा में अव्वल आती थीं। उन्हें किताबों से बचपन से ही लगाव था। समय मिलने पर उपन्यास पढ़ा करती थीं। उनको गणित पसंद नहीं था, इसलिए उन्होंने कला विषय में अपनी आगे की पढ़ाई करने का निर्णय लिया। रश्मी बंसल को 2010 में इकोनॉमिक क्रॉसवर्ड पॉपुलर अवॉर्ड जैसे प्रतिष्ठित सम्मान के लिए शोर्टलिस्ट किया गया था। 2012 में भी 'आई हेव ए ड्रीम' के लिए उन्हें इस पुरस्कार के लिए शोर्टलिस्ट किया गया था। ■



रश्मि बंसल
जन्म : 8 मार्च, 1985



कविता

## नारी–तू महान तुझे प्रणाम

योगिंद्र पाल वालिया, डडौर, बल्ह (मंडी)

*ऐ नारी तू पहले मां–बहन बनकर, फिर पत्नी बेटी रूप में दिखती*
*हो, नारी तुझे प्रणाम, तुझे प्रणाम... ।*
*बचपन तेरा मायका व जवानी, बुढ़ापा ससुराल, मायके की इज्जत,*
*ससुराल की कुलदेवी बन, दो घरों से हमेशा तुम*
*जुड़ी रहती हो।*
*किसी ने कमजोर कहा, किसी ने महान बताया, तू तो नारी है, सिर्फ*
*मजबूत व संवेदनशील, हर रिश्ते में तुम खड़ी रहती हो।*
*कभी तुझे पूजा गया, कभी ठुकराया गया, फिर भी सभी का जीवन,*
*निस्वार्थ सेवा से तुम संवारती हो।*
*तुम परमात्मा की ऐसी रचना, मानवता व त्याग की, महान मूर्ति, दो*
*घरों से तुम हमेशा जुड़ी रहती हो, नारी तुझे प्रणाम, तुझे प्रणाम... ।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# लैंगिक समानता : एक न्यायपूर्ण समाज की नींव



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस विशेष



लेखिका : वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर (हि. प्र.)

स्त्री और पुरुष एक ही गाड़ी के दो ऐसे पहिए हैं जिनमें से यदि एक पहिया थोड़ा सा भी डगमगाए, तो उसका असर दूसरे पहिए पर जरूर दिखाई देता है।

एक के बिना दूसरा अधूरा है। लैंगिक समानता का अर्थ होता है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने प्रगति, सर्वांगीण विकास और व्यक्तित्व के विकास के लिए अवसर प्राप्त हो तथा प्रत्येक व्यक्ति के साथ समान व्यवहार किया जाए, इसमें कोई वर्ग विशेष का अधिकार नहीं आता। इसी आधार पर एक स्त्री और पुरुष को भी समानता की श्रेणी में लाया जाता है, परंतु हमारे देश की सभ्यता और संस्कृति में स्त्री पुरुष समानता पर विशेष रूप से हमारा समाज अपनी भागीदारी सुनिश्चित करता है जिसके कारण हमारे समाज की यह सोच बन गई है कि नारी पुरुष की अपेक्षा हमेशा कम ही आंकी जाती है। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में उस राष्ट्र की आधी आबादी की भूमिका की महत्ता से इंकार नहीं किया जा सकता। 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' पर महिलाओं की यह सफलता निश्चित ही संतोष प्रदान करती है। इस वर्ष 2025 को मनाया जा रहे 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' की थीम है "accelerate action" यानी 'कार्रवाई में तेजी लाएं' यह लैंगिक समानता हासिल करने के लिए त्वरित और निर्णायक कदम उठाने के महत्व पर केंद्रित है। यह थीम महिलाओं की समानता और सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से प्रगति करने की अपील करती है। 'लैंगिक समानता' का अर्थ है पुरुषों और महिलाओं को समान अधिकार, अवसर और सम्मान मिलना।

यह किसी भी विकसित समाज की नींव होती है, जहां लिंग के आधार पर भेदभाव न हो। हालांकि ऐतिहासिक रूप से महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, राजनीति और अन्य क्षेत्रों में पीछे रखा गया, तो इसी दिशा में और प्रयास करने और भेदभाव को खत्म करने की जरूरत है।

अभी भी समाज में कई जगहों पर पितृसत्तात्मक सोच महिलाओं के उत्थान पर हावी है। जिसका प्रमुख कारण अशिक्षा और नारी का आत्मनिर्भर न होना है। अभी भी समाज में कुछ वर्ग ऐसा है जो सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से पिछड़ा हुआ है जहां महिलाएं इतनी पढ़ी–लिखी नहीं है। वे इतनी सक्षम नहीं है कि परिवार के निर्णय खुद ले सके और अपनी जिंदगी को अपने ढंग से जिएं।

अभी भी कई जगहों पर लड़कियों की शिक्षा को महत्व नहीं दिया जाता जिससे वे घरेलू कामकाजों में ही उलझ कर रह जाती हैं और अपनी जिंदगी में कुछ भी नहीं कर पाती। लैंगिक असमानता का एक और प्रमुख कारण महिलाओं को पुरुषों की तुलना में कम वेतन मिलना भी है। चाहे वह फिल्मी दुनिया हो या प्राइवेट सेक्टर हो, पुरुषों को महिलाओं की अपेक्षा अधिक वेतनमान दिया जाता है। राजनीतिक क्षेत्र में भी महिलाओं की संख्या पुरुषों की अपेक्षाकृत कम है।

महिलाओं को पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर भेदभाव और हिंसा का सामना भी करना पड़ता है। लैंगिक समानता होने से सभी को समान अवसर मिलेंगे तो समाज अधिक न्याय संगत बनता है। जब हर तबके में लड़कियों की शिक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा तो लैंगिक समानता से समाज का संपूर्ण विकास होगा। समानता सुनिश्चित करने से लोकतंत्र मजबूत होगा और विविध विचारों को मंच मिलेगा। महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों के लिए सख्त कानून बनाने की भी जरूरत है जिससे महिलाओं में असुरक्षा का डर नहीं रहेगा और वह नि:संकोच राष्ट्र के उत्थान में अपनी अहम भूमिका अदा कर सकती है।

कार्यस्थल पर समान वेतन और समान अवसर सुनिश्चित करने की भी आवश्यकता है जिससे न्याय संगत माहौल बना रहता है। महिलाओं को हिंसा और उत्पीड़न से बचने के लिए ठोस कदम उठाए जाने बाकी हैं। अभी भी समाज में कई जगहों पर पितृसत्तात्मक सोच महिलाओं के उत्थान पर हावी है। जिसका प्रमुख कारण अशिक्षा और नारी का आत्मनिर्भर न होना है।

अभी भी समाज में कुछ वर्ग ऐसा है जो सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से पिछड़ा हुआ है जहां महिलाएं इतनी पढ़ी–लिखी नहीं है। वर्तमान गति से, पूर्ण लैंगिक समानता प्राप्त करने में 2158 तक का समय लग सकता है, जो लगभग पांच पीढ़ियों के बराबर है। इसीलिए इस वर्ष 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' की थीम 'तेजी से कार्रवाई करें' इस प्रगति को तेज करने और महिलाओं के सामने आने वाली बाधाओं और पूर्वाग्रहों को दूर करने के लिए त्वरित और निर्णायक कदम उठाने की आवश्यकता पर बल देती है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

नजरिया

# पितृसत्ता स्वतंत्रता और समानता के मायने



लेखक : डॉ. महेंद्र सिंह
प्रिंसिपल ब्रेही स्कूल, चंबा

'कार्यवाही में तेजी लाना' थीम के साथ विश्व आज महिला दिवस की स्वर्ण जयंती मना रहा है। थीम का भाव बताता है कि अभी बहुत कुछ करना बाकी है जिस के लिए त्वरित कार्यवाही अपेक्षित है। आज ही के दिन 1917 में रूस की महिलाओं ने अपने हक के लिए लडाई शुरू की थी। उसी दिन को याद रखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1975 में 8 मार्च को महिला दिवस मनाने की आधिकारिक घोषणा की थी, हालांकि महिलाओं ने अपने हक के लिए संघर्ष की पृष्ठभूमि कई दशक पहले ही सुदृढ़ कर ली थी। इस संघर्ष में पश्चिमी जगत की महिलाओं के योगदान को कभी भी विस्मृत नहीं किया जा सकता।

विशेष रूप से महिला लेखिकाओं ने अपने लेखन से न सिर्फ सैद्धांतिक अपितु व्यवहारिक नारीवाद को पुष्ट किया। सन 1792 में 'मेरी वुल्स्टन क्रैफ्ट' की पुस्तक 'विंडीकेशन ऑफ दी राइटस ऑफ विमेन' तथा सन 1949 में प्रसिद्ध फ्रांसीसी लेखिका 'सिमोन द बोआ' की क्रांतिकारी पुस्तक 'द सेकंड सेक्स' जिसका बाद में हिंदी उपन्यासकार प्रभाखेतान ने 'स्त्री उपेक्षिता' नाम से अनुवाद किया है ने पितृसत्ता की चूलें हिला दी। पश्चिमी जगत में नारीवाद ने काफी हद तक अपने संघर्ष के प्रतिफल को प्राप्त भी किया, सहेजा भी और अंतिम परिणति की ओर अग्रसर भी किया मगर यह कहानी मुख्य रूप से विकसित देशों की परिधि में ही घूमती रही। बाकी दुनिया और इस्लामिक देशों में नारीवाद गरीबी, परंपराओं और धार्मिक कट्टर बंधनों से पार नहीं पा सका।

जहां तक भारतीय संदर्भ को देखा जाए, तो पितृसत्ता की जढें यहां आज भी काफी गहरे तक समाई हैं। यहां स्वतंत्रता तथा समानता के मायने अभी काफी हद तक सैद्धांतिक तौर की प्रचारित प्रसारित हुए हैं। व्यवहारिक सत्यता आज भी कटुता का आवरण लिए हुए है। भारत की सत्तर प्रतिशत आबादी आज भी गांवों में बसती है जहां महिला स्वतंत्रता व समानता के मायने पितृसत्ता के ताने–बाने में ही फिट कर दिए जाते हैं।



परंपराओं का प्रभाव इतना गहरा है कि लिंग भेद कोई करता भले ही न हो, परंतु हो जाता है क्योंकि जीवन की व्यवहारिकता में पितृसत्ता रच बस गई है। चाहे पुरुष हो या स्त्री उनको इस बात का एहसास ही नहीं होता कि वे लिंगभेद को बढावा दे रहे हैं। अगर हल्के से विश्लेषण किया जाए तो न जाने कितने दैनिक कार्य से लेकर सामाजिक कार्य ही हमने लिंगभेद के आधार पर वर्गीकृत कर रखे हैं। आज शहरों से ले कर गांव तक किसी भी घर के बाहर देख लीजिए कितनी नेमप्लेट महिला के नाम पर होती है? आज एक सत्तर साल की औरत भी विवाह में शगुन अपने बेटे या पोते के नाम लिखवाती है।

आज अस्सी से नब्बे प्रतिशत माताओं से पूछा जाए, तो वह स्वयं औरत होते हुए पुत्र प्राप्ति की अपनी इच्छा जाहिर करेगी और यह कहना भी गलत नहीं होगा कि पुत्री के जन्म पर ताना मारने वाला नब्बे प्रतिशत पहला प्राणी सास ही होती है।

महिलाएं भले ही प्लेन चलाती हो मगर हल चलाएं तो पारंपारिक व्यवधान पैदा हो जाएगा। आखिर चूल्हे चौके में मां की सहायता करने वाली बेटियां ही क्यों होती हैं? लड़कों को क्यों एकमुश्त छूट है? लड़की गुड़िया से ही क्यों खेले? ऐसे न जाने कितने लिंगभेद जनित वर्गीकरण हमारे तन–मन में रच बस गए हैं। पंचायतीराज में आरक्षित सीटों पर जीती महिलाओं के निणर्यों पर किस कदर पितृसत्ता हावी रहती है उन स्थितियों से भला कौन वाकिफ नहीं होगा? इसलिए यहां स्वतंत्रता और समानता के वास्तविक मायने स्थापित होना बाकी है।

पितृसत्ता के रचनाकारों से महिलाएं अपनी स्वतंत्रता तथा समानता के मायने स्थापित करने की उम्मीद नहीं कर सकती। उनको अपने समाज का निर्माण स्वयं करना होगा। महिलाओं को पितृसत्ता की रूढ लिंगभेद वाली अवधारणओं को ध्वस्त करते हुए प्रकृति प्रदत्त अपनी जैविक और विशिष्ट विशेषताओं के आधार पर सुदृढ़ समानता प्राप्त करनी होगी जो उसकी स्वतंत्रता को चिरस्थायी बनाएगी। पुरुषवादी सोच की प्रतिस्पर्धा की मृगमरीचिका उनकी अपनी विशिष्ट विशेषताओं को ध्वस्त कर देगी। प्रसिद्ध उपन्यासकार मैत्रेयी पुष्पा का कथन इसी बात का परिचायक है कि अभी खुली खिड़कियों से दिखने वाला आसमान ही महिलाओं के हिस्से आया है। दरवाजे खोल कर खुली उड़ान अभी बाकी है। यही उड़ान स्वतंत्रता, समानता तथा महिला दिवस के सही मायनों को तय करेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## अपनी बात

वर्तमान समय में प्रत्येक पार्टी सत्ता पाने के लिए जनता को 'भिखारी' बना रही है। जनता नेता को देख कर अपने कागज आगे बढ़ाने लगते हैं, मांगें करने लगते हैं, ऐसा लगता है मानो जनता भिखारियों की तरह भीख मांग रही हो। संदर्भ कुछ भी हो या मंत्री की मन:स्थिति ठीक न हो, लेकिन असल भिखारी तो नेता–मंत्री ही होते हैं, जो चुनाव के दौरान एक–एक वोट के लिए जनता से गुहार करते हैं। यदि वह आम आदमी की बात नहीं सुनेंगे और उसकी मांग पूरी करने की कोशिश नहीं करेंगे, तो वह सत्ता में क्यों हैं? क्या जनता उनकी आरती उतारे? लोकतंत्र में बुनियादी ताकत जनता में ही निहित है, जिसका मताधिकार विधायक–सांसद चुनता है। बाद में वे सरकार में मंत्री पद हासिल करते हैं। वहां से उन्हें राज्य की राजनीति में लाया गया। संभव है कि वह कुंठा आज भी उनके भीतर जमा हो। लोकतंत्र में चुने हुए चेहरे 'जनसेवक' कहलाते हैं।

**रमित चौधरी, धर्मशाला**

# जानलेवा बना पर्यावरण प्रदूषण, प्राणधारियों के जीवन संकट में



लेखक : रामलाल पाठक
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार

जल एवं वायु के बिना संसार में किसी भी प्राणधारी के अस्तित्व की परिकल्पना नहीं की जा सकती है । यह कहना तर्कसंगत है कि जल ही जीवन है तथा वायु के बिना धरती पर जीवन संभव ही नहीं है।

जल एवं वायु धरती के प्राणधारियों के लिए प्रकृति की ओर से मिला अद्भुत उपहार है, लेकिन मानव द्वारा निजी स्वार्थों के लिए प्रकृति से जमकर छेड़छाड़ की जा रही है। इससे मानव सहित धरती पर रहने वाले अन्य सभी प्राणियों पर पर्यावरण प्रदूषण का खतरा मंडराने लगा है। इससे प्राकृतिक आपदा की अनेक घटनाएं घटित हो रही है तथा बड़े पैमाने पर जानी नुकसान भी होने लगा है। यदि मनुष्य ने समय रहते इस ज्वलंत समस्या को गंभीरता से नहीं लिया तथा आए दिन बढ़ रहे पर्यावरण प्रदूषण को उपाय नहीं किए तो भविष्य में इसके अत्यंत गंभीर परिणाम होंगे। पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सरकार का ही नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। जलवायु में बढ़ते प्रदूषण से पर्यावरण प्रेमी अत्यंत चिंतित है। भू–विज्ञानियों के अनुसार पृथ्वी के दो–तिहाई से अधिक भाग में पानी है, लेकिन यह सारा पानी पीने योग्य शुद्ध नहीं है, जबकि शेष बचे भाग में जन–जीवन है तथा इसमें ही उपलब्ध पानी से समस्त प्राणियों की आवश्यकताएं पूरी होती है। निरंतर प्रदूषित हो रहे पर्यावरण का सबसे अधिक प्रभाव जल और वायु पर ही पड़ रहा है। प्रकृति से हो रही छेड़छाड़ से पारंपारिक जल स्रोतों का अस्तित्व खतरे में है तथा वायुमंडल पूरी तरह से प्रभावित हो गया है।

परिणाम स्वरूप लगभग आधी से अधिक जनसंख्या के लिए नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल भी उपलब्ध नहीं हो रहा है। इसलिए पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि धरती पर यदि तृतीय विश्व युद्ध होगा, तो उसका कारण स्वच्छ पेयजल ही होगा। इसलिए देश एवं दुनिया के लिए दिन–प्रतिदिन बिगड़ रहा पर्यावरण संतुलन भविष्य के लिए खतरे की घंटी है। चिरकाल से मनुष्य पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहा है। प्रदूषण से राहत पाने के लिए मनुष्य ने वीरान पड़ी धरती पर विभिन्न श्रेणियों के पेड़ लगाए। उनमें पीपल और वटवृक्ष की अधिकता रही है। इन वृक्षों से प्राणधारियों के लिए पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन व शीतल छाया मिलती रही। इसके साथ ही इन पेड़ों की घनी छाया से से धरती का तापमान स्थिर रहता तथा जमीन में भी नमी बनी रहती।



इन विशालकाय वृक्षों का मनुष्य अपने स्वार्थ के लिए कटान न करें.. इसलिए उन वृक्षों के निचे देवी देवताओं की मूर्तियों रख दी, ताकि वहां देव स्थल मान कर कोई उन वृक्षों को नहीं काट सकें। सदियों से लोक आस्था के केंद्र रहे इन विशालकाय वृक्षों पर वनकटुओं की कुल्हाड़ी भी नहीं चलती। लोग पीपल व वटवृक्ष की लकड़ी का प्रयोग ना तो इमारतों के दरवाजों एवं खिड़कियों के लिए करते हैं और न ही इसे जलाने के काम में लाया जाता है। यही कारण है कि सैकड़ों वर्षों के बाद भी इन वृक्षों का अस्तित्व बना हुआ है। पहले प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण करना लोग पुण्य का काम समझते थे। किसी बड़े पीपल या वटवृक्ष के नीचे लोग प्याऊ लगाते, ताकि राहगीर पलभर शीतल छाया में बैठकर आराम सकें तथा प्याऊ का ठंडा पानी पीने के बाद अपनी मंजिल की ओर चल पड़े। बढ़ते जंगली जानवरों की प्यास बुझाने के लिए जंगलों में बड़े–बड़े तालाब (पोखर) बनाए जाते थे।

जंगल में प्राकृतिक जल स्रोत कम होने की स्थिति में उन तालाबों में बारिश का पानी संग्रहीत होता, ताकि जंगली जानवर पानी की तलाश में बस्तियों की ओर न आए। तालाब के उस पानी से जमीन में भी नमी भी बनी रहती। पहले कच्चे घर आंगन होने से बरसाती पानी का जमीन में रिसाव हो जाता था। इससे भी मिट्टी में नमी बनी रहती थी। अब घर आंगन भी पक्के हैं। इससे बरसात का पानी एकदम वह जाता है।

विकास की अंधी दौड़ में भी पर्यावरण प्रभावित हुआ है। लंबी चौड़ी सड़कों को पक्का करने, बड़े– बड़े भवनों के निर्माण तथा कंक्रीट के बड़े–बड़े मैदानों के बनने से तापमान बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जमीन पर कंक्रीट के जंगल खड़े कर दिए गए हैं। निर्माण कार्य के लिए अंधाधुंध खनन हो रहा है। हरे–भरे पेड़ों का धड़ल्ले से कटान हो रहा है। उपजाऊ भूमि रेत में बदल गई है। नदियों, खड्डों व नालों में रेत बजरी एवं पत्थरों का अंधाधुंध खनन हो रहा है। इसके किनारों पर स्थित प्राकृतिक जल स्रोत लुप्त हो गए हैं या फिर लुप्त होने के कगार पर हैं । हालांकि पर्यावरण बचाओ पर सरकार ने पहले से ही अपना ध्यान केंद्रित किया है। यदि इस दिशा में प्रभावी ढंग से ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो संसार के प्राण धारियों का भविष्य संकट में है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बलात्कार और हिंसा पर कब टूटेगी समाज की चुप्पी ?



लेखक : योगेश कुमार गोयल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

दुनियाभर में प्रतिवर्ष 8 मार्च को 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया जाता है, जो सही मायनों में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने वाला एक वैश्विक दिवस है।

यह दिन लैंगिक समानता में तेजी लाने के लिए कार्रवाई के आह्वान का भी प्रतीक है। हालांकि चिंता का विषय यही है कि जिस 'आधी दुनिया' के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है, उसी आधी दुनिया को जीवन के हर मोड़ पर भेदभाव या अपराधों का सामना करना पड़ता है। यदि इसे भारत के ही संदर्भ में देखें तो शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब 'आधी दुनिया' से जुड़े अपराधों के मामले देश के कोने–कोने से सामने न आते हों। होता सिर्फ यही है कि जब भी कोई बड़ा मामला सामने आता है तो हम सिर्फ पुलिस–प्रशासन को कोसने और संसद से लेकर सड़क तक कैंडल मार्च निकालने या अन्य किसी प्रकार से विरोध–प्रदर्शन करने की रस्म अदायगी करके शांत हो जाते हैं।

अन्यथा ऐसी छोटी–मोटी घटनाएं तो आए दिन होती ही रहती हैं। देश में कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर बीते कुछ वर्षों में कई तरह के कदम उठाने और समाज में 'आधी दुनिया' के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों या छेड़छाड़ अथवा मर्यादा हनन या फिर अपहरण अथवा क्रूरता, 'आधी दुनिया' के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? इसका एक बड़ा कारण तो यही है कि कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्वों पर वो कड़ी कार्रवाई नहीं हो रही है, जिसके वो हकदार हैं और इसके अभाव में हम ऐसे अपराधियों के मन में भय पैदा करने में असफल हो रहे हैं। कहना गलत नहीं होगा कि महज कानून कड़े कर देने से ही महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध थमने से रहे, जब तक उनका ईमानदारीपूर्वक कड़ाई से पालन न किया जाए।



ऐसे मामलों में पुलिस–प्रशासन की भूमिका भी अनेक अवसरों पर संदिग्ध रहती है। पुलिस किस प्रकार ऐसे अनेक मामलों में पीड़िताओं को ही परेशान करके उनके जले पर नमक छिड़कने का कार्य करती है, ऐसे उदाहरण अक्सर सामने आते रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों के मद्देनजर अपराधियों के मन में पुलिस और कानून का भय कैसे उत्पन्न होगा और कैसे महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों में कमी की उम्मीद की जाए? जरूरत इस बात की महसूस की जाने लगी है कि पुलिस को लैंगिक दृष्टि से संवेदनशील बनाया जाए, ताकि पुलिस पीड़ित पक्ष को पर्याप्त संबल प्रदान करे और पीड़िताएं अपराधियों के खिलाफ खुलकर खड़ा होने की हिम्मत जुटा सकें, साथ ही जांच एजेंसियों और न्यायिक तंत्र से भी ऐसे मामलों में तत्परता से कार्रवाई की अपेक्षा की जानी चाहिए।

ऐसी घटनाओं पर अंकुश के लिए समय की मांग यही है कि सरकारें मशीनरी को चुस्त–दुरुस्त बनाने के साथ–साथ प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित करें कि यदि उनके क्षेत्र में महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों के मामलों में कानून का अनुपालन सुनिश्चित नहीं हुआ तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाए। सामाजिक मूल्यों का विकास करने के लिए विद्यालयों में नैतिक शिक्षा को लागू करना और छात्रों को अच्छा साहित्य पढ़ने के लिए प्रेरित करना समय की मांग है, ताकि युवाओं की नकारात्मक सोच को परिवर्तित करने में मदद मिल सके, जिससे स्थिति में सुधार की उम्मीद की जा सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज–2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर–176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या–HPHIN01099
ई–मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सरकाघाट कॉलेज के 15 छात्र नौकरी के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट के बीवॉक अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं का चयन देश के प्रतिष्ठित होटल ग्रुप के विभिन्न होटल प्रतिष्ठानों में हुआ है। वोकेशनल विभाग के 15 छात्र-छात्राओं को होटल के विभिन्न विभागों में चयनित किया गया है। चयनित छात्र-छात्राओं में अंतिम वर्ष के अभिषेक, आरव, मोनिका, आंचल, साहिल, सुजल, सपना, राहुल, अभिषेक शर्मा, मीनाक्षी, पल्लवी, शुभम, बॉबी, अनुराग और मनीष शामिल है। हयात रीजेंसी लुधियाना, स्वास्तिक पुणे, मोक्षा रिजॉर्ट परमाणु तथा रेडिसन जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट किया जाना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है तथा इसे आगे भी जारी रखा जाएगा। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. आरआर कोंडल द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए बताया गया कि यह सफलता छात्र-छात्राओं की मेहनत तथा प्रशिक्षकों के समर्पण का परिणाम है।

### लाइब्रेरी में 33 किताबें करवाई उपलब्ध

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** महादेव सरकारी सीनियर सेकेंड्री स्कूल की लाइब्रेरी में आज क्रयाश बुक बैंक ने नीट परीक्षा की तैयारी के लिए 33 किताबें उपलब्ध करवाई। इससे पहले भी, आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को मुफ्त मार्गदर्शन देने की भी पेशकश की गई। अब तक क्रयाश बुक बैंक 19 स्कूलों में 303 किताबें दान कर चुका है। स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश सैनी और साहिल गुप्ता ने क्रयाश टीम के निखिल, साल्या, सिमरन, सुचेता, यालिश और शाइना के प्रयासों की सराहना की। क्रयाश के संस्थापक डॉ. धर्मेश शर्मा ने कहा कि जो भी छात्र नीट परीक्षा की तैयारी करना चाहते हैं, वे हमसे संपर्क करें। इसके अलावा, हाल ही में नीट पास कर चुके छात्र भी मार्गदर्शन और किताबें देने के लिए तैयार हैं। क्रयाश एक युवा नेतृत्व वाली संस्था है, जहां पत्रकार, वकील, डॉक्टर, शिक्षक, दुकानदार, सामाजिक कार्यकर्ता और हर वर्ग के लोग अपने ज्ञान से सहयोग कर रहे हैं।

### नारा लेखन प्रतियोगिता में निर्मला प्रथम

**रिसेत, सरकाघाट।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर में रोड सेफ्टी क्लब के द्वारा नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रचनात्मक व प्रेरणादायक नारों के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रो. रमेश चंद्र शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निर्मला बीकॉम द्वितीय वर्ष द्वितीय स्थान पर भारती बीए तृतीय वर्ष, तृतीय स्थान पर महक बीए तृतीय वर्ष तथा कशिश बीए द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक प्रो. सुमन कुमार ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी छात्रों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

### पनारसा कॉलेज में नवाजे होनहार विद्यार्थी



**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय महाविद्यालय पनारसा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. नंदलाल शर्मा सेवानिवृत संयुक्त निदेशक (शिक्षा विभाग), विशेष अतिथि डॉ. धनेश्वरी ठाकुर (सेवानिवृत प्राचार्य), प्रो. चेतन राणा (सेवानिवृत प्रोफेसर) व एडवोकेट चंद्रा उपस्थित रहे। पीटीए व ओल्ड स्टूडेंट्स ऐसोसिएशन के पदाधिकारी और सदस्य भी समारोह में उपस्थित थे। प्राचार्य, डॉ. उरसेम लता ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की अपील की।

### राजीव गांधी महाविद्यालय में लगाया रोजगार मेला

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक महाविद्यालय, जोगिंद्र नगर में शुक्रवार को रोजगार मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों की 10 प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिन्होंने महाविद्यालय के करीब 170 विद्यार्थियों के साक्षात्कार लिए। मेले के दौरान न केवल विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए, बल्कि उन्हें भविष्य में साक्षात्कार की प्रक्रिया, व्यक्तित्व विकास एवं करियर संबंधी दिशा-निर्देश भी मिले। महाविद्यालय के करियर काउंसिलिंग सेल की महत्वपूर्ण भूमिका इस मेले के आयोजन में रही। सेल के अध्यक्ष प्रो. नवीन निश्चल ने कहा, 'विद्यार्थियों को इस तरह के अवसरों का पूरा लाभ उठाना चाहिए।' महाविद्यालय प्रशासन ने रोजगार मेले को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

### नहर-जलाशय में जल परिवहन शुरू करने की उठी मांग

**अनंत ज्ञान, महादेव।** पर्यटन विकास के दृष्टिगत मंडी जिला के प्राकृतिक बड़े तालाबों -जलाशयों, झीलों आदि में जहां जल परिवहन की तर्ज पर नौका विहार करने की मांग लंबित पड़ी है वहीं अब बीएसएल परियोजना (बीबीएमबी) के यहां जल परिवहन शुरू करने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। पन बिजली उत्पादन के क्षेत्र में पुरानी अग्रणी परियोजना से संबंधित यानि ब्यास सतलुज लिंक परियोजना (भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड) के अंतर्गत बग्गी से सुंदरनगर की नहर एवं झील सहित पंडोह डैम में स्थानीय लोगों को नौका विहार तथा जल परिवहन शुरू करने से स्थानीय लोगों को सुनहरी मौका मिलेगा। साथ ही यह रमणीय एवं सुंदर स्थल ऐसे रोमांचकारी सफर का नजारा पेश होने से दूर- दूर के पर्यटकों को भी अपनी ओर आकर्षित करेगा। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि केंद्र सरकार को चाहिए कि खासतौर पर बीबीएमबी की नहर-झीलों आदि में जल परिवहन शुरू करे जिससे देश- विदेश के पर्यटक खींचे चले आएंगे। लोगों ने मंडी की सांसद कंगना रनौत व केंद्र सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही उक्त जल मार्ग के स्थान चिन्हित कर जल परिवहन शुरू किया जाए।

---

### जोगिंद्रनगर में एनएचएआई की बड़ी कार्रवाई, 17 अवैध कब्जों को किया चिन्हित

# अवैध कब्जों पर चला पीला पंजा

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने शुक्रवार को जोगिंद्रनगर में सड़क किनारे बने अवैध कब्जों को हटाने के लिए बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी।

गूगली पुल से लेकर गुरुद्वारा साहिब तक लगभग 16-17 अवैध कब्जों को चिन्हित किया गया था, जिन पर पहले भी प्रशासन ने नोटिस जारी किए थे, लेकिन कब्जाधारियों द्वारा स्वयं इन्हें न हटाने के कारण, आज पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में बुलडोजर चलाया गया।

#### 6 माह पूर्व दिया था नोटिस अब कार्रवाई में आई तेजी

**छह** महीने पहले, एनएचएआई के पालमपुर कार्यालय ने इन अवैध कब्जों की पहचान कर डिमार्केशन किया था और संबंधित लोगों को अपने स्तर पर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था, लेकिन इस अवधि में किसी ने भी इस पर अमल नहीं किया। इसके बाद एनएचएआई ने दोबारा नोटिस जारी कर जल्द से जल्द अवैध कब्जे हटाने की चेतावनी दी थी। (अनंत ज्ञान)

#### कब्जाधारियों ने कार्रवाई का किया विरोध



एनएचएआई जोगिंद्रनगर के बाजार में अवैध कब्जों को हटवाती हुई।

#### प्रशासन ने कहा-सार्वजनिक मार्गों पर कब्जा किसी भी हालत में नहीं होगा बर्दाश्त

इस कार्रवाई को लेकर जोगिंद्रनगर के नागरिकों की मिलीजुली प्रतिक्रिया रही। जहां कुछ लोगों ने इसे सही कदम बताया और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने का समर्थन किया, वहीं कुछ कब्जाधारियों ने इसे कठोर कार्रवाई करार दिया। हालांकि, प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि सार्वजनिक मार्गों पर कब्जा किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

#### पुलिस की कड़ी सुरक्षा में हटाए गए अतिक्रमण

आज की कार्रवाई के दौरान पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में बुलडोजर चलाकर कई अवैध निर्माण हटाए गए। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आगे भी यदि किसी ने अतिक्रमण नहीं हटाया, तो प्रशासन खुद इसे हटाएगा और इससे संबंधित कोई क्षतिपूर्ति नहीं दी जाएगी।

#### एनएचएआई ने फिर जारी किए निर्देश

एनएचएआई अधिकारियों ने आज फिर से कुछ लोगों को निर्देश जारी किए हैं कि वे जल्द से जल्द अपने अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा प्रशासन को मजबूरन कड़ी कार्रवाई करनी पड़ेगी। इस दौरान कुछ कब्जाधारियों ने कार्रवाई का विरोध भी किया, लेकिन पुलिस बल की तैनाती के चलते किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई।

---

# लॉन्ग रूट्स पर पुरानी बसें चलाने से यात्री हो रहे परेशान

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) का जोगिंद्रनगर डिपो लगातार विवादों में घिरा हुआ है। कभी बस रूटों को लेकर हंगामा तो कभी प्रशासनिक बदलावों से उठते सवालों के कारण यह डिपो सुर्खियों में बना रहता है।

ताजा मामला लॉन्ग रूट्स पर नई बसों की बजाय पुरानी और जर्जर बसों को भेजने का है, जिससे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नई बसें डिपो में होते हुए भी जोगिंद्रनगर से बाहर की रूटों पर नहीं लगाई जा रहीं हैं, जिससे यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। (अनंत ज्ञान)

#### दिल्ली के लिए बस सेवा अव्यवस्थित

**जोगिंद्रनगर** से दिल्ली के लिए बस सेवा में भी अनियमितता देखने को मिल रही है। यात्रियों का कहना है कि इन मार्गों पर एक दिन एसी बस भेजी जाती है और दूसरे दिन साधारण बस, जिससे उन्हें असुविधा झेलनी पड़ रही है। वोल्वो सेवा की अनिश्चितता के कारण यात्री अब एचआरटीसी की बसों की बजाय निजी वोल्वो बसों में यात्रा करने लगे हैं, जिससे निगम को नुकसान हो रहा है।

#### मंडी डिवीजन में शामिल करने की उठी मांग

**स्थानीय** लोगों और कर्मचारियों का कहना है कि जोगिंद्रनगर डिपो को धर्मशाला डिवीजन से हटाकर मंडी डिविजन में शामिल किया जाए। उनका मानना है कि ऐसा करने से जोगिंद्रनगर डिपो को नए रूट मिलेंगे, जिससे न केवल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी बल्कि डिपो को आर्थिक रूप से भी फायदा होगा। वहीं जोगिंद्रनगर से चलने वाली हरिद्वार और गुड़गांव रूट की बसों को वापसी के समय बैजनाथ में ही रोक दिया जाता है, जिससे परेशानी होती है। लोगों का कहना है कि मंडी डिवीजन के अंतर्गत आने से डिपो को संसाधन और नए मार्गों की स्वीकृति मिलेगी, जिससे राजस्व में वृद्धि होगी।

#### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

**हालांकि,** इस मुद्दे पर एचआरटीसी प्रशासन की ओर से कोई ठोस बयान नहीं आया है। यात्रियों और कर्मचारियों ने निगम प्रबंधन से जल्द से जल्द इस विषय पर निर्णय लेने की मांग की है, ताकि डिपो को फायदा मिल सके और यात्रियों की परेशानियां कम हो सकें। वहीं, एचआरटीसी अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर किया जाएगा।

---

### अंजना बनीं भाजपा मंडल जोगिंद्रनगर की उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** भाजपा मंडल जोगिंद्रनगर ने संगठन विस्तार के तहत महत्वपूर्ण नियुक्तियों में अंजना शर्मा को मंडल उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है।



इस दौरान अंजना ने शीर्ष संगठन पदाधिकारियों सहित विधायक प्रकाश राणा, मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता पंकज, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय, सभी ग्राम केंद्र अध्यक्षों, बूथ त्रिदेवों, बूथ समिति कार्यकर्ताओं, पन्ना प्रमुखों, महिला मोर्चा और पार्टी के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# चौंतड़ा से नारला फोरलेन की एलाइनमेंट को न बदलने की मांग

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

फोरलेन संघर्ष समिति के प्रधान बृज गोपाल अवस्थी ने केंद्र व राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि चौंतड़ा से नारला तक के प्रस्तावित फोरलेन की एलाइनमेंट जो विभाग द्वारा पहले ही फाइनल हो चुकी है उस पर पुन: कोई बदलाव यहां की जनता को स्वीकार्य नहीं होगा और यदि विभाग कोई फेरबदल की कोशिश करेगा तो यहां की जनता लंबा संघर्ष करने के लिए तैयार रहेगी जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

संघर्ष समिति के अध्यक्ष बृज गोपाल अवस्थी ने गलू मैदान में संपन्न हुई बैठक में केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री, और लोक निर्माण मंत्री से आग्रह किया गया है कि चौंतड़ा से लेकर नारला तक के प्रस्तावित फोरलेन सड़क मार्ग का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया जाए।

बृज गोपाल अवस्थी ने कहा कि बैठक में निर्णय लिया गया कि संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधि मंडल नितिन गडकरी के साथ मिलकर अनुरोध करेगा की वर्षों से लंबित इस सड़क मार्ग पर काम तेजी से शुरू किया जाए ताकि जोगिंद्रनगर से लेकर मंडी तक के घुमावदार सड़क मार्ग पर सफर सुगमता से हो पाए। 40 पंचायतों की बैठक 6 अप्रैल को जोगिंद्रनगर के गलू में होगी।

# चार अप्रैल से शुरू होगा धर्मपुर नलवाड़ और देवता मेला

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



धर्मपुर में नलवाड़ व देवता मेला का आयोजन 4 अप्रैल से 9 अप्रैल तक किया जाएगा। मेला के सफल आयोजन हेतु में आज शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय धर्मपुर में विधायक चंद्रशेखर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में इस मेले के सफल आयोजन हेतु विभिन्न उप समितियां गठित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मेले के दौरान मैराथन दौड़, वॉलीबाल, कबड्डी, कुश्ती, बेबी-शो, डॉग-शो, रक्तदान शिविर, रस्साकशी, रंगोली व मेहंदी जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस मेले के दौरान पांच सांस्कृतिक संध्याएं भी आयोजित की जाएंगी जिसमें स्थानीय कलाकारों के अतिरिक्त इंडियन आइडल फेम आदि कलाकारों को आमंत्रित किया जाएगा। मेले के दौरान महिला मंडलों के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

#### सांस्कृतिक संध्याओं के ऑडिशन 25 से

**इस** बैठक में सांस्कृतिक संध्याओं में भाग लेने के लिए कलाकारों के ऑडिशन हेतु दिन व समय भी निर्धारित किया गया। कलाकारों के ऑडिशन 24 व 25 मार्च, 2025 को होंगे। इस मेले के दौरान विभिन्न विभागों की विभागीय प्रदर्शनियां व स्वयं सहायता समूहों द्वारा अपने उत्पादों के स्टाल भी लगाए जाएंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सांस्कृतिक संध्याओं के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के आने जाने के लिए परिवहन सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी। इस मेले में क्षेत्र के विभिन्न देवी-देवताओं को आमंत्रित किए जाने का भी निर्णय लिया गया।

---

# नशे के खिलाफ एबीवीपी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला सुंदरनगर द्वारा प्रदेश में युवाओं में बढ़ती नशे की लत और इसके बढ़ते व्यापार के खिलाफ जोरदार विरोध जताते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

परिषद ने स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन ने जल्द ही ठोस से ठोस कदम उठाए जाए। ज्ञापन में परिषद ने इस बात पर जोर दिया कि हिमाचल प्रदेश, जिसे देवभूमि कहा जाता है, आज नशे के कारोबारियों के चंगुल में फंसता जा रहा है। आए दिन युवाओं को नशे की गिरफ्त में धकेला जा रहा है, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो रहा है। प्रदेश सरकार और प्रशासन की लापरवाही के कारण नशे के सौदागर बेखौफ होकर अपने नेटवर्क फैला रहे हैं। पुलिस की कार्रवाई केवल कागजी बनकर रह गई है, जबकि धरातल पर स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। परिषद ने अपनी मांगों में निम्नलिखित बिंदुओं को रखा और तत्काल प्रभाव से इन पर अमल करने की चेतावनी दी।

# भाजपा ने जनविरोधी नीतियों के खिलाफ निकाली रैली

**आदर्श यादव, नेरचौक**

भाजपा नेरचौक मंडल अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर की अगवाई में डडोर से लेकर नेरचौक एसडीएम ऑफिस तक रैली निकाली गई जिसमें मुख्य रूप से बल्ह के विधायक इंदर सिंह गांधी रहे। विधायक इंद्र सिंह गांधी ने राज्य सरकार पर हमला करते हुए कहा कि सरकार आती रहती हैं जाती रहती है लेकिन किसी भी सरकार ने कभी विकास कार्य को नहीं रोका लेकिन अब जो व्यवस्था परिवर्तन की सरकार आई है उसने बल्ह घाटी के सभी विकास कार्यों पर बंद करवा दिए हैं। जयराम की सरकार में नेरचौक में विद्युत उपमंडल कार्यालय खोला गया जहां पर एक्शन साहब बैठे हुए थे सभी विद्युत समस्या का हाल होने लगा था कि सरकार बदल गई उसे कार्यालय को बंद कर दिया गया। इसके साथ अन्य कार्यालयों को भी बंद कर दिया गया।



प्रदर्शन करते हुए भाजपा के लोग।

वहीं रैली डडोर से लेकर एसडीएम कार्यालय तक निकाली गई वहां पर एसडीएम स्मृति का नेगी को ज्ञापन सौंपा गया। रैली में मंडल अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर, पाल वर्मा, राजेंद्र राणा, संजय रावत, रणवीर सुप्रिया, पवन कुमार, मनीष सैनी, कर्म सिंह ठाकुर, केदारनाथ सीमा शर्मा, ममता ठाकुर, सुकन्या सहित आदि शामिल रहे।

### अभिभावकों को बताई सरकारी स्कूलों की सुविधाएं

**विनोद, नेरचौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रजवाड़ी में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए अध्यापक घर-घर जाकर अभिभावकों को सरकारी स्कूल में दी जा रही है सुविधाओं और गुणात्मक शिक्षा का हवाला देते हुए लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

सरकारी स्कूलों में इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी आधारित शिक्षा प्रणाली के बारे में बताया जा रहा है की सरकारी स्कूल पूरी तरह से हाईटेक किए जा चुके हैं यहां आईसीटी लैब ,स्मार्ट क्लासेस जिसमें के यान और प्रोजेक्टर से छठी से 12वीं कक्षा के सभी विषयों को पढ़ाया जा रहा है।

---

# रस्साकशी प्रतियोगिता में आईसीडीएस करसोग प्रथम

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सुंदरनगर के जवाहर पार्क में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त मंडी रोहित राठौर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करना और लैंगिग समानता के प्रति जागरूकता फैलाना है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय बदरेल ने मुख्यातिथि को शॉल, टोपी पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में महिला प्रोत्साहन के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें म्यूजिकल चेयर, रस्साकशी, चम्मच दौड़ और मटका फोड़ आदि शामिल थी।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया, जिसमें लगभग 70 लोगों ने स्वास्थ्य की जांच करवाई। महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिसमें महिलाओं ने महानाटी के माध्यम से लोगों को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने और नशे के विरुद्ध लड़ाई का संदेश दिया। रस्साकशी प्रतियोगिता में आईसीडीएस करसोग ने प्रथम, आईसीडीएस धर्मपुर ने द्वितीय तथा महिला मंडल नालनी सुंदरनगर ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी तरह अन्य प्रतियोगिताओं में भी महिलाओं ने पोजिशन हासिल की जिन्हें मुख्यातिथि ने पुरस्कृत किया।

# शराब की बोतलों से अटा पड़ा है करनोडी रेस्ट हाउस

**भीम बसेड़ू, महादेव**

एक ओर जहां चिटा जैसे भयंकर किस्म में के नशे में संलिप्त सरकारी कर्मचारियों की भी धरपकड़ होना शर्मनाक एवं दुर्भाग्य पूर्ण है। वहीं हिमाचल प्रदेश के एक बड़े भाग के यहां विश्राम गृह शराब की खाली बोतलों से अटा पड़ा है।

सवालिया निशान लगता है कि इस बुरी लत को बढ़ावा देने के पीछे क्या संबंधित विभाग ही जिम्मेदार नहीं है जो कायदे-कानून को ताक पर रखकर शराब पीने की खुली छूट दे रहा है। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि विश्राम गृहों की स्थिती में एल्कोहल का प्रयोग चरम पर है और एक बड़े भाग में तो बड़ा कोलाहलपूर्ण हालत में देर रात तक महफिल जमी रहती है। लोगों ने मांग उठाते हुए कहा कि संबंधित विभाग तथा पुलिस प्रशासन को चाहिए कि विश्राम गृहों में शराब के नशे में डूबने वालों के विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाए। (अनंत ज्ञान)



# महिलाओं को प्रतियोगिताओं से मिलेगा बढ़ावा : स्मृतिका

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को नया स्वरूप देने के लिए जिला मंडी में प्रशासनिक स्तर पर पहली बार आयोजित 'मिसेज हिमाचल' प्रतियोगिता का ग्रूमिंग राउंड शुक्रवार को संपन्न हो गया है।



इसके उपरांत रिवालसर में आयोजित छेश्चू मेला में शनिवार को अपनी प्रतिभा दिखाने जा रही हैं। प्रतिभागियों से संवाद करने के उपरांत मंडी अपूर्व देवगन मौजूद रहे। वहीं इस प्रतियोगिता की फ्रांसीसी राज्य स्तरीय नलवाड़ मेला सुंदरनगर में की जाएगी। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने कहा कि

#### रिवालसर में आज होगा 'मिसेज हिमाचल' का आयोजन

एसडीएम बल्ह और सुंदरनगर के एसडीएम की टीम ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक इनिशिएटिव लेते हुए मिसेज हिमाचल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा रहा है। एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी ने बताया कि लड़कियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है। महिलाओं को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को मंच दिलाना इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य कारण है।

एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता के आयोजन से समाज में एक बदलाव आएगा। (अनंत ज्ञान)

---

**खुशखबरी**

### एफसीए के लंबित मामलों को लेकर डीसी मंडी की समीक्षा बैठक

# एफसीए के 6 मामलों को मिली सैद्धांतिक मंजूरी

**अनंत ज्ञान, मंडी**

डिप्टी कमिश्नर मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि फरवरी माह में जिला में वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) के 6 मामलों को सैद्धांतिक मंजूरी मिली है।

यह जानकारी उन्होंने डीआरडीए हॉल में एफसीए के लंबित मामलों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। फरवरी माह में सुकेत और करसोग वन मंडल में सलापड़ से तत्तापानी सड़क, नाचन वन मंडल में उपमंडलीय भू-संरक्षण अधिकारी कार्यालय भवन बगस्याड़ और गनी से बोरानी नाला सड़क, सुकेत वन मंडल में संपर्क सड़क अनुसूचित जाति बस्ती कलेहरी, करसोग वन मंडल में करसोग शहर और इसके साथ लगते गांवों के लिए सिवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने और सिवेज लाइन बिछाने, लघु पन विद्युत परियोजना कांधा, मंडी वन मंडल में सुकेत खड्ड पर बनने वाली सुकेत लघु पन विद्युत परियोजना को सैद्धांतिक मंजूरी मिली है।



इन मंजूरियों के लिए उन्होंने वन विभाग सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों का धन्यवाद किया। बैठक में उपायुक्त ने मंडी, पधर, सरकाघाट, सुंदरनगर, गोहर, करसोग, बालीचौकी, लड़भड़ोल और कोटली में वन भूमि में बनने वाले न्यायिक परिसरों के एफसीए मामलों परिवेश 1.0 पोर्टल पर लंबित 71 मामलों और परिवेश 2.0 के 28 मामलों की समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी लंबित मामलों के निपटारे में लापरवाही न बरतें और मामले की मंजूरी के लिए गहनता से जांच करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जो मामले परिवेश 1.0 पोर्टल से समय पर जवाब न देने पर हट गए हैं उन्हें दोबारा पोर्टल पर लिस्ट करवाएं। उन्होंने वन विभाग को सभी उपयोगकर्ता एजेंसियों के साथ सहयोग करने का भी आग्रह किया ताकि लंबित मामलों का जल्दी से जल्दी निपटारा हो सके। बैठक में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट सिद्धार्थ सरपाल, डीएफओ (जिला मुख्यालय) अंबरीश शर्मा, डीएफओ मंडी बसु डोगर, करसोग केवी नेगी सहित जल शक्ति लोक निर्माण, सहित विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

# वाहन से गलत ओवरटेक करना खतरनाक : मदन

**अनंत ज्ञान, मंडी**

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार ने कहा कि हिमाचल जैसे पहाड़ी प्रदेश में सड़क पर गलत व खतरनाक तरीके से ओवरटेक करना घातक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में प्रतिवर्ष लगभग 90 प्रतिशत सड़क हादसे तेज गति से वाहन चलाने के कारण होते हैं। इनमें गलत तरीके से ओवरटेक करना एक बड़ा कारण है।

वे आज जिला परिषद सभागार, भ्यूली में सड़क सुरक्षा पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकतर लोग सड़क सुरक्षा को अभी भी औपचारिकता मात्र समझते हैं, जबकि विश्व भर में प्रतिवर्ष 20

#### सावधानियां बरतने से दुर्घटनाओं को किया जा सकता है कम

लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गवां देते हैं, जबकि भारत में यह आंकड़ा लगभग 1 लाख 25 हजार है यानि हर चार मिनट में एक व्यक्ति सड़क हादसे का शिकार होता है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी राज्य है, जहां पर 95 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाएं मानवीय भूल के कारण होती है यहां प्रतिवर्ष लगभग 3 हजार छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिसमें लगभग 1200 लोग अपनी जान खो देते हैं तथा लगभग 5 हजार लोग घायल होते हैं।

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, विभिन्न सड़क चिन्हों पर ध्यान देने और सड़क सुरक्षा संबंधी सावधानियां बरतने पर इन दुर्घटनाओं का कम किया जा सकता है।

कार्यशाला में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी गिरीश समरा ने बताया कि विभाग द्वारा समय-समय पर लोगों को सड़क सुरक्षा पर आधारित वीडियो व नाटक इत्यादि के माध्यम से जागरूक किया जाता है। उन्होंने वाहनों का उचित रखरखाव एवं ईंधन की बचत हेतु निर्धारित गति सीमा में गाड़ी को चलाने बारे, सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की मदद, नेक व्यक्ति बनने, नशा करके गाड़ी न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने तथा हेलमेट पहनने इत्यादि बारे में जागरूक किया।

### डॉ. नीलम को केंद्र सरकार से मिला 50 लाख का प्रोजेक्ट

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला के बायोसाइंस विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. नीलम ठाकुर को केंद्र सरकार से लगभग 50 लाख रुपए की दो रिसर्च प्रोजेक्ट मिले। इनमें से एक परियोजना हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण जनजातीय क्षेत्रों में सतत विकास के लिए मिट्टी और कीट प्रबंधन के लिए पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों से संबंधित कृषि में नवाचार से संबंधित है। एक अन्य परियोजना शरीर रचना, हार्मोनल प्रतिक्रियाओं पर योग और एरोबिक प्रशिक्षण के सहक्रियात्मक प्रभाव से संबंधित है।



## न्यूज ब्रीफ

### मैड़ी मेले की अधिकारियों ने जांची व्यवस्था

**अनंत ज्ञान, अंब।** डेरा बाबा बड़भाग सिंह मैड़ी में चल रहे होला मोहल्ला वार्षिक मेले के प्रथम दिवस शुक्रवार को लगभग बीस हजार श्रद्धालुओं ने मैड़ी पहुंच कर बाबा बड़भाग सिंह के प्रमुख गुरुद्वारा वेरी साहिब में शीश नवाया। इस अवसर पर आई संगत ने यहां स्थित अतिपावन तीर्थ स्थल श्री चरण गंगा धौली धार में आस्था की पवित्र डुबकी लगाई। संगत ने बाबा बड़भाग सिंह से संबंधित अन्य गुरुद्वारों में जाकर बाबा बड़भाग सिंह जी के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन किए। सेवादारों ने नाना प्रकार के व्यंजनों के लंगर भी लगाए गए। सारा दिन मैड़ी क्षेत्र बाबा जी के जयकारों से गुंजायमान रहा। मेले के पहले दिन से ही स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने मेला क्षेत्र में साफ-सफाई की व्यवस्था को लेकर सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। खाने-पीने की वस्तुओं वाली दुकानों पर दविश देकर सामान को ढककर रखने की हिदायतें दी जा रही हैं। (अनंत ज्ञान)

### मेले में आग्नेय अस्त्र लाने पर पाबंदी रहेगी : डीसी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि उपमंडल अंब स्थित मैड़ी में 7 से 17 मार्च तक आयोजित होने वाले डेरा बाबा बड़भाग सिंह होली मेले के दौरान लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला ऊना में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए गए हैं। आदेशों के अनुसार मेला अवधि के दौरान डयूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को छोड़कर किसी भी अन्य व्यक्ति को आग्नेय अस्त्र लेकर चलने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। जतिन लाल ने बताया कि मेले के दौरान ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए जिला प्रशासन, प्रबंधन डेरा बाबा बडभाग सिंह, मंजी साहिब और चरण गंगा के अलावा किसी भी व्यक्ति के लिए लाउडस्पीकर के इस्तेमाल करने पर पूर्ण मनाही रहेगी। इसके अतिरिक्त मेले क्षेत्र में ब्रॉस बैंड, ड्रम, लंबे चिमटे अन्य शोर-शराबा करने वाले उपकरण इत्यादि के लाने पर भी पूर्ण पाबंदी रहेगी। यदि कोई व्यक्ति इन वस्तुओं को अपने साथ लाता है तो उन्हें बैरियर पर ही पुलिस के पास जमा करवाना होगा।

### मेले में घरेलू गैस सिलेंडर का खुलेआम उपयोग

**विवेक शर्मा, अंब।** होला मोहल्ला मेला के दौरान बाबा बड़भाग सिंह मैड़ी क्षेत्र में दुकानदारों और लंगर संचालकों द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर का खुलेआम उपयोग किया जा रहा है। गौर हो कि घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग केवल घरों में सीमित होता है। प्रशासन व सरकार द्वारा दुकानों व लंगर आदि में घरेलू गैस सिलेंडर पूर्णत प्रतिबंधित है। दुकानों व लंगरों के लिए कमर्शियल सिलेंडर 19 किलो गैस वाले के उपयोग करने की हिदायत है। बाबजूद इसके लगभग सभी दुकानदारों द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग देखा जा रहा है। बाहर से मेला क्षेत्र में आकर लंगर लगाने वाले अधिकतर लंगर संचालकों द्वारा आपने साथ खाना बनाने के लिए लकड़ी तो लाई गई है और साथ ही घरेलू गैस सिलेंडर भी खुल कर उपयोग किए जा रहे हैं। ऐसे मामलों में, प्रशासन द्वारा वैकल्पिक गैस सप्लाई या प्रोफेशनल गैस वितरण की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि सरकार द्वारा लागू नियमों का पालन हो सके। सरकार और आयोजकों को इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इंस्पेक्टर सिविल सप्लाई सरोज शर्मा ने कहा कि मामला अभी ध्यान में आया है, जिसकी जांच की जाएगी। अगर कोई भी व्यक्ति मेला क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर उपयोग करता पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### अध्यापकों ने अरलू स्कूल में दाखिले के लिए छेड़ा अभियान

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अरलू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के अध्यापकों ने अभिमान के अंतर्गत करौड़ एवं अरलू खास गांव के लोगों से बच्चों को सरकारी स्कूल में दाखिले के लिए आह्वान किया। अभिभावकों को सरकारी स्कूल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे भी अवगत करवाया गया। इस अभियान में प्रतिदिन अलग-अलग टीमें विभिन्न गांवों का दौरा करेंगी।

### कुटलैहड़ क्षेत्र में चिट्टे के खिलाफ चलेगा अभियान : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में चिट्टे के खिलाफ अब बड़ा अभियान छेड़ा जाएगा। क्षेत्र में नशे के कारोबार को पूरी तरह खत्म करने के लिए बूथ स्तर से जागरूकता अभियान शुरू किया जाएगा। इस मुहिम के तहत युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और समाज के हर वर्ग को जोड़ा जाएगा ताकि नशे के खिलाफ एकजुट होकर लड़ाई लड़ी जा सके। यदि कोई भी व्यक्ति चिट्टा (नशे) बेचने वालों की सूचना प्रशासन या पुलिस को देता है, तो उसे उचित इनाम दिया जाएगा। साथ ही, ऐसे व्यक्तियों का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा ताकि वे बिना किसी डर के नशे के सौदागरों की जानकारी प्रशासन तक पहुंचा सकें तथा उन्हें उचित इनाम दिया जाएगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, राजकुमार, सुदर्शन शर्मा के अलावा अन्य मौजूद रहे।

### प्रो. सन्नी शर्मा ने हासिल की डॉक्टरेट की डिग्री



**अनंत ज्ञान, ऊना।** एलजेएन हिमोत्कर्ष राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्रोफेसर सन्नी शर्मा ने इग्नू नई दिल्ली से जियोग्राफी विषय में डॉक्टरेट की डिग्री हासिल की। 5 मार्च को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विश्वविद्यालय दिल्ली में दीक्षांत समारोह में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा यह डिग्री वितरित की गई। प्रो. सन्नी शर्मा वर्तमान में राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटला खुर्द ऊना में कार्यरत हैं। उनकी इस उपलब्धि पर उनके साथ सह आचार्य डॉ. ओंकार सिंह, डॉ. रमन जसवाल, डॉ. देवेंद्र एटलस, प्रो. मदन लाल इत्यादि महाविद्यालय स्टाफ और उनके संबंधियों ने बधाई दी।

### चिट्टे के खिलाफ अभियान की होली से होगी शुरुआत

**अनंत ज्ञान, जोल।** उपमंडल बंगाणा में नशे के खिलाफ एक बड़ा जनांदोलन शुरू होने जा रहा है। भाखड़ा से डीहर तक, हर बूथ और हर गांव में चिट्टे (नशीले पदार्थों) के खिलाफ अभियान छेड़ा जाएगा। जिला पार्षद एवं पूर्व जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा ने घोषणा की है कि इस अभियान को व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा, जिसमें हर घर तक दस्तक दी जाएगी और लोगों को इस गंभीर समस्या के प्रति जागरूक किया जाएगा। कृष्ण पाल शर्मा ने कहा कि इस बार होली का पर्व चिट्टे खिलाफ एक मजबूत संदेश देने का जरिया बनेगा। होली को लोग आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ मनाएं और साथ ही चिट्टे के खिलाफ इस अभियान की शुरुआत करें।

### तेंदुए के कारण टक्का गांव में दहशत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला मुख्यालय के साथ लगते गांव टक्का वार्ड 4 घर में तेंदुआ होने की अफवाह से दहशत का माहौल है। बताया गया है कि बीती वीरवार रात को किसी घर में घुस कर तेंदुए ने एक कुत्ते का शिकार कर लिया। अश्वनी कुमार ने ताया कि पास में ही एक प्राइमरी स्कूल भी है, जिससे लोगों को अपने छोटे बच्चों को स्कूल भेजना कठिन हो गया है। वन विभाग ने तेंदुए को काबू करने के लिए पिंजरा लगाया है।

## दो साल बाद भी चोरों का कोई सुराग नहीं

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के बेहड़ भटेड़ पंचायत के बरेट निवासी गगनदीप ने अपने घर में चोरी की घटना की रिपोर्ट थाना चिंतपूर्णी में दर्ज करवाई थी, लेकिन 2 साल बीत जाने के बाद भी उन्हें इंसाफ नहीं मिल पाया है। गगनदीप ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ चंडीगढ़ में एक शादी में गए हुए थे, जब वह वापस घर पहुंचे, तो घर का ताला टूटा हुआ था और सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरी में सोने, चांदी के आभूषणों के अलावा 4 लाख रुपए की नकद राशि भी चोरी हुई थी।

गगनदीप सहित अन्य स्थानीय लोगों ने बताया कि चिंतपूर्णी धार क्षेत्र में शरारती तत्वों द्वारा ऐसी कई घटनाओं को अंजाम दिया गया है, लेकिन अभी तक ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

# मोनिका सिंह का ऊना जिले में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अहम योगदान

**राजेश शर्मा, ऊना**



**महिला दिवस पर विशेष**

कहते हैं हर सफल पुरुष के पीछे किसी महिला का हाथ होता है, ऐसे में यह बात ऊना इन्नरव्हील क्लब की प्रमुख समाज सेविका मोनिका सिंह पर सही बैठती है। मोनिका सिंह ने अपने पति जो स्त्री रोग विशेषज्ञ (डॉ. हरजिंद्र सिंह) से मिलकर ऊना जिले को स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐसा योगदान दिया है, जिसकी हर कोई प्रशंसा करने से पीछे नहीं है।

परिवार में समाज सेवा की भावना और पति की प्रेरणा से फाउंडेशन ने इतने बड़े संस्थान की सोच को सफल बनाया। आपने यह कई प्रमाण देखे होंगे कि महिलाओं का समाज में अग्रणी योगदान रहा है। ऊना की ऐसी महिला की बात करेंगे, जिन्होंने एक संस्था का गठन करके स्वास्थ्य सेवाओं में ऊना के लोगों को बहुत बड़ी सौगात दी है। ऊना में अद्वैता हार्ट एंड मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल उनकी सोच का परिणाम है। मोनिका सिंह जी इस अस्पताल की निदेशक हैं, जिनका कहना है कि समाज सेवा एक बहुत ही नेक कार्य है। हमारे समाज मे बहुत सी ऐसी संस्थाएं हैं, जो समाज मे आर्थिक रूप से अक्षम लोगों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहती हैं। ऐसी ही एक संस्था है ऊना की अद्वैता फाउंडेशन, जो हमेशा ही समाज सेवा के लिए तत्पर रहती है।

अस्पताल आपातकाल सेवाएं दे रहा है, जो पहले बड़े शहरों में उपलब्ध थीं। समाज सेवा भी साथ चल रही है। संस्था के इस अस्पताल में हृदय के अलावा ऐसी गंभीर बीमारियों का उपचार संभव हुआ है, जिसके लिए ऊना जिले के लोगों को चंडीगढ़, जालंधर और लुधियाना जाना पड़ता था। सांप के दंश और गंभीर से गंभीर हालत के रोगियों के लिए लाइफ स्पोर्ट सिस्टम की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। अपनी इसी समाज सेवा के दायित्व को समझते हुए, अद्वैता फाउंडेशन के मेंबर्स ने मोनिका सिंह के नेतृत्व में एक पीड़ित परिवार रघुवीर

**समाजसेवा में भी लोगों की प्रशंसा की बन रहीं पात्र**

सिंह (गांव भड़सालीं हरोली) को सरकारी अस्पताल में सहायता पहुंचाई। यह काफी लंबे अरसे से लगभग पांच साल से गैंग्रीन की बीमारी से ग्रसित थे। उन्होंने बताया कि पिछले पांच साल से इनको अद्वैता फाउंडेशन निरंतर इनकी गंभीर बीमारी में इनकी सहायता कर रहा है। इस बार भी फाउंडेशन ने दस हज़ार की मदद की।

गैंगरीन के कारण पहले ही इनका एक टांग काट दी गई है, तभ भी इनको सहायता दी गई और अब छाती में इन्फेक्शन और बुखार के चलते वह अस्पताल में दाखिल हैं, उनको फाउंडेशन की और से नेबुलाइजर दिया गया और हस्थसंचलित साइकिल भी दी गई। पहले कोरोना के समय भी डीसी राघव शर्मा की मदद से फाउंडेशन ने टांडा मेडिकल कॉलेज और पपरोला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में 2 महीने इलाज के लिए भेजा और सहायता दी।

फाउंडेशन की संयोजक मोनिका सिंह ने कहा कि अद्वैता फाउंडेशन ने उनकी नकद राशि से भी इस परिवार की सहायता की है और आगे भी इनको मदद पहुंचाई जाएगी। हॉस्पिटल में फाउंडेशन के मेंबर्स इंद्रजीत, जसवीर, लविका, मनमोहन कसाना, मोनू उनका सहयोग कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# पटवारी-कानूनगो महासंघ ने बोला हल्ला

## बोले-तब तक नियमित कार्य नहीं करेंगे, जब तक उनकी मांग पूरी नहीं की जाती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



सहायक आयुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए पटवार कानूनगो महासंघ के अध्यक्ष।

पटवारी एवं कानूनगो महासंघ ने राज्य सरकार को चेतावनी दी है। महासंघ ने साफ कहा है कि आपदा के कार्य के अलावा वे तब तक नियमित कार्य नहीं करेंगे, जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती। यहां तक कि वे सरकार के किसी भी कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने सरकार से बलवान कमेटी की सिफारिश लागू करने की मांग भी की। उपायुक्त के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा है।

शुक्रवार को महासंघ के बैनर तले ऊना के एमसी पार्क में जिलेभर से पटवारी और कानूनगो ने धरना-प्रदर्शन में शिरकत की और अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद करते हुए सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इसके बाद चंडीगढ़ धर्मशाला ऊना मार्ग पर मिनी सचिवालय तक हाथों में बैनर और तख्ती लिए नारेबाजी करते हुए रैली निकाली और उपायुक्त ऊना जतिन लाल के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन पत्र भेजा गया। प्रदेश अध्यक्ष सतीश चौधरी के अनुसार सरकार से आग्रह किया कि जो अधिसूचना जारी की गई है, उसे रद्द करके संघ की मांग को पूरा करे। राजस्व विभाग में कार्यरत पटवारी एवं कानूनगो का प्रदेश सरकार द्वारा किए गए स्टेट कैडर के विरोध में संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ की प्रांतीय इकाई के आह्वान पर हड़ताल पर हैं।

पटवारी एवं कानूनगो महासंघ ने प्रदेश सरकार द्वारा लिए गए निर्णय को विश्वासघात करार देते हुए कहा कि अभी भी उन्हें उम्मीद है कि प्रदेश सरकार अपने निर्णय को वापिस लेगी अन्यथा पटवारी एवं कानूनगो अठाइस फरवरी से चल रही अनिश्चितकालीन पैनडाउन स्ट्राइक पर रहेंगे।

हिमाचल प्रदेश संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ के अध्यक्ष सतीश चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार जब पटवारी एवं कानूनगो का स्टेट कैडर करने का अध्यादेश लेकर आई थी तो पटवारी एवं कानूनगो महासंघ ने प्रदेश सरकार के इस आश्वासन पर अपनी हड़ताल वापस ली थी कि प्रदेश सरकार इस पर पुनर्विचार करेगी। उस समय प्रदेश सरकार ने इस मुद्दे के निराकरण के लिए बलवान कमेटी का भी गठन किया था। प्रदेश सरकार अब यह भी सार्वजनिक करे कि बलवान कमेटी ने क्या किया।

उन्होंने कहा कि पटवारी एवं कानूनगो का स्टेट कैडर करने से प्रदेश सरकार को कुछ हासिल नहीं होगा, बल्कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पटवारी एवं कानूनगो पर दबाव बनाने के लिए ही ऐसा निर्णय लिया जा रहा है। पटवारियों व कानूनगो ने कहा कि महासंघ की ओर से प्रदेश सरकार को पटवारी एवं कानूनगो का मांग पत्र सौंपा गया था। हिमाचल प्रदेश पटवारी एवं कानूनगो महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष सतीश चौधरी ने कहा कि उन्हें अभी भी उम्मीद है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पटवारियों व कानूनगो की समस्याओं के निराकरण के लिए आगे आएंगे। उन्होंने कहा कि बलवान कमेटी की सिफारिश लागू की जाए।

# मां चिंतपूर्णी मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए 56 .67 करोड़ रुपए आवंटित

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**प्रदेश सरकार का उद्देश्य : श्रद्धालुओं के समग्र अनुभव को और बेहतर बनाना**

प्रदेश सरकार ने ऊना जिले के माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के सौंदर्यीकरण और श्रद्धालुओं को आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए 56.67 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आदेशों की अनुपालना करते हुए यह धनराशि स्वीकृत की गई है ताकि राज्य में धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन प्रदान करने के साथ-साथ श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। स्वीकृत धनराशि का उपयोग से लिफ्ट की सुविधा सहित अत्याधुनिक कतार परिसर (क्यू कॉम्प्लेक्स), स्वच्छ पेयजल आपूर्ति और मंदिर परिसर में सीसीटीवी सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त एक प्लास्टिक श्रेडर और ठोस कचरा पुनर्चक्रण एवं प्रबंधन संयंत्र स्थापित किया जाएगा, जिससे मंदिर परिसर में प्रभावी तरीके से कचरे का निपटान कर, मंदिर परिसर में स्वच्छता बनाई रखी जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उपयुक्त संकेत चिन्ह और स्थानीय दुकानदारों के लिए दुकानें निर्मित की जाएंगी। इन नवाचार पहलों का उद्देश्य मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के समग्र अनुभव को और बेहतर बनाना है।

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में धार्मिक पर्यटन को नए आयाम प्रदान करने के लिए अधोसंरचना को उन्नत कर, श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर उत्तर भारत का प्रसिद्ध शक्तिपीठ है और इस शक्तिपीठ में प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु दर्शनार्थ आते हैं। यह सुविधाएं श्रद्धालुओं की यात्रा को और अधिक सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

## चैहड़ू में भागवत कथा का भव्य शुभारंभ

**विनोद शर्मा, लठियाणी।** लठियानी पंचायत के चैहड़ू गांव में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। इस आध्यात्मिक अनुष्ठान का आयोजन क्षेत्र में भक्ति और सद्भावना के प्रसार हेतु किया गया है। भागवत कथा के प्रारंभ से पहले भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें स्थानीय गांवों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। भजन-कीर्तन और जयघोष के साथ यह शोभायात्रा कथा स्थल तक पहुंची, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में रंग गया।

कथा वाचक गोपाल शर्मा अपनी मधुर वाणी और संगीतमय भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक प्रवचनों से जोड़ रहे हैं। इस सात दिवसीय कथा में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ध्यान चंद शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन कथा के पश्चात भंडारे का प्रबंधन भी किया गया है, कथा के विश्राम के समय भी विशाल भंडारे के किया गया है। क्षेत्र के गणमान्य लोगों और धर्म प्रेमियों ने सभी को इस पावन आयोजन में भाग लेने का आमंत्रण दिया है। (अनंत ज्ञान)

# डोडा रानेया गांव को एंबुलेंस रोड की सौगात



कलोह गांव में नवनिर्मित सड़क का भूमि पूजन करते विधायक राकेश कालिया।

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

विकास खंड गगरेट की डोडा रानेया पंचायत के बाशिंदों को विधायक राकेश कालिया ने एंबुलेंस रोड की सौगात देकर गदगद कर दिया है। इस मोहल्ले के लिए करीब 41 लाख रुपए को लागत से पक्की सड़क बनेगी।

लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही इस सड़क का विधायक राकेश कालिया ने भूमिपूजन करके निर्माण कार्य शुरू करवाया। बेशक विधानसभा क्षेत्र गगरेट के तमाम गांव पक्की सड़क सुविधा से जुड़ गए हैं लेकिन अभी भी कई बस्तियां ऐसी हैं, जो पक्की सड़क सुविधा से वंचित हैं। बरसात के दिनों में इन बस्तियों के बाशिंदे खासी दिक्कतों का सामना करते हैं। कोई मरीज लेकर आना हो तो इन बस्तियों तक एंबुलेंस तक नहीं पहुंचती। विधायक राकेश कालिया ने इस समस्या को जाना और इसी बस्तियों को पक्की सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए आगे आए।

कलोह गांव के डोडा राणेया मोहल्ले को एमएनपी योजना के तहत न सिर्फ 41 लाख रुपए का बजट मुहैया करवाया। जल्द ही बरसात के मौसम से पहले ये सड़क बन कर तैयार होगी। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता एचजी कौशल, सहायक अभियंता दिनेश जसवाल, ग्राम पंचायत उपप्रधान अजय पाल सिंह सहित कई गणमान्य मौजूद थे।

## वसाल में विधायक ने लोनिवि के कार्यालय और आवासीय भवन का किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के वसाल गांव में विधायक विवेक शर्मा ने 70 लाख रुपए की लागत से बनने वाले कार्यालय और आवासीय भवन का शिलान्यास किया है। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र में विकास कार्यों की प्रगति और जनता की समस्याओं के समाधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इस दौरान विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के प्रशासनिक कार्यों को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह भवन स्थानीय निवासियों को प्रशासनिक सेवाओं के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करेगा। विवेक शर्मा ने कहा कि पिछले दस महीनों में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्य प्रगति पर करवाए हैं। इन कार्यों में सड़कों का निर्माण, पेयजल आपूर्ति, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार शामिल है।

उन्होंन कहा कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य क्षेत्र की बुनियादी संरचना को मजबूत करना और निवासियों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही स्वच्छता अभियान के तहत शौचालय निर्माण, कचरा प्रबंधन और स्वच्छता के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, विवेक मिंका, देसराज गौतम लोनिवि विभाग के अधिकारी कर्मचारी स्थानीय प्रधान उपप्रधान एवं अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## विकास कार्यों की प्रगति का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** ब्लॉक स्तरीय पंचायत समिति बंगाणा की महत्वपूर्ण बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता पंचायत समिति के अध्यक्ष देवराज शर्मा ने की। बैठक में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई और आगामी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर गहन चर्चा हुई। पंचायत समिति के प्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों ने क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर अपने बहुमूल्य सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में निर्णय लिया गया कि गोबिंदसागर झील के पतनों की नीलामी 26 मार्च को प्रात: 11 बजे खंड विकास कार्यालय, बंगाणा में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में पंचायत समिति के उपाध्यक्ष जमीत सिंह, खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार, जोगिंदर देव आर्य सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शिक्षक लोगों को बच्चों को सरकारी स्कूल में पढ़ाने के लिए कर रहे जागरूक

**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लठियाणी के प्रधानाचार्य राजकुमार धीमान के निर्देशों के अनुसार शिक्षकों को विद्यालय में सत्र 2025-26 के लिए विद्यार्थियों की संख्या को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान के अंतर्गत बलबीर सिंह, कुलदीप कुमार ने नलूट, बंजाल, लठियानी, एवं मकेड़ में अभिभावकों को अपने बच्चों को सरकारी विद्यालय में प्रवेश दिलवाने का आह्वान किया। इस अभियान के अंतर्गत बलबीर सिंह ने अभिभावकों को जानकारी देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार सरकारी स्कूलों में बहुत ही अच्छी सुविधा उपलब्ध करवाने के साथ-साथ कई प्रकार के सामाजिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाती है। प्रधानाचार्य ने आग्रह किया है कि आप अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिए सरकारी स्कूल में ही शिक्षा के लिए सहयोग करें।

**व अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी गगरेट स्थित कलोह, उप तहसील गगरेट स्थित कलोह जिला ऊना ( हि.प्र. )**

श्री स्वरूप सिंह पुत्र श्री गरीब दास निवासी गांव व डाक मवा सिंधियां, उप तहसील गगरेट स्थित कलोह जिला ऊना (हि.प्र.) .......प्रार्थी

**बनाम**

**आम जनता**

**विषय:** प्रार्थना पत्र अधीन धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 मुश्ती मुनादी वनाम आम जनता

श्री स्वरूप सिंह पुत्र श्री गरीब दास निवासी गांव व डाक मवा सिंधियां, उप तहसील गगरेट स्थित कलोह जिला ऊना (हि.प्र.) ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र पेश किया है कि उनकी धर्मपत्नी श्रीमति आशादेवी की मृत्यु दिनांक 13-08-2022 को हो चुकी है परन्तु अज्ञानतावश मृत्यु का पंजीकरण ग्राम पंचायत मवा सिंधियां के अभिलेख में नही हो सका है। प्रार्थी ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमति आशादेवी की मृत्यु की पुष्टि बारे शपथ पत्र दिया है तथा इस कार्यालय द्वारा रिपोर्ट सम्बन्धित स्थानीय पंजीकार जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण/सचिव ग्राम पंचायत मवा सिंधियां से ली गई। सचिव ग्राम पंचायत मवा सिंधियां की रिपोर्ट के अनुसार उक्त मृत्यु संबधित ग्राम पंचायत मवा सिंधियां में दर्ज न है। अब प्रार्थी अपनी धर्मपत्नी श्रीमति आशादेवी की मृत्यु को पंजीकृत करवाना चाहता है।

अत: आम जनता को इस इश्तहार/मुश्तरी मुनादी द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त मृत्यु पंजीकरण दर्ज करने बारे कोई उजर या एतराज हो तो वह दिनांक 24-03-2025 को दोपहर 02:00 बजे या इससे पूर्व असालतन या वकालतन हाजिर अदालत होकर पेश करे। गैर हाजिरी की सूरत में एक तरफा कार्यवाही करके नियमानुसार सम्बधित ग्राम पंचायत मवा सिंधियां को जन्म पंजीकरण दर्ज करने का आदेश जारी कर दिया जाएगा।

आज दिनांक 24-02-2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

**कार्यकारी दंडाधिकारी**
**गगरेट स्थित कलोह, जिला ऊना**

**सराहनीय** महिला सशक्तिकरण में सराहनीय कार्य कर रही हिमोत्कर्ष संस्था

# महिलाएं समाज के उत्थान में दे रहीं अपना योगदान : अनूपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



हिमोत्कर्ष परिषद महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही है। यह बात अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के उपलक्ष्य में हिमोत्कर्ष महिला मंच द्वारा शुक्रवार को संयुक्ता चौधरी हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन में हिमोत्कर्ष महिला मंच वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जवाहर नवोदाय विद्यालय पेखूवेला से सेवानिवृत्त प्राचार्य अनूपा ठाकुर ने कही। उन्होंने महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी।

अनूपा ठाकुर ने कहा कि वर्तमान दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही हैं। आज ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है, जहां महिलाओं ने अपनी प्रतिभा के दम पर उचित स्थान हासिल न किया हो। उन्होंने कहा कि महिलाएं आत्म विश्वास से लबरेज होकर परिवार व समाज के उत्थान में अपना योगदान दे रही हैं। शिक्षित महिला सशक्त समाज की परिकल्पना को साकार कर सकती है। उन्होंने बेटियों से शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही महिलाओं को स्वरोजगार के क्षेत्र में स्थापित होने के लिए व्यावसायिक शिक्षा को भी केंद्र बिंदु बनाकर काम करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आर्थिक तौर पर सशक्त होकर ही महिला सशक्तिकरण के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस तो साल में मात्र एक दिन मनाया जाता है, लेकिन हिमोत्कर्ष परिषद प्रत्येक दिन महिलाओं के उत्थान व कल्याण के लिए जुटी हुई है। परिषद द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए व्यावसायिक शिक्षा हेतु प्रशिक्षण संस्थान का संचालन किया जा रहा है।

वहीं, बच्चियों को उच्च शिक्षा दिलाने के लिए परिषद ने ऊना में कन्या महाविद्यालय की भी स्थापना की। इसके अलावा परिषद छात्राओं को शिक्षा पूरी करने के लिए फीस में सहयोग प्रोत्साहन स्वरूप छात्रवृत्तियों का वितरण सहित अनेक प्रकल्प चला रही है। कार्यक्रम में संयुक्ता चौधरी हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य नरेश सैनी ने संस्थान में चलाए जा रहे विभिन्न कोर्सिज के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिमोत्कर्ष संस्थान में छात्राओं के लिए कटिंग, टेलरिंग एवं ड्रैस मेकिंग का एक वर्ष का कोर्स, कटिंग टेलरिंग के एक वर्ष व छह माह के हॉबी कोर्स, फैशन डिजाइनिंग का एक वर्ष का हॉबी कोर्स चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इसके लिए अप्रैल माह से नया बैच भी शुरु होने जा रहा है। जिसके चलते एडमिशन का दौर भी अब शुरू है। कार्यक्रम में संस्थान की छात्राओं ने भी महिला दिवस पर अपने विचार रखे। महिला मंच की सदस्य कविता गोयल ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा, जबकि हिमोत्कर्ष महिला मंच सदस्य रमा कंवर ने मंच का संचालन किया।

**ये रहे उपस्थित :** हिमोत्कर्ष प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य व परिषद के प्रदेश महासचिव नरेश सैनी, महिला मंच वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूपा ठाकुर, महिला मंच सदस्य अनिति सूद, कविता गोयल, रमा कंवर, रंजू बाला, मीना ठाकुर, निशा, कमला सहित संस्थान की छात्राएं उपस्थित थीं।

# कर्मचारियों के लिए नासूर बनी बैक यार्ड पोल्ट्री योजना

**सन्नी पुरी, गगरेट**

पशुपालन विभाग द्वारा शुरू की गई बैक यार्ड पोल्ट्री योजना पशुपालन विभाग के कर्मियों के लिए ही नासूर बनकर रह गई है। पशुपालन विभाग की यह योजना किसानों को लुभा नहीं पाई है। नतीजतन किसान पशुपालन विभाग द्वारा दिए जाने वाले चूजे लेने से कतरा रहे हैं तो ऐसे में पशुपालन विभाग के कर्मियों को अपनी जेब से इन चूजों का भुगतान करने को विवश होना पड़ रहा है। यही वजह है कि अब हिमाचल प्रदेश पशुपालन विभाग वैटनरी फार्मासिस्ट संघ ने भी इस योजना को बंद करने की मांग की है।

बैक यार्ड पोल्ट्री पशुपालन विभाग की महत्वाकांक्षी योजना थी। इस योजना का मूल उद्देश्य किसानों को रुझान पोल्ट्री फार्मिंग की ओर करना था। इस योजना के तहत किसानों को 34 रुपए प्रति चूजा के हिसाब से चूजे दिए जाते हैं, ताकि किसान इन्हें पालें और इनसे मिलने वाले अंडों से अपनी आर्थिकी मजबूत करें। बेशक इसके लिए पशुपालन विभाग द्वारा कोई तकनीकी ज्ञान किसानों को नहीं दिया जाता और न ही इनके लिए फीड या कोई अन्य सहायता दी जाती है। यही वजह है कि अधिकांश किसान इस योजना से मुख मोड़ रहे हैं।

मजेदार बात यह है कि पशु पालन विभाग की विभिन्न डिस्पेंसरी के अंतर्गत सौ-सौ चूजा भी वितरित नहीं हो पा रहा है। ऐसे में वेटरनरी फार्मासिस्ट अपने जेब से इनके पैसे भर कर इस योजना को चला रहे हैं। हिमाचल प्रदेश पशुपालन विभाग वैटनरी फार्मासिस्ट संघ के महासचिव विशाल सिंह का कहना है कि विभग को बैक यार्ड पोल्ट्री योजना तत्काल प्रभाव से ऊना जिले में तो बंद कर देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ डिस्पेंसरी में तो वेटरनरी असिस्टेंट 75 सौ रुपए प्रति माह पर लगे हुए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से भी इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

## महिला दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम की बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान, अंब।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में भागीदारी को लेकर अंब भाजपा कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष शाम मिन्हास की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पूर्व विधायक बलवीर सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। बलवीर सिंह ने बताया कि जिला मुख्यालय में शनिवार को आयोजित किए जानेवाले कार्यक्रम में सांसद अनुराग ठाकुर बतौर मुख्य वक्ता शिरकत करेंगे।

इस मौके पर जिले के ऐसे सेल्फ हेल्प ग्रुप और महिला मंडल जोकि बेहतर कार्य कर रहे हैं। हर विधान सभा क्षेत्र से दो-दो महिला मंडल और सेल्फ हेल्प ग्रुप को उनके बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया जाएगा। जिला भाजपा जिला अध्यक्ष शाम मिन्हास ने कहा कि कहा कि कार्यक्रम में वह महिलाए भी अधिक से अधिक संख्या में आएं जिन्होंने केंद्र की विभिन्न योजनाओं का लाभ लिया हो।

### राज्य निर्वाचन आयुक्त हिमाचल प्रदेश अनिल कुमार खाची ने कुल्लू में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की बैठक

# कोई व्यक्ति किसी भी निर्वाचन में नहीं कर सकता मतदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

राज्य निर्वाचन आयोग ने हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2025-26 में संभावित पंचायत व शहरी निकायों के चुनावों की प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दी हैं। यह बात राज्य निर्वाचन आयुक्त हिमाचल प्रदेश अनिल कुमार खाची ने शुक्रवार को कुल्लू में कही।

अनिल कुमार खाची पंचायतीराज संस्थाओं और शहरी निकायों के सामान्य निर्वाचन को सुगमता पूर्ण संपन्न करवाने के लिए कुल्लू के ढालपुर स्थित बहुद्देशीय सम्मेलन कक्ष कुल्लू में आयोजित प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग व राज्य निर्वाचन आयोग विभिन्न संस्थाएं हैं तथा दोनों ही आयोग की मतदाता सूचियां पृथक होती हैं यदि कोई मतदाता स्थानीय निकायों के निर्वाचन में मतदान करने जा रहा है, तो उसका नाम राज्य निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची में होना अनिवार्य है। केवल मतदाता पहचान पत्र होने से कोई व्यक्ति किसी भी निर्वाचन में मतदान करने के लिए सक्षम नहीं हो सकता है इसलिए जब भी आयोग की मतदाता सूचियां प्रारूप प्रकाशित की जाए, तो मतदाता संबंधित वार्ड में अपने तथा अपने परिवार के नाम की आवश्यक जांच करें। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने जानकारी दी कि राज्य निर्वाचन आयोग ने इस दिशा में प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दी हैं।

बैठक में संजीव कुमार महाजन निर्वाचन अधिकारी राज्य निर्वाचन आयोग ने बैठक में निर्वाचन से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं की पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। डीसी तोरुल रवीश ने निर्वाचन आयुक्त का स्वागत करते ही सभी निर्देशों का अनुपालना करने का आश्वासन दिलाया। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार, सहायक आयुक्त शशि पाल नेगी, समस्त एसडीएम, बीडीओ, पंचायतीराज विभाग सहित, शहरी स्थानीय निकाय के अधिकारी उपस्थित थे।



## अयोग्य घोषित प्रत्याशियों की सूची दें

**इसके** अतिरिक्त आयुक्त ने निर्देश दिए कि जिला मुख्यालय एवं विकासखंड मुख्यालय पर सामान्य निर्वाचन के समय नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाएं, ताकि निर्वाचन से संबंधित कोई भी समस्या आती है, तो उसे सुना जा सके। आयुक्त द्वारा जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि पूर्व निर्वाचनों में जिन प्रत्याशियों को चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है उनकी सूची प्रत्येक रिटर्निंग अधिकारी सहायक रिटर्निंग अधिकारी को उपलब्ध करवाई जाए।

## मतपेटियों की मरम्मत का कार्य पूर्ण

**आयोग ने मतपेटियों** की मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया है तथा मतपेटियों की पेंटिंग, क्यूआर कोडिंग तथा आयलिंग व ग्रीसिंग का कार्य प्रगति पर है। क्यूआर कोड लगाने के पश्चात हर मतपेटी की अपनी एकल पहचान होगी।

## निर्वाचन स्टोर की साफ-सफाई का कार्य समय पर करें शुरू

आयुक्त ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि निर्वाचन स्टोर की साफ-सफाई का कार्य समय पर शुरू किया जाए। पुराने निर्वाचन के जो अभिलेख नष्ट किए जाने हैं, उन्हें नियमानुसार नष्ट किया जाए। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा एक नई एप्लीकेशन इन्वेंटरी मैनेजमेंट तैयार की है। मतदान दलों को मतपेटियां इस एप्लीकेशन इन्वेंटरी मैनेजमेंट से क्यूआर कोड स्कैन करके दी जानी प्रस्तावित हैं। इसी तरह चुनाव से संबंधित समस्त सामग्री को भी इस एप्लीकेशन के माध्यम से वितरित किया जाना प्रस्तावित है।

# हिट एंड रन मामले में मुआवजे का विशेष प्रावधान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**




डीसी तोरुल एस रवीश ने कंपनसेशन टू विक्टिम्स ऑफ हिट एंड रन मोटर एक्सीडेंट स्कीम, 2022 के तहत जिला स्तरीय कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोगों को केंद्र की इस मुआवजा स्कीम के बारे में पता ही नहीं है।

मोटर वाहन अधिनियम की धारा-161 में हिट एंड रन मोटर दुर्घटना के मामले में मुआवजे का विशेष प्रावधान है।

उन्होंने कहा कि यदि कोई दुर्घटना हो तो उस समय पुलिस अधिकारियों का यह कर्तव्य है कि वे लोगों को इस मुआवजा योजना के बारे में बताएं। हिट एंड रन दुर्घटना मामले में पीड़ित या उनके कानूनी प्रतिनिधि इस मुआवजा योजना के तहत आवेदन कर सकते है। दावा जांच अधिकारी प्राप्त दावा आवेदनों के सत्यापन के बाद उन्हें वित्तीय सहायता के वितरण के लिए दावा जांच आयुक्त को भेज देंगे।

इस योजना के तहत, मृत्यु के मामले में 2 लाख रुपए और गंभीर चोट के मामले में 50,000 रुपए का मुआवजा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के कारण जान-माल का नुकसान होने से पीड़ितों और उनके परिवारों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ऐसी सड़क दुर्घटनाएं, जहां किसी व्यक्ति को चोट पहुंचाने या उसकी मृत्यु का कारण बनने वाले वाहन की पहचान या पता नहीं लगाया जा सकता है, उन्हें हिट एंड रन मोटर वाहन दुर्घटनाएं कहा जाता है क्योंकि दुर्घटना करने वाले वाहन का विवरण ज्ञात नहीं है इसलिए घायल पीड़ित या मृतक का कानूनी उत्तराधिकारी मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के माध्यम से मुआवजे का दावा नहीं कर सकता है।

हिट एंड रन मोटर दुर्घटना योजना-2022 ऐसे पीड़ितों और उनके परिवारों की सहायता के लिए है। डीसी की अध्यक्षता में जिले में हिट एंड रन केस से संबंधित कमेटी गठित है। उक्त कमेटी में डीसी के अलावा बीमा कंपनी के सदस्य व अन्य अधिकारी शामिल हैं।

डीसी ने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि यदि उनके किसी परिजन का हिट एंड रन केस में दुर्घटना ग्रस्त अथवा मृत्यु हो गई है, तो वह संबंधित तहसील में तहसीलदार या उपजिलाधिकारी के साथ-साथ एआरटीओ ऑफिस में संपर्क कर योजना का लाभ ले सकते हैं। बैठक में सहायक आयुक्त शशि पाल नेगी, आरटीओ राजेश भंडारी, डीएसपी राजेश कुमार, सभी उपमंडलाधिकारी वीसी के माध्यम से उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### मनाली मीट मार्केट में 700 रुपए का किया चालान

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** उपनिदेशक मत्स्य कार्यालय पतलीकूहल द्वारा गठित उड़न दस्ते ने पतलीकूहल से मनाली तक छापेमारी की। इस कड़ी में मनाली मीट मार्केट और स्थानीय रेहड़ी-फड़ी वालों को चेक किया गया। मनाली मीट मार्केट में एक चालान हिमाचल प्रदेश मत्स्य अधिनियम 2020 के तहत किया गया और 700 रुपए जुर्माना वसूला गया। उन्होंने सभी मत्स्य विक्रेताओं को निर्देश दिए गए कि विभाग द्वारा प्राधिकृत मत्स्य विक्रेता से मछली खरीदना सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार की अवैध मत्स्य का व्यापार न करें अन्यथा विभाग इस पर कड़ी कार्रवाई करेगा।

### पनारसा कॉलेज में मेधावी स्टूडेंट्स नवाजे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय पनारसा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्यातिथि डॉ. नंदलाल शर्मा, सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक (शिक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश) रहे। विशेषातिथि के रूप में डॉ. धनेश्वरी ठाकुर (सेवानिवृत्त प्राचार्य), प्रो. चेतन राणा (सेवानिवृत्त प्रोफेसर) और एडवोकेट चंद्रा उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त पीटीए के सदस्य, ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन के पदाधिकारी और अन्य सदस्य भी समारोह में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। उसके बाद, कॉलेज के संगीत विभाग के स्टूडेंट्स ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, जिसने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इसके पश्चात कॉलेज की प्राचार्य, डॉ. उरसेम लता ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें पिछले वर्ष की शैक्षिक, सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया। इन सभी कार्यक्रमों ने समारोह में रंगीनता और आनंद भर दिया। मुख्यातिथि डॉ. नंदलाल शर्मा ने विद्यार्थियों को उनकी शैक्षिक उत्कृष्टता, सांस्कृतिक, खेलकूद, सीएससीए और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पारितोषिक प्रदान किए। पुरस्कारों में बीए तीसरे वर्ष की सविता को ओवरऑल प्रथम, दिव्या शर्मा को ओवरऑल द्वितीय, बीए द्वितीय वर्ष के यशपाल को ओवरऑल प्रथम, मधु को ओवरऑल द्वितीय, बीए प्रथम वर्ष की निशा को ओवरऑल प्रथम और मिनाक्षी को ओवरऑल द्वितीय, बीकॉम तीसरे वर्ष की शिवानी को ओवरऑल प्रथम, अनामिका को ओवरऑल द्वितीय, बीकॉम दूसरे वर्ष की लक्ष्मी को ओवरऑल प्रथम और सुदीप्ति को ओवरऑल द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक विषय में प्रथम और द्वितीय स्थान पर आए विद्यार्थियों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए।

### भांग की खेती पर ड्रोन से रखी जाएगी नजर

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** डीसी ने कहा कि जिले के दूरदराज जंगलों में की जाने वाली भांग की खेती पर ड्रोन से नजर रखी जाएगी। इसके लिए एसडीएम व पुलिस को ड्रोन उपलब्ध करवाए जाएंगे, ताकि वे भांग की बुआई के समय से इस पर नजर रख सकें। डीसी ने नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि इससे भांग की बिजाई के बाद ही इसके पौधों को नष्ट किया जा सके। उन्होंने वन विभाग को जंगल की ओर जाने वाले रास्तों को चिह्नित कर चेक पोस्ट स्थापित करने को कहा, ताकि जंगलों की तरफ जाने वालों पर नजर रखी जा सके। नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश में पांच मुख्य चरणों में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत प्रतिज्ञा अभियान, संकल्प अभियान, कुटुंब अभियान, ललकार अभिमान तथा स्वाभिमान अभियान के रूप में विभिन्न चरणों में नशे के उन्मूलन के लिए समाज के विभिन्न वर्गों के सहयोग से व्यापक कदम उठाए जाएंगे। डीसी ने निर्देश दिए कि सभी शिक्षण संस्थानों में इस संबंध में नशे से ग्रसित छात्रों को रिपोर्ट कर, उन्हें नशे से बाहर निकालने के लिए उपचार के माध्यम से कदम उठाएं।

# मरीजों के लिए वरदान साबित हुई हवाई सेवा

### तिंदी हेलिपैड से चौपर के माध्यम से दो बीमार महिलाओं को किया एयरलिफ्ट

**कमलेश वर्मा, केलांग**

बर्फ के आगोश में डूबे शीतमरुस्थल जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में उड़नखटोला मरीजों के लिए वरदान साबित हुआ है। बर्फबारी के बाद अभी भी विभिन्न क्षेत्रों की कई सड़कें बंद हैं। ऐसे में स्थानीय लोगों और मरीजों को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में मरीजों को उपचार के लिए जिले से बाहर ले जाना बेहद मुश्किल है।

शुक्रवार को घाटी की तिंदी पंचायत की दो मरीज महिलाओं को हेलिकाप्टर से एयरलिफ्ट कर भुंतर हवाई अड्डा लाया गया, जहां से उन्हें एंबुलेंस के माध्यम से ढालपुर के क्षेत्रीय अस्पताल में ईलाज के लिए लाया गया। लाहौल घाटी की तिंदी पंचायत की एक महिला बीमार चल रही थी और दूसरी महिला गर्भवती थी। सड़क मार्ग न खुलता देखकर उन्होंने लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा से हेलिकॉप्टर सेवा उपलब्ध करवाने की मांग रखी थी।

#### सरकार जनता के हर दुख में साथ खड़ी है : अनुराधा

विधायक ने सरकार से ऐसे में चौपर के लिए मांग की ऐसे में शुक्रवार को घाटी में मौसम साफ रहने पर तिंदी हेलिपैड में हेलिकॉप्टर उतरा और दोनों महिलाओं को एयरलिफ्ट कर भुंतर हवाई अड्डा पहुंचाया गया, अब दोनों महिलाओं का कुल्लू के क्षेत्रीय अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। उपमंडल अधिकारी नागरिक उदयपुर मनोज ठाकुर ने बताया कि उदयपुर के तिंदी हेलिपैड से दो मरीज तारा देवी (दो वर्ष के बच्चे सहित) पत्नी बृज मोहन, गांव बाड़ा (तिंदी) जो कि गर्भवती है व देवकी आयु 60 वर्ष पत्नी स्वर्गीय दिन नाथ गांव कुठाड़, उपतहसील उदयपुर जिला लाहौल-स्पीति जो कि कान के संक्रमण से पीड़ित है व कान से रक्त स्त्राव हो रहा है, उक्त दोनों मरीजों को प्रात: 10:50 पर तिंदी हेलिपैड से हेलिकाप्टर के माध्यम से कुल्लू भेजा गया, जहां उनका क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में उपचार किया किया जाएगा। उधर, विधायक अनुराधा राणा ने इसके लिए प्रदेश सरकार का आभार जताते हुए कहा कि सरकार जनता के हर दुख तकलीफ में साथ खड़ी है। (अनंत ज्ञान)

## छात्रों को करवाया फील्ड विजिट

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आनी में प्राचार्य डॉ. जवाहर ठाकुर के नेतृत्व में पूर्व व्यावसायिक शिक्षा प्री बोकेशनल एजुकेशन के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्राओं को कौशल विकास एवं स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करना है। इसी क्रम में, विद्यालय द्वारा छात्रों को फील्ड विजिट पर ले जाया गया, जहां उन्होंने बैंक, बेकरी, ब्वॉयज स्कूल, साइंस, हेल्थ केयर आदि क्षेत्रों का अवलोकन किया। इसके अलावा, विषय-विशेषज्ञों को आमंत्रित कर छात्रों के लिए विशेष व्याख्यान (गेस्ट लेक्चर) भी आयोजित किए गए, जिससे उन्हें व्यावसायिक क्षेत्रों की गहन जानकारी प्राप्त हुई। इस कार्यक्रम के समन्वयक धीरज शर्मा, सह-संयोजक शास्त्री आचार्य हीरालाल के मार्गदर्शन में छात्राओं को व्यवहारिक ज्ञान के साथ-साथ स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# कटराई में बनाए जा रहे निकासी नाले का लोगों ने किया विरोध

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**



नेशनल हाईवेज अर्थॉरिटी द्वारा कटराई में हाईवे किनारे पानी की निकासी के लिए नाले के निर्माण का कार्य शुरू किया गया था, लेकिन स्थानीय लोगों ने इस पर अपना विरोध जताया है।

लोगों का कहना है कि विभाग द्वारा हाईवे किनारे तो पानी की नाली बनाई जा रही है, लेकिन उस नाली का सारा पानी कटराई के पुराने बाजार की तरफ मोड़ा जा रहा है, जो कि सरासर गलत है। लोगों का कहना है कि कटराई के पुराने बाजार में पहले से ही पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है, उस पर हाईवे की तरफ से सारा पानी इस नाली में छोड़े जाने से बरसात के दिनों में इस बाजार में बाढ़ जैसी स्थिति बन जाएगी। उधर, हाईवेज अर्थॉरिटी के एक अधिकारी अशोक चौहान, जब मौके पर आए तो स्थानीय लोगों ने इस बाबत अपनी आपत्तियां उनके सामने रखी, लेकिन उपरोक्त अधिकारी ने बिना उनकी बात सुनें ही लोगों को धमकाना शुरू कर दिया और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि यह रोड उनका है वह जैसा चाहे वैसा करेंगे, जिसको जो कुछ करना है वह कर ले। अधिकारी के इस तरह के गैर जिम्मेदाराना व्यवहार से लोगों में खासा रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है उन्हें एक उच्च अधिकारी से ऐसे व्यवहार की कतई उम्मीद नहीं थी। ऐसे अधिकारी की शिकायत उच्च स्तर पर भी की जाएगी। लोगों का कहना है कि जब तक पानी निकासी का उचित समाधान नहीं हो जाता, तब तक यहां काम शुरू न किया जाए। (अनंत ज्ञान)

# अध्यापकों ने शिक्षण की नवीनतम विधियों को सीखा




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

शिक्षा के सुदृढ़ीकरण को लेकर सरकार द्वारा प्रायोजित पीएम श्री स्कूल योजना के अंतर्गत चयनित विभिन्न पाठशालाओं में स्कूल ट्विनिंग (पाठशाला जुड़वाकरण) कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।

इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा की उच्च गुणवत्ता को परस्पर सहयोग से सुनिश्चित करना है। इसी ट्विनिंग कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को पीएम श्री राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला पंजाई सराज- बालीचौकी जिला मंडी ने जवाहर नवोदय विद्यालय कुल्लू स्थित बंदरोल का दौरा किया। पाठशाला प्रभारी एवं अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ सराज-।। शेष राम ठाकुर ने बताया कि इस ट्विनिंग कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र की इस पाठशाला के बच्चे जवाहर नवोदय विद्यालय के बच्चों के साथ विभिन्न शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधिओं से न केवल रूबरू हुए, बल्कि उन्होंने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। अध्यापकों ने भी शिक्षण की विभिन्न नवीनतम विधियों एवं प्रविधिओं को सीखा और आपस में अपने अनुभव साझा किए।

### कमेटी की सिफारिशों को लागू करवाने के लिए सड़क पर उतरे पटवारी कानूनगो

# मांगों को लेकर निकाली रोष रैली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

एक सप्ताह से अपनी मांगों को लेकर पेन डाउन हड़ताल कर रहे पटवारी-कानूनगो अब शुक्रवार से सड़क पर उतर गए हैं। जिला कैडर को बदलकर राज्य कैडर करने के खिलाफ पटवारी और कानूनगो पिछले एक सप्ताह से कलम छोड़ हड़ताल कर रहे हैं।

पटवारी-कानूनगो बलवान कमेटी की सिफारिशों को लागू करवाने के लिए सड़क पर उतरे। जिला मुख्यालय कुल्लू स्थित प्रदर्शनी मैदान में एकत्रित होने के बाद जिला पटवारी-कानूनगो संघ ने अपनी नौ मांगों को लेकर शहर में सरकार के खिलाफ रोष रैली निकाली। रैली संयुक्त ग्रामीण राजस्व अधिकारी (पटवारी) एवं कानूनगो महासंघ के बैनर तले प्रदर्शनी मैदान से ढालपुर चौक, लाल चंद पार्थी कलाकेंद्र, जिला पुस्तकालय, कॉलेज चौक, क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू होते हुए डीसी ऑफिस तक निकाली गई। इस मौके पर पटवार-कानूनगो महासंघ के पदाधिकारी अमन सहित अन्य सदस्यों ने कहा कि सरकार ने स्टेट कैडर की नोटिफिकेशन कर पटवार-कानूनगो के साथ अन्याय किया है।

#### नायब तहसीलदार पदोन्नत कोटा 60 फीसदी से बढ़ाकर 80 फीसदी किया जाए

जिला कैडर पर भर्ती हुए पटवारी व कानूनगो और जिला कैडर पर ही वरिष्ठता सूची होने के कारण सभी को स्टेट कैडर से दिक्कतें होंगी। साथ ही इससे जनता के राजस्व संबंधित कार्य में गुणवत्ता और तेजी नहीं होगी। प्रदेशभर में पटवारी और कानूनगो कर्मचारियों के दफ्तर की हालत खराब है। ऐसे में प्रदेश सरकार बलवान कमेटी की सिफारिश को जल्द लागू करें और पटवारी कानूनगो संघ की मांगों पर गौर करे। कानूनगो से नायब तहसीलदार पदोन्नत कोटा 60 फीसदी से बढ़ाकर 80 फीसदी किया जाए या कानूनगो से सुपरिटेंडेंट ग्रेड-2 में पदोन्नत कोटा निर्धारित किया जाए। वेतनमान और भत्ते समय के अनुसार बढ़ाए जाएं। पटवार भवन और कानूनगो भवन को रहने और कार्य करने योग्य किया जाए, वेतन विसंगति ठीक की जाए। हर पटवार भवन और कानूनगो भवन में कंप्यूटर, प्रिंटर, हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन और स्टेशनरी प्रदान किए जाएं। दूसरे विभाग के कार्य संबंधित विभाग से करवाया जाए। चार पटवार वृत्त पर एक कानूनगो वृत्त का सृजन होना चाहिए। बड़े पटवार वृत में राजस्व गांव बार या महाल, उपमहाल बार नए पटवार वृत्त का सृजन किया जाए।

## 9 को मनाया जाएगा बौद्ध धर्मगुरु का जन्मदिन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** 9 मार्च को बौद्ध धर्म गुरु डुकपा काग्यू के अवतारी 12वें ज्ञलवांग द्रुक्पा का रिवाल्सर में जन्मदिन मनाया जाएगा। वाईडीऐ गरशा संस्था के अध्यक्ष सुशील ने बताया कि वर्ष 1963 में डुकपा काग्यू के बौद्ध धर्म गुरु अवतारी 12वें ज्ञलवांग डुकपा का जन्म बौद्ध धर्म के पवित्र महापर्व रिवाल्सर त्सेचु के दौरान हुआ था। आज डुकपा के बौद्ध धर्म गुरु ज्ञलवांग डुकपा भारत के हिमालयन क्षेत्रों के साथ-साथ विश्व के विभिन्न देशों में भी विख्यात हैं। उनके विश्वभर में डुकपा वंशावली के लाखों अनुयायी हैं, जो वाईडीऐ और लिव टू लव संस्था के माध्यम से धर्म के साथ-साथ पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, संस्कृति संरक्षण जैसे क्षेत्र में अच्छा कार्य कर विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किए जा चुके हैं। रविवार 9 मार्च को त्सेचु के दौरान रिवाल्सर में धर्मगुरु 12वें ज्ञलवांग डुकपा और धर्मगुरु डुकपा क्यबजे थूकसे रिनपोछे का जन्मदिन मनाएगी, जिसकी तैयारी वाईडीऐ गरशा ने पूरी कर ली है।

## बिजली निर्माण की प्रक्रिया को समझा

**अनंत ज्ञान, आनी।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी के छात्रों ने एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण किया। कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने हिमाद्रि प्रोजेक्ट, राजकीय महाविद्यालय आनी और 66 केवी बिजली सब स्टेशन का दौरा किया। हिमाद्रि प्रोजेक्ट में छात्रों ने बिजली निर्माण की प्रक्रिया को समझा। राजकीय महाविद्यालय में उन्होंने प्रयोगशालाओं का भ्रमण किया। कॉलेज प्राचार्य कंवर दिनेश सिंह ने छात्रों को जीवन में कौशल और विज्ञान आधारित रुचि विकसित करने की सलाह दी। बिजली सबस्टेशन में छात्रों ने बिजली वितरण प्रणाली को करीब से देखा। इस शैक्षिक भ्रमण में विज्ञान अध्यापक पंकज ठाकुर, रणजीत सिंह, सीता ठाकुर, सतीश खाची और इंदु बाला ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। स्कूल के प्रधानाचार्य अमर चंद चौहान ने कहा कि यह भ्रमण छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान के लिए बेहद उपयोगी रहा।

**आयोजन** सूत्रधार कला संगम कुल्लू की कार्यकारिणी की बैठक का हुआ आयोजन

# 10 को देवसदन में होगा होली संध्या कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सूत्रधार कला संगम कुल्लू की कार्यकारिणी की बैठक संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में सूत्रधार भवन के कार्यालय में संपन्न हुई।

बैठक में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने कहा कि किन्ही अपरिहार्य कारणों से 27वीं होली संध्या का आयोजन अब 10 मार्च सोमवार को देव सदन कुल्लू के सभागार में सायं 7 से रात्रि 10 बजे तक किया जाएगा। इस 27वीं सूत्रधार होली संध्या कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध लेखक, गायक व संगीतकार स्व. राम कुमार कपूर की रचनाओं के साथ-साथ कुल्लू की प्रसिद्ध प्रचलित व पारंपरिक होली गीतों का गायन किया जाएगा तथा इस कार्यक्रम को और अधिक रोचक बनाने के लिए इसमें होली से संबंधित नृत्यों की प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने बताया कि यह संपूर्ण कार्यक्रम सभी आम जनमानस कला प्रेमियों के स्वस्थ मनोरंजन के लिए निशुल्क रहेगा। बैठक में सर्वसम्मति से 27वीं सूत्रधार होली संध्या में कार्यक्रम प्रभारी उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिह तथा कार्यक्रम सहप्रभारी वित्त सचिव जोगेंद्र ठाकुर को बनाया गया। इस 27वीं सूत्रधार होली संध्या कार्यक्रम में गोपाल कृष्ण महंत अध्यक्ष नगर परिषद कुल्लू मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे तथा अनुभव शर्मा कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद कुल्लू कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान कुल्लू दशहरा की लोकनृत्य प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले सूत्रधार कला संगम के कलाकारों तथा नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस में जयति जय मम भारतम कार्यक्रम में भाग लेने वाले कलाकारों को प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। दिनेश सेन सहित उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, महासचिव अतुल गुप्ता, वित्त सचिव जोगेंद्र ठाकुर, भंडार प्रभारी तिलक राज चौधरी, सचिव मंजु शर्मा, यशोदा शर्मा व हितेश कुमार गोगी,



लोक नृत्य प्रभारी सीमा शर्मा, विशेष आमंत्रित सदस्य सुंदर श्याम व पं. विद्या सागर, आमंत्रित सदस्य जीवन, सनी व संजय तथा प्रबंधक उत्तम चंद उपस्थित रहे। मथुरा एवं वृज की तर्ज पर रघुनाथ जी की नगरी कुल्लू में वैराग्य समुदाय के साथ-साथ आम जनमानस में होली गायन तथा होली उत्सव को मनाए जाने की परंपरा 17वीं शताब्दी में रघुनाथ जी के कुल्लू आगमन के समय से चली आ रही है। समय परिवर्तन के कारण धीरे-धीरे यह समृद्ध परंपराएं क्षीण होती जा रही हैं। ऐसे में सूत्रधार कला संगम द्वारा कुल्लू जनपद में होली संध्या के नाम से कार्यक्रम आरंभ कर पारंपारिक होली गायन व उत्सव को संरक्षित रखने व संबर्धन करने का बीड़ा उठाया गया है।

# कुल्लू साहित्य उत्सव का आज होगा शुभारंभ

### ‘भक्तिकाल में सूफी एवं निर्गुण धारा’ होगा मुख्य विषय, अनेक विशेषज्ञ वक्ता देंगे वक्तव्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू के देवसदन में शनिवार से तीन दिवसीय कुल्लू साहित्य उत्सव का आगाज होगा। 8 से 10 मार्च तक हिमतरु प्रकाशन समिति तथा भाषा एवं संस्कृति विभाग, शिमला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस उत्सव का शुभारंभ भाषा एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार के सचिव राकेश कंवर वर्चुअली करेंगे। पहले दिन कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ लेखिका रेखा वशिष्ठ करेंगी। यह जानकारी वरिष्ठ साहित्य एवं समीक्षक एवं कुल्लू साहित्य उत्सव कोर कमेटी के प्रमुख डॉ. निरंजन देव शर्मा ने दी।

डॉ. निरंजन देव शर्मा ने बताया कि इस बार के कुल्लू साहित्य उत्सव का मुख्य विषय ‘भक्ति काल में सूफी और निर्गुण धारा’ रखा गया है तथा साथ ही पर्यावरण और योग व अन्य संबद्ध विषयों पर विशेषज्ञ वक्ता अपना वक्तव्य देंगे। आमंत्रित वक्ताओं में लखनऊ से डॉ. सुभाष राय, चंडीगढ़ से प्रो. ईश्वर दयाल गौड़, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से डॉ. अशीष त्रिपाठी तथा ऊना से जाहिद अबरोल शामिल होंगे, जबकि पर्यावरण एवं हिमाचल की चिंताएं विषय पर पर्यावरणविद गुमान सिंह, डॉ. मही योगश तथा डॉ. संजू पॉल महत्वपूर्ण वक्तव्य देंगे। निरंजन देव ने बताया कि यह साहित्य उत्सव कुल्लू में आयोजित हो रहा है इसलिए 2024-25 में प्रकाशित तीन महत्तवपूर्ण पुस्तकों पर वक्तव्य और परिचर्चा रखी गई है, जिनमें; अजेय की पुस्तक ‘रोहतांग आर-पार’, ईशिता आर. गिरीश की पुस्तक ‘सुंगसुरई और सपनों का ट्रांसमिशन’ तथा किशन श्रीमान की पुस्तक ‘देव नगरी’ को शामिल किया गया है।

#### आज व कल लगाई जाएगी पुस्तक प्रदर्शनी

इस दौरान 8, 9 मार्च को पुस्तक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसके लिए कुछ प्रमुख प्रकाशन संस्थानों को आमंत्रित किया गया है। डॉ. निरंजन ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं नवोदित लेखकों को पठन-पाठन एवं साहित्य-कला-संस्कृति, पर्यावरण, सामाजिक मुद्दों व संबद्ध विषयों को लेकर जागरूक करना है इसलिए स्थानीय सभी कॉलेजों एवं प्रमुख शिक्षण संस्थानों व विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियां की भागिदारी सुनिश्चित की गई है।

#### उत्सव की प्रथम संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

उत्सव की प्रथम संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, जिसमें राजस्थानी घुमंतू कलाकारों द्वारा सूफी संगीत की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। तीसरा एवं अंतिम दिन विरासत यात्रा का रहेगा, उस दौरान भी साहित्य-कला-संस्कृति, पर्यावरण एवं संबद्ध विषयों पर चर्चा होगी।

**नाम परिवर्तन**

**मैं अमिता देवी** (32) पत्नी श्री जितेंद्र निवासी गांव अलेउ डाकघर व तहसील मनाली जिला कुल्लू (हि. प्र.) घोषणा करती हूं कि मेरा सही नाम अमिता देवी है। मेरी बेटी अरायमा के जन्म के समय नगर परिषद कुल्लू के रिकॉर्ड में गलती से मेरा नाम अमिता दर्ज हुआ है, जिसे दुरुस्त कर अमिता देवी किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने उद्घोषित अपराधी किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** बरोटीवाला पुलिस ने उद्घोषित अपराधी गुरजीत सिंह पुत्र जोगिंद्र सिंह निवासी गांव चीरा खोखरा डाकघर नानकपुर तहसील कालका, जिला पंचकूला हरियाणा को पीओ सेल बद्दी की सहायता से गिरफ्तार कर लिया है। नालागढ़ अदालत द्वारा मुकदमा संख्या 78/2021 के तहत 27 जून, 2021 के जुर्म की धारा 382, 411, 34 आईपीसी के तहत थाना बरोटीवाला में उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था। इस उपरोक्त आरोपी को अदालत में पेश किया जा रहा है।

### पुलिस ने अवैध शराब सहित दबोचा व्यक्ति

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन में बाल्मिकी बस्ती चकरेड़ा बाईफिरकेशन पर एक व्यक्ति कंधे पर रखकर शराब पेटी ले जा रहा था, सामने जब पुलिस टीम को पाया तो भागने लगा मगर पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक पेटी देशी शराब की 12 बोतलें बरामद कर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। एसपी एनएस नेगी ने बताया कि पुलिस थाना नाहन की टीम ने गश्त के दौरान बाल्मिकी बस्ती चकरेड़ा बाईफिरकेशन पर बस स्टैंड की तरफ से व्यक्ति अपने कंधे पर एक गत्ता पेटी उठाए हुए बाल्मिकी बस्ती की तरफ जा रहा था। एसपी ने बताया कि पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने दौड़ कर आरोपी को काबू किया। आरोपी सुरेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ पुलिस थाना नाहन में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### टोल यूनिट बद्दी : कम मिला आरक्षित मूल्य

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** राज्य कर जिला बीबीएन बद्दी के टोल यूनिट बद्दी के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नीलामी प्रक्रिया बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ औद्योगिक संघ के भवन झाड़माजरी बद्दी में संपन्न हुई। नीलामी प्रक्रिया की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त सोलन एवं नीलामी/निविदा जिला आवंटन कमेटी के अध्यक्ष राहुल जैन ने की। यह जानकारी उपायुक्त आबकारी, राज्य जिला बद्दी विनोद सिंह डोगरा ने दी। उन्होंने कहा कि बद्दी टोल का आरक्षित मूल्य 27 करोड़ 21 लाख 90 हजार रुपए निर्धारित किया गया था। उन्होंने कहा कि बद्दी टोल यूनिट के लिए रोबिनजीत सिंह संधू, रिजुल जैन एवं मैसर्ज जेएस एंटरप्राइजज के आवेदन प्राप्त हुए। तीनों आवेदकों द्वारा डाली गई निविदा मूल्य आरक्षित मूल्य से कम प्राप्त हुए, जिसमें मैसर्ज जेएस एंटरप्राइजज की निविदा अन्य आवेदकों की तुलना में अधिक प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि समस्त कार्यवाही को अग्रिम कार्यवाही के लिए मुख्यालय प्रेषित किया गया है। विनोद सिंह डोगरा ने कहा कि नीलामी प्रक्रिया में अतिरिक्त आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी, दक्षिण क्षेत्र, हिमाचल प्रदेश विवेक कुमार, डीसी राज्य कर एवं आबकारी, परवाणू, जिला सोलन भूप राम शर्मा उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम में माताओं ने दिखाई प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शिक्षा खंड सतौन में पहली शिक्षक मां कार्यक्रम के तहत माताओं के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पीएम राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सतौन के प्रधानाचार्य एवं बीपीओ जगदीश चंद शर्मा तथा खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार शर्मा ने विधिवत रूप से किया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पूर्व प्राथमिक कक्षाओं में नामांकित बच्चों की माताओं को इस प्रक्रिया के उद्देश्य और बच्चों के साथ विभिन्न विकास क्षेत्रों से अवगत करवाना था, ताकि माताएं घर पर अपने बच्चों के साथ इन गतिविधियों को करवाएं और बच्चों के सर्वांगीण विकास में मददगार बन सकें। इस कार्यशाला में शिक्षा खंड सतौन के अंतर्गत आने वाली पूर्व प्राथमिक पाठशालाओं के करीब 15 स्कूलों से माताओं ने इस प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। मंच को संबोधित करते हुए केआरपी प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम 13 दिसंबर, 2023 को मंडी से प्रारंभ हुआ था। इसका उद्देश्य माताओं को शिक्षा प्रक्रिया में अधिक भागीदारी देने और उन्हें प्रोत्साहित करना है क्योंकि बच्चे अपनी माताओं के साथ अधिक समय व्यतीत करते हैं और उनकी शिक्षा में माता की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण होती है। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में प्रदेश सरकार की इस पहल को सराहा एवं प्रभावी बताते हुए माताओं की भागीदारी को शिक्षण प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण कदम करार दिया।

### पंचकर्मा चिकित्सा प्रक्रिया का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा आयुष विभाग में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के कड़े प्रयास किए जा रहे हैं। हिमाचल सरकार द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा सेवाओं को बढ़ाने के लिए जिला सिरमौर में आयुष विभाग की लघु शल्य/पैरा सर्जिकल चिकित्सा की प्रक्रिया को लोगों के घरद्वार पर उपलब्ध करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिला सिरमौर में आयुष विभाग के 89 आयुष संस्थान, 72 वेलनेस केंद्र और 17 एएचसी अस्पताल हैं। जिले में आयुष विभाग की सेवाओं को मजबूत प्रदान करने के लिए 25 आयुष चिकित्सा प्रक्रिया तथा 25 आयुष चिकित्सा अधिकारियों को पंचकर्मा चिकित्सा प्रक्रिया का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, जिससे जिला सिरमौर में अब तक पैरा सर्जिकल के लगभग 661 व पंचकर्मा के 816 लोग लाभान्वित हुए हैं। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयदीप ने बताया कि सिरमौर में लघु शल्य/पैरा सर्जिकल में अग्नि कर्म, रक्तमोक्षण, मर्म चिकित्सा, कपिंग, विद्ध अग्निकर्म, क्षार कर्म छह तथा पंचकर्म व केरलीय पंचकर्म में शिरोधारा, जानु बस्ती, ग्रीवा बस्ती, कटी बस्ती, नस्य कर्म, स्नेहन-अभ्यंग, व स्वेदन, सात तरह से रोगों का उपचार किया जा रहा है।

### पटवारी कानूनगो संघ का मांगों को लेकर विरोध

**अनंत ज्ञान, नाहन।** प्रदेश सरकार ने राजस्व कर्मचारियों जैसे पटवारी, कानूनगो आदि की सेवाओं को स्टेट कैडर बनाने का निर्णय लिया है इसका कर्मचारियों द्वारा विरोध किया जा रहा है। इसी कड़ी में हड़ताल के सातवें दिन संघ ने नाहन में जिला स्तरीय विरोध-प्रदर्शन का आयोजन किया। लोग रानी झांसी पार्क से नारेबाजी करते हुए और हाथों में मांगों की तख्तियां लेकर शहर से निकले और डीसी कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने अपनी मांगों का ज्ञापन उपयुक्त को सौंपा। अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने बताया कि वह स्टेट कैडर का विरोध कर रहे हैं क्योंकि इससे न केवल उन्हें अपितु आमजन को भी नुकसान होगा। बलवान कमेटी की सिफारिशों को लागू करना भी उनकी प्रमुख मांग है। उनका अनुरोध है कि सरकार उन्हें वार्ता के लिए बुलाए, ताकि इस समस्या का निदान हो सके। स्टेट कैडर मान्य नहीं है, इससे उनकी सीनियरिटी भी प्रभावित होगी, जिससे उन्हें बहुत नुकसान पहुंचेगा।

# सोलन के धर्मपुर और नालागढ़ में बनेगी ब्लॉक पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी

**आर मोहन चौहान, सोलन**

जिला सोलन के धर्मपुर, नालागढ़ और सायरी के सिविल अस्पतालों में जल्द ही ब्लॉक पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी (बीपीएच) का निर्माण किया जाएगा।

इन लेबोरेटरी के बनने से ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को नया आयाम मिलेगा और ग्रामीण इलाकों में भी बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं सुलभ होंगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार धर्मपुर सीएचसी में लैब निर्माण के लिए लगभग 50 लाख की टेंडरिंग प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा, अगर सब कुछ योजना के मुताबिक रहा तो अगले छह महीनों में ये लेबोरेटरी काम करना शुरू कर देगी। नालागढ़ और सायरी पीएचसी में भी जल्द निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)



बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दस्तावेज के अनुसार, स्वास्थ्य क्षेत्र में होने वाले कुल खर्च का 70 फीसदी हिस्सा प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल पर खर्च किया जाना है। इसी दिशा में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी की स्थापना एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। धर्मपुर सीएचसी में पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी का काम जल्द ही शुरू होने वाला है। इस लेबोरेटरी के निर्माण से ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती मिलेगी।

**डॉ. अल्पना, बीएमओ धर्मपुर।**

### टेक्नीशियन की होगी नियुक्ति

**ब्लॉक** पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी में अत्याधुनिक उपकरणों के साथ विशेषज्ञ डॉक्टरों और टेक्नीशियन की नियुक्ति की जाएगी। इन लैब्स में मलेरिया, टायफाइड, हेपेटाइटिस बी, डायरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों की सटीक जांच और विश्लेषण किया जाएगा। इससे रोगों की जल्द पहचान कर सही समय पर इलाज संभव हो सकेगा। सोलन के डीआईओ डॉ. गगनदीप ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। फिलहाल धर्मपुर, नालागढ़ और सायरी में इस योजना की शुरुआत हो रही है, जबकि अर्की, चंडी और बद्दी में अगले वित्तीय वर्ष में इन लैब्स के निर्माण को मंजूरी मिलने की संभावना है। ब्लॉक पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं से भी जोड़ा जाएगा, जिससे मरीजों को एक ही स्थान पर बहुआयामी सेवाएं मिल सकें। 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत इन लेबोरेटरी की स्थापना के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं और केंद्र व राज्य सरकारें इस योजना को सफल बनाने के लिए मिलकर काम कर रही हैं।

# अधिकारी पंचायत स्तर पर आदर्श गांव के निर्माण में अहम भूमिका निभाएं

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सोलन, बाल रक्षा भारत संगठन तथा केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान रुड़की के तत्वावधान में आदर्श रेजिलिएंट गांव – ग्राम पंचायत बवासनी के संबंध में एकदिवसीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने की। डीसी ने कहा कि सोलन के नालागढ़ विकास खंड की पंचायत बवासनी में अगस्त, 2023 में आई प्राकृतिक आपदा के उपरांत प्रभावित क्षेत्र को पुन: विकसित करने के लिए आदर्श रेजिलिएंट गांव परियोजना कार्यान्वित की जा रही है।

इस परियोजना का उद्देश्य आपदा प्रभावितों के लिए चिन्हित ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी अधोसंरचना का विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में आवश्यक सुधार और दीर्घकालिक विकास को प्रोत्साहन देना है। यह परियोजना ग्रामीण समुदायों की जरूरतों को प्राथमिकता देकर उनकी जीवन गुणवत्ता में सुधार लाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को ग्राम पंचायत स्तर पर आदर्श गांव के निर्माण में अहम भूमिका निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भागीदारी से प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों का पुन: निर्माण किया जा सकता है। इस दिशा में केंद्रीय भवन अनुसंधान रुड़की तथा बाल रक्षा भारत संगठन का सहयोग हर स्तर पर कार्य को गति प्रदान करने में सहायक हो रहा है। डीसी ने कहा कि आदर्श रेजिलिएंट गांव परियोजना के तहत महिला सशक्तिकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि महिलाएं अपनी तथा क्षेत्र की आर्थिकी में मजबूतरी प्रदान कर सकें। इस दिशा में स्वयं सहायता समूहों के सुदृढ़ीकरण पर विशेष बल दिया जाएगा। क्षेत्र में आवश्यकतानुसार कौशल विकास पर भी ध्यान दिया जाएगा, ताकि आपदा की स्थिति में कृषि के प्रभावित होने पर रोजगार व स्वरोजगार पर विपरीत असर न पड़े। कार्यशाला में केंद्रीय भवन अनुसंधान रुड़की के डॉ. किशोर एस. कुलकर्णी ने कहा कि भविष्य में आपदाओं की चुनौतियों से बचाव के लिए ऐसे आदर्श गांव का निर्माण आवश्यक है।

# बिना डॉक्टर की पर्ची के कोई भी दवाई और सिरिंज न दें

**अनंत ज्ञान, अर्की**



नशे के खिलाफ अभियान के तहत अर्की पुलिस और दवा निरीक्षक अर्की राकेश कौशल के नेतृत्व में दवाइयों की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान दुकानों के सेल और परचेज रजिस्टर की छानबीन की गई। अधिकारियों ने दवा विक्रेताओं को सख्त निर्देश जारी किए कि बिना डॉक्टर की पर्ची के कोई भी दवाई या सिरिंज नहीं दी जाए। निरीक्षण के दौरान दवा निरीक्षक अर्की राकेश कौशल ने दुकानों में रखी सभी दवाइयों की बारीकी से चेक किया। डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने जनता से आह्वान किया कि नशे के खात्मे को लेकर जारी जंग में पुलिस का साथ दें और अवैध तरीके से नशा बेचने वालों की सूचना पुलिस को दें। दवा निरीक्षक अर्की राकेश

### मेडिकल शॉप में बेची नशीली दवाएं, तो लाइसेंस होगा रद्द

कौशल ने बताया कि अगर कोई मेडिकल स्टोर संचालक नशीली दवाइयों को बेचता हुआ पकड़ा जाता है तो उसका लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। आगामी समय में भी इस तरह की छापेमारी की जाएगी। इस मौके पर एसएसआई अर्की सतपाल सिंह भी मौजूद रहे।

# व्यक्तित्व निर्माण के लिए शिक्षा सबसे बेहतर साधन

## शांडिल ने कंडाघाट कॉलेज में संगीत वाद्ययंत्र खरीद के लिए दिए 21 हजार रुपए

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट**



कंडाघाट कॉलेज का वार्षिक परितोषिक वितरण समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।

कॉलेज प्रधानाचार्य मदन लाल मनकोटिया ने वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए, शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक और शिक्षा सहगामी गतिविधियों का उल्लेख किया। उन्होंने कॉलेज में मैदान, स्टॉफ और संगीत वाद्ययंत्रों की कमी के समाधान की मांग रखी। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच समारोह में कॉलेज के शैक्षणिक, खेलों, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कैबिनेट मंत्री डॉ. कर्नल शांडिल ने व्यक्तित्व निर्माण के लिए शिक्षा को सबसे बेहतर साधन बताया। कॉलेज स्तर की शिक्षा से आत्मज्ञान और आत्मविश्वास को बल मिलता है। यह सब देश के लिए अच्छे नागरिक के निर्माण के लिए आवश्यक है। इन बातों के मद्देनजर प्रदेश सरकार शिक्षा के ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। शिक्षा के साथ युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रदेश में पर्यटन संभावनाओं का दोहन करने पर बल दे रही है। इसके लिए युवाओं को पर्यटन के क्षेत्र में काम करने के लिए अनुदान के साथ रियायती ब्याज दरों पर ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। सामाजिक सरोकार के काम भी प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में शामिल हैं। इसके लिए कार्य में हिमाचल देश का पहला राज्य है, जिसने निराश्रित बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ स्टेट बनाकर उनके लिए अनेक कल्याणकारी कार्य किए हैं। उन्होंने कॉलेज खेल मैदान के लिए संभावनाएं देखने, कॉलेज की विज्ञान लैब बनाने का आश्वासन दिया और कॉलेज में संगीत वाद्ययंत्र खरीद के लिए 21 हजार देने की घोषणा की।

# 31 तक करें एसआरटी व पीजीटी के भुगतान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** विशेष सड़क कर (एसआरटी) तथा यात्री व माल कर (पीजीटी) का भुगतान 31 मार्च तक करें। यह जानकारी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सोलन सुरेंद्र ठाकुर ने दी। उन्होंने अभी तक उक्त कर न जमा करवाने वाले वाहन मालिकों से आग्रह किया कि वह 31 माच तक कर जमा करवा दें। सरकार द्वारा विशेष सड़क एवं यात्री व माल कर जमा करवाने के लिए 17 फरवरी को अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस अधिसूचना के अनुसार कर जमा करवाने की अंतिम तिथि 31 मार्च तक है। इसके उपरांत कर जमा करवाने के लिए कोई भी छूट प्रदान नहीं की जाएगी। अभी तक विशेष सड़क एवं यात्री व माल कर जमा न करवाने वाले वाहन मालिक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सोलन के कार्यालय में 10 प्रतिशत पेनल्टी की दर से भुगतान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि निर्धारित तिथि तक कर का भुगतान न करने पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय द्वारा ऐसे वाहन जब्त कर लिए जाएंगे।

# नौणी आईसीएआर पुरस्कार से सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के वन उत्पाद विभाग के औषधीय एवं सुगंधित पौधों के अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (एआईसीआरपी) के सोलन केंद्र को वर्ष 2024 के लिए सर्वश्रेष्ठ एआईसीआरपी केंद्र के आईसीएआर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

विश्वविद्यालय में वन उत्पाद विभाग के तहत संचालित इस केंद्र को गुजरात के आनंद में आईसीएआर के औषधीय एवं सुगंधित पौधों अनुसंधान निदेशालय में आयोजित एआईसीआरपी की 32वीं वार्षिक समूह बैठक के दौरान इस पुरस्कार से नवाजा गया। इस बैठक में देश भर के 26 एआईसीआरपी केंद्रों के वैज्ञानिकों ने भाग दिया।

# पट्टा आईटीआई कार्यालय को जल्द मिलेगा अपना भवन : महलोग सभा

**अनंत ज्ञान, बद्दी**



पट्टा महलोग में किराए के कमरे में चल रही आईटीआई को जल्द ही अपना भवन मिलने वाला है। लंबे अर्से के बाद आखिर आईटीआई का अपना भवन बनकर तैयार हो चुका है और नए सत्र की कक्षाएं पट्टा के छात्रों को अपने भवन में लगाने के लिए मिलने वाली हैं। यह शब्द महलोग सभा के महामंत्री डॉ. किशोर ठाकुर एवं सह सचिव देवकरण कौशल ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि पांच सालों से ज्यादा समय से यहां आईटीआई किराये के कमरों में चल रही थी, अब सरकार द्वारा निर्मित भवन लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाकर तैयार किया जा चुका है और बिजली विभाग को स्थायी बिजली कनेक्शन का पैसा जमा कर आवेदन किया गया है, जैसे ही बिजली विभाग द्वारा अपना ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाएगा, विभाग से संबंधित सभी औपचारिकताएं पूरी हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि हमें आशा है प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं आकर इस नए परिसर को आम जनता के लिए समर्पित करेंगे। उन्होंने मांग की है कि यहां इलैक्ट्रशियन ट्रेड के साथ-साथ यहां पर फिटर, मशीनिष्ट, ड्राफट मैन, टर्नर, मोटर मैकेनिक आदि सभी ट्रेड स्थापित किए जाएं।

# 40 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 11 मार्च को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्काई मरचेंट इंटरनेशनल शिमला, मैनेजमेंट ट्रेनी व मारकेटिंग ट्रेनी के 40 पदों पर भर्ती के लिए कैंनस इंटरव्यू 11 मार्च को एरिना ईनफो सल्यूशन ट्रेनिंग सेंटर, कुनिहार में आयोजित किया जाएगा।

यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। जगदीश ने कहा कि उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं व स्नातक तथा आयु 30 वर्ष होनी चाहिए। इच्छुक उम्मीदवार अपनी योग्यता संबंधी सभी अनिवार्य प्रमाण-पत्रों, दस्तावेजों सहित ईनफो सल्यूशन ट्रेनिंग सेंटर, कुनिहार, जिला सोलन में 11 मार्च को प्रात: 10.30 बजे पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकता है। कैंपस इंटरव्यू में भाग लेने के लिए कोई भी यात्रा-भत्ता देय नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार दूरभाष नंबर 01792-227242 तथा मोबाइल नंबर 94599-60764 पर संपर्क कर सकते हैं।

# सहकारी सभा चंडी के चुनाव में कांग्रेस समर्थित सदस्यों की जीत



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

अर्की तहसील के तहत दी कश्लोग बहुउद्देशीय सहकारी सभा चंडी के चुनाव में कांग्रेस समर्थित सदस्यों ने जीत हासिल की है।

इस चुनाव में भाजपा को पूरी तरह से चित कर दिया गया है। कांग्रेस समर्थित सभी सदस्य निर्विरोध घोषित किए गए हैं। चुनाव के परिणामस्वरूप नरेंद्र शर्मा को प्रधान, यशपाल को उपप्रधान और जगदीश को सचिव नियुक्त किया गया है।

इस अवसर पर सभी सदस्यों ने विधायक अर्की संजय अवस्थी का आभार व्यक्त किया और विभाग का धन्यवाद किया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश सेवादल के उपाध्यक्ष सुशील ठाकुर, चंडी पंचायत के पूर्व उपप्रधान जय शर्मा, कृष्ण महाजन और सोहन लाल उपस्थित रहे।

**प्रतिभा** विस उपाध्यक्ष ने की क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता

# पीआरसी कुसेनू-बी टीम विजेता

**अनंत ज्ञान, नाहन**




विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने नाहन चौगान में सिरमौर एवं यूथ स्पोर्ट्स क्लब नाहन द्वारा आयोजित खेल खेलो, नशा छोड़ो-खेल खेलेगा युवा तो नशे से बचेगा युवा थीम पर आयोजित 12 दिवसीय 5वीं सिरमौर क्रिकेट कप प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल भी आवश्यक है इसलिए प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े खेल मैदानों का निर्माण कर रही है, ताकि ग्रामीण स्तर पर प्रतिभावान खिलाड़ियों को तराशा जा सके।

खेलों के आयोजन के साथ-साथ अच्छे खेल प्रबंधन का होना भी आवश्यक है, ताकि प्रतिभावान खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका मिल सके। खेल खेलेगा युवा-नशे से दूर रहेगा युवा, हमें इस विषय पर कार्य करना है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस थीम पर काफी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के अलावा बाहरी राज्य की 64 टीमों ने भाग लिया। फाइनल का मुकाबला एमबीसीसी त्रिलोकपुर बनाम पीआरसी कुसेनू-बी के बीच खेला गया, जिसमें पीआरसी कुसेनू-बी की टीम विजेता रही। मुख्यातिथि ने विजेता रही पीआरसी कुसेनू-बी की टीम को ट्रॉफी व तीन लाख रुपए नकद पुरस्कार तथा उपविजेता टीम को ट्रॉफी व नकद डेढ़ लाख रुपए देकर सम्मानित किया। इससे पहले सिरमौर युवा एवं स्पोर्ट्स क्लब नाहन की टीम ने मुख्यातिथि को शाल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# लघु फिल्म परिवार ने बताई टूटते रिश्तों की कहानी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

आधुनिकता की दौड़ में न केवल संयुक्त परिवार टूट रहे हैं, बल्कि रिश्ते भी तार-तार हो रहे हैं। यह कहानी न केवल जिला सिरमौर के गिरिपार क्षेत्र की है, बल्कि तमाम ग्रामीण इलाकों की है, जहां आज संयुक्त परिवार बिखर गए हैं और रिश्ते तार-तार हो गए हैं।

रिश्तों को बचाने और जिला सिरमौर के गिरिपार की पहाड़ी संस्कृति को बचाने के उद्देश्य से गिरिपार क्षेत्र के शिलाई विकासखंड की पंचायत नाया के गांव नाया के कलाकारों ने पहाड़ी संस्कृति को बचाने के उद्देश्य से सिरमौर की पहाड़ी बोली की पहली फिल्म बनाई है। करीब एक घंटे की इस फिल्म में युवाओं ने ग्रामीण इलाकों में किस प्रकार नशा फैल रहा है और आज का युवा कैसे कुसंगति की ओर बढ़ रहा है। युवाओं को नशे से बचाने जुए जैसी लत के प्रति जागरूक करने तथा टूट रहे संयुक्त

### गांव के 20 कलाकारों ने निभाया अहम रोल

परिवारों को बचाने के उद्देश्य से नाया गांव के युवा कलाकारों ने एक पहल की है। सिरमौर के गिरिपार क्षेत्र की पहाड़ी बोली पर आधारित फिल्म परिवार में दर्शाया गया है कि किस प्रकार आज नशा गांव-गांव तक पहुंच रहा है और नशे की लत के आदि युवा न केवल अपने सगे संबंधियों से दूर जा रहे हैं, बल्कि आने वाला भविष्य भी बर्बाद कर रहे हैं।

परिवार फिल्म में कलाकारों ने जहां नशे पर सीधी चोट की है, वहीं संयुक्त परिवार को किस प्रकार बताया जा सकता है उसे भी दर्शाया गया है। युवाओं को नशे की लत से बचाने के उद्देश्य से इस फिल्म से जागरूकता संदेश दिया गया है। फिल्म परिवार में एक ही गांव के 20 कलाकारों ने अहम रोल किया है।

## जिला परिषद कार्यालय के सभागार में जन जागरण बैठक का आयोजन

# योजनाबद्ध निर्माण से होगा गांव-शहर का विकास

**अनंत ज्ञान, नाहन**



मंडलीय नगर एवं ग्राम योजना द्वारा जिला परिषद कार्यालय के सभागार में जन जागरण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कार्यकारी उपायुक्त सिरमौर एल आर वर्मा की।

कार्यकारी उपायुक्त ने योजनाबद्ध निर्माण के फायदों के बारे में जनाकरी देते हुए बताया कि प्लॉट का सही आकार होने से ग्राम एवं शहर का सही विकास होगा। मकान के चारों ओर सैट-बैक्स खुले स्थान छोड़ने से मकान में नमी सीलन व बीमारियों से मुक्ति, उचित हवा व रोशनी का होना, आग व अन्य प्राकृतिक आपदाओं से बचाव, घर के रख-रखाव में सुविधा, पार्किंग के लिए जगह, स्वच्छ वातावरण सर्विस लाइनों के लिए जगह उपलब्ध होगी। सीमित मंजिला मकान बनाने से भूकंप या अन्य प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा, सही धूप, रोशनी व हवा का मिलना तथा कम जानमाल का नुकसान होता है। मकान के अंदर पार्किंग होने से सड़कों पर गाड़ियों का आवागमन सुचारू ढंग से बनाए रखना तथा गाड़ी को नुकसान व चोरी से बचाया जा सकता है। नगर एवं ग्राम योजनाकार द्वारा भूमि कटाव 3.50 मीटर से अधिक न हो व भूमि कटान को सही तरीके से करने पर भी बल दिया।

नाहन शहर का नया जीआईएस आधारित विकास योजना केंद्र सरकार की अमृत 2.0 उपयोजना के तहत आउटसोर्सिंग के माध्यम से बनाया जा रहा है, जिसका कार्य जल्द ही शुरू होगा। नए विकास योजना के लिए नाहन की प्रबुद्ध जनता एवं सभी विभागों से सुझाव आमंत्रित करने के लिए बैठक का आयोजन समय-समय पर किया जाएगा। नगर एवं ग्राम योजनाकार करमचंद नांटा द्वारा नाहन योजना क्षेत्र एवं टीसीपी की आवश्यकता एवं महत्व के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। उन्होंने नगर एवं ग्राम योजना अधिनियम-1977 के अधीन राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित विभिन्न नीतियों एवं नियमों के बारे में भी जानकारी दी। उनके द्वारा सोलर प्रावधान के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

## न्यूज ब्रीफ

### टीकेएम ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर ऑटोमोटिव उद्योग में लैंगिक विविधता को बढ़ावा देने और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। उद्योग में लैंगिक बाधाओं को तोड़ने के अपने निरंतर प्रयासों के भाग के रूप में, टीकेएम उन नीतियों और बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता देता है जो विनिर्माण, तकनीकी और नेतृत्व की भूमिकाओं में महिलाओं का समर्थन करते हैं। 2030 तक 30 महिला प्रतिनिधित्व हासिल करने के लक्ष्य के साथ, टीकेएम ने संगठन के भीतर महिलाओं का समर्थन करने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए कई पहल की है। इस अवसर पर टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वाइस प्रेसिडेंट, वित्त और प्रशासन जी शंकर ने कहा कि टोयोटा किर्लोस्कर मोटर में, हम मानते हैं कि विविधता केवल एक मापदंड नहीं है, बल्कि नवाचार और प्रगति के लिए उत्प्रेरक है।

### राधा रतूड़ी ने महिला दिवस की दी शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान, उत्तराखंड।** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तराखंड सचिवालय संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। सचिवालय के सभी कार्मिकों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि मेरा सभी से आग्रह है कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हम महिलाओं को समानता का अधिकार देने का संकल्प लें। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कार्मिकों तथा होमगार्ड को सम्मानित किया।

### महिला दिवस पर महिलाएं करेंगी रक्तदान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर हरियाणा की महिलाएं एक नया इतिहास बनाने जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पंचकूला में कल 8 मार्च को 'नारी शक्ति रक्तदान शिविर' आयोजित किया जा रहा है , इस शिविर में केवल महिलाएं रक्तदान करेंगी। केवल महिलाओं द्वारा किसी रक्तदान शिविर में रक्तदान करने का प्रदेश में तो पहला मौका है ही , शायद देश में भी प्रथम अवसर हो। कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि 'नारी शक्ति रक्तदान शिविर' के दौरान मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे जबकि वे स्वयं अतिविशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित होंगी। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर का यह कार्यक्रम सिर्फ रक्तदान का अभियान नहीं है, बल्कि यह महिला सशक्तिकरण, करुणा और सेवा की भावना का प्रतीक है।

### समीर ने संभाला मास्टर फ्रैंचाइजी का पदभार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़:** भारतीय क्विक-सर्विस रेस्टोरेंट (क्युएसआर) उद्योग के विकास में समीर लांबा ने विश्व स्तर पर प्रसिद्ध कनाडाई क्युएसआर ब्रांड पिटा पिट के लिए मास्टर फ्रैंचाइजी का पदभार संभाला है। इस साझेदारी का उद्देश्य आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में फ्रैंचाइजी-संचालित मॉडल के जरिए पूरे भारत में पिटा पिट की मौजूदगी का आक्रामक रूप से विस्तार करना है। समीर लांबा ने कहा कि हम पिटा पिट की ताजा और सेहतमंद पेशकशों को व्यापक भारतीय दर्शकों तक पहुंचाने के लिए रोमांचित हैं।

### 8 दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य उत्सव शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ संगीत नाटक अकादमी द्वारा आयोजित और पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के भारतीय रंगमंच विभाग के सहयोग से आयोजित आठ दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव 'रंग प्रयोग राष्ट्रीय नाट्य समारोह' का शुभारंभ 07-03-2025 को 'सोहनी महिवाल' के साथ हुआ। महोत्सव के उद्घाटन दिवस पर 'सोहनी महिवाल' का मंचन किया गया, जो डॉ. नवदीप कौर द्वारा निर्देशित और भारतीय रंगमंच विभाग के प्रतिभाशाली छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया था। इस नाटक ने दर्शकों को अपने शक्तिशाली प्रदर्शन, आकर्षक कथा सुनाने, मनोरम मंच साज-सज्जा और आत्मा को छूने वाले संगीत के साथ मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ. तेजिंदर सिंह द्वारा डिज़ाइन और गाया गया संगीत पूरे नाटक में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह नाटक प्रेम, बलिदान और लालसा की एक शाश्वत कहानी है, जो दर्शकों के दिलों में गहराई से प्रतिध्वनित होती है। नाटक के खत्म होने पर दर्शकों ने खड़े होकर ताली बजाई, जिससे उद्घाटन शो एक बड़ी सफलता बन गया।

# मातृभूमि के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले 22 वीर सैनिकों को किया याद

## हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन पढ़े शोक प्रस्ताव

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन सदन में पिछले सत्र और इस सत्र की अवधि के दौरान मृत्यु को प्राप्त हुए महान विभूतियों, स्वतंत्रता सेनानी और शहीद जवानों के सम्मान में शोक प्रस्ताव पढ़े गए और शोक संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की गई। सर्वप्रथम सदन के नेता मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शोक प्रस्ताव पढ़े। इनके अलावा, विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण के अलावा भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा करण चौटाला ने अपनी पार्टी की ओर से शोक प्रस्ताव पढ़कर श्रद्धांजलि दी। सदन के सभी सदस्यों और पहली बार अधिकारियों, मीडिया कर्मियों और सदन में मौजूद सभी कर्मचारियों ने खड़े होकर दो मिनट का मौन रखा तथा दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना भी की। सदन में जिनके शोक प्रस्ताव पढ़े गए, उनमें भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री पद्म विभूषण डॉ. मनमोहन सिंह, हरियाणा के भूतपूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओम प्रकाश चौटाला, हरियाणा के भूतपूर्व मंत्री सतपाल सांगवान, डॉ कृपा राम पूनिया, हरियाणा विधानसभा के भूतपूर्ण सदस्य सुरिंदर सिंह औजला, चौधरी कर्म सिंह, हेम राज तथा जिला हिसार के गांव बीड़ बबरान के स्वतंत्रता सेनानी सरदार बाज सिंह शामिल हैं। सदन में अदम्य साहस व वीरता दिखाते हुए मातृभूमि की एकता व अखंडता की रक्षा करने के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले हरियाणा के 22 वीर सैनिकों के निधन पर भी शोक व्यक्त किया गया। इन वीर शहीदों में जिला पानीपत के गांव लाखु बुआना गढ़ी के सूबेदार सुनील कुमार, जिला झज्जर के गांव पहाड़ीपुर के सूबेदार सूरजमल, जिला रेवाड़ी के गांव जैतड़ावास के सूबेदार नरेंद्र सिंह, जिला महेंद्रगढ़ के गांव गुवानी के निरीक्षक संदीप, जिला रेवाड़ी के गांव कोसली के निरीक्षक धर्मवीर, जिला महेंद्रगढ़ के गांव दताल के सहायक उप निरीक्षक अग्निवेश, जिला झज्जर के गांव शेरिया कलां के सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र अहलावत, जिला महेन्द्रगढ़ के गांव तलवाना के हवलदार राजकुमार, जिला रोहतक के गांव भालौठ के हवलदार हरविंद्र, जिला रोहतक के गांव खरक जाटान के हवलदार संदीप कुमार तथा जिला रोहतक के गांव किलोई के हैड कांस्टेबल सुनील कुमार हुड्डा शामिल हैं। इसके अलावा, जिला झज्जर के गांव मुंडाहेड़ा के प्रधान नाविक मनोज कुमार, जिला झज्जर के गांव ढ़राणा के नायक दीपक कुमार, जिला सोनीपत के गांव कासंडा के नायक दीपक मलिक, जिला भिवानी के गांव बागनवाला के कारपोरल मंजीत, जिला झज्जर के गांव साल्हावास के कारपोरल दीपक कुमार, जिला झज्जर के गांव रुडियावास के लीडिंग एयरक्राफ्टमैन मोहित जांगड़ा, जिला महेन्द्रगढ़ के गांव सिहमा के सिपाही परमवीर, जिला महेन्द्रगढ़ के गांव तिगरा के सिपाही दारा सिंह के निधन पर भी शोक व्यक्त किया गया।

## मुख्यमंत्री धामी ने दीं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों विशेष रूप से मातृशक्ति को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि मातृ शक्ति के सहयोग के बिना किसी भी समाज अथवा राष्ट्र का संपूर्ण विकास नहीं हो सकता।

भारतीय संस्कृति में शक्ति की पूजा की जाती रही है, महिला समाज की मार्ग दर्शक के साथ ही प्रेरणा का स्त्रोत भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के बेहतर भविष्य के लिए उनका वर्तमान संवारने के लिए राज्य सरकार द्वारा कारगर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत तथा उत्तराखण्ड सहकारी समितियों में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का प्राविधान किया गया है। प्रदेश में अब तक 01 लाख लखपति दीदी बनाई जा चुकी है। अगले वर्ष तक यह लक्ष्य 2.50 लाख करने का रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने समान नागरिक संहिता लागू कर राज्य की जनता से किया वादा पूरा किया है। यह महिलाओं के सम्मान से जुड़ा कानून भी है। कौशल विकास के माध्यम से महिलाओं की आर्थिकी को मजबूती प्रदान की जा रही है।

### ब्रिगेडियर दिग्विजय ने किया चंडीगढ़ का दौरा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** ब्रिगेडियर दिग्विजय सिंह बसेरा, वीएसएम सचिव सैनिक बोर्ड, नई दिल्ली ने जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, यू.टी., चंडीगढ़ का दौरा किया। उन्हें कर्नल एचएस घुमन (सेवानिवृत्त), जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा जिला सैनिक कल्याण कार्यालय और सैनिक विश्राम गृह के कामकाज के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें पूर्व सैनिकों, पूर्व सैनिकों की विधवाओं और बच्चों के लिए कल्याणकारी योजनाओं के विस्तार और उन्नयन के बारे में बताया गया।

## खालसा कॉलेज मोहाली में महिलाओं को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, मोहाली**



**खालसा** कॉलेज (अमृतसर) टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस स्टडीज, फेज 3 ए, मोहाली में प्रिंसिपल डॉ. हरीश कुमारी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रभावशाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

सम्मानित महिलाओं में अभिनेत्री व मॉडल तथा समाज सेविका सोनिया मान मुख्य मेहमान थी। सरदार हरी सिंह मेमोरियल एजुकेशन सोसायटी की अध्यक्ष, जगजीत कौर कहलो सम्मानित अतिथि के तौर पर शामिल हुई। पूर्व डीपीआरओ मोहाली डॉ. उमा शर्मा, अंजलि शर्मा (प्रिंसिपल, सेंट सोल्जर इंटरनेशनल कॉन्वेंट स्कूल, मोहाली) और कॉलेज की लेक्चरार जसलीन कौर भी शामिल थे।

पत्रकार एवं प्रेरक वक्ता, हरदीप कौर और पंजाब विश्वविद्यालय की एसोसिएट प्रोफेसर रीना रानी चौधरी ने रिसोर्स पर्सन की भूमिका निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सोनिया मान और विशेष अतिथि जगजीत कौर कहलोन द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस दौरान उनके साथ कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ हरीश कुमारी और कॉलेज की अन्य लेक्चरार्स भी उपस्थित थे। इस खास दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. हरीश कुमारी ने कहा कि समाज की प्रगति महिलाओं के सशक्तिकरण से संभव है।

## स्टूडेंट्स को पढ़ाया रोड सेफ्टी का पाठ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में लायंस क्लब चंडीगढ़ सेंट्रल की ओर से डीएवी कॉलेज की एनएसएस यूनिट और चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस और ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन के सहयोग से ब्लड डोनेशन कैम्प और रोड सेफ्टी जागरूकता सेशन आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर का संचालन पी जी आई की ब्लड ट्रांसफ्यूजन विभाग की डॉक्टर टीम ने किया।

डीएवी कॉलेज सेक्टर 10 में आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप और रोड सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम में यहां स्टूडेंट्स को समाज और इतिहास मे महिलाओं के योगदान के प्रति बताया गया। वहीं इस दौरान स्टूडेंट्स को रक्तदान की महत्वता और सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति भी जागरूक किया गया। चंडीगढ़ यातायात पुलिस की टीम ने इंस्पेक्टर प्रवेश शर्मा के मार्गदर्शन में स्टूडेंट्स को यातायात के नियम बताए। इस दौरान उन्हें उनके परिजनों को भी जागरूक करने को कहा गया। स्टूडेंट्स से दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, तीन सवारी नहीं बैठाने, रैश ड्राइविंग नही करने, वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करने की भी अपील की गई। इस अवसर पर लायंस क्लब चंडीगढ़ सेंट्रल से लायंस राज गुप्ता, सुशील गोयल, संजीव प्रोफेसर नितेश गोयल और ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन के चेयरमैन रविंद्र सिंह बिल्ला और उनकी टीम सदस्य जसविंद्र कौर और शिवानी गौतम सहित चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस की टीम उपस्थित रही।

लॉयंस क्लब चंडीगढ़ सेंट्रल के प्रेसिडेंट सुशील गोयल ने बताया कि क्लब की ओर से लगवाए जाने वाला यह 54वां रक्तदान शिविर है।

ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन के चेयरमैन रविंद्र सिंह बिल्ला ने कहा कि महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है ।

### टल सकता है भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए अभी और इंतजार करना पड़ सकता है। राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव की धीमी गति और 21-23 मार्च तक बेंगलुरु में होने वाली आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक के चलते यह प्रक्रिया अप्रैल तक टल सकती है। इससे पहले अटकलें लगाई जा रही थीं कि 14 मार्च (होली) के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का ऐलान हो सकता है।

### अंसारी के बेटे को सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत एक मामले में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधायक और दिवंगत मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को शर्तों के साथ अंतरिम जमानत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि अंसारी को लखनऊ में अपने आधिकारिक आवास पर रहना होगा, अपने निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करने के लिए जिला प्रशासन और ट्रायल कोर्ट से पूर्व अनुमति लेनी होगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने फैसला सुनाते हुए कहा कि कि अब्बास अंसारी को गैंगस्टर एक्ट से संबंधित मामले को छोड़कर अन्य सभी आपराधिक मामलों में जमानत दी गई थी। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि अब्बास अंसारी ट्रायल कोर्ट की अनुमति के बिना उत्तर प्रदेश नहीं छोड़ सकते। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि अंसारी को अदालत के समक्ष चल रहे मामलों के बारे में कोई सार्वजनिक बयान नहीं देना चाहिए। हालांकि, अदालत ने स्पष्ट किया कि इन मामलों में खुद का बचाव करने का अंसारी का अधिकार अप्रभावित रहना चाहिए।



### गोल्ड स्मगलिंग केस में अभिनेत्री रान्या की बढ़ी मुश्किलें

**एजेंसी, मुंबई।** बॉलीवुड और साउथ फिल्मों की अभिनेत्री रान्या राव को गोल्ड स्मगलिंग के गंभीर आरोपों के चलते डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) की कस्टडी में भेज दिया गया है। आर्थिक अपराध न्यायालय ने शुक्रवार (8 मार्च 2025) को यह आदेश जारी किया, जिसके तहत उन्हें 9 मार्च से 11 मार्च तक डीआरआई की हिरासत में रखा जाएगा। 5 मार्च को बेंगलुरु के केंपेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अभिनेत्री रान्या राव को 14.8 किलोग्राम सोना तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उनके पास से 17 गोल्ड बार बरामद किए गए। रान्या ने डीआरआई को बताया कि वह दुबई के अलावा यूरोप, अमेरिका और मिडल ईस्ट की यात्रा कर चुकी हैं, जिससे इस मामले के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े होने की संभावना भी जताई जा रही है।



### आईएफएस अधिकारी ने इमारत से कूदकर दी जान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के एक अधिकारी ने शुक्रवार को दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में एक इमारत की चौथी मंजिल से कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मृत व्यक्ति की पहचान जितेंद्र रावत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में किसी गड़बड़ी का संदेह नहीं है। पुलिस के मुताबिक, अधिकारी विदेश मंत्रालय में 'ओवरसीज एंप्लॉयमेंट्स एंड प्रोटेक्टरेट जनरल ऑफ एमिग्रेंट्स' के निदेशक थे। सूत्रों ने बताया कि अधिकारी अवसाद से पीड़ित थे और उनका इलाज चल रहा था तथा उनकी मां विदेश मंत्रालय (एमईए) की सोसायटी की पहली मंजिल पर उनके साथ रह रही थीं। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, ''आईएफएस अधिकारी की पहचान जितेंद्र रावत के रूप में की गई है। वह पहली मंजिल पर रहते थे।

## मोदी-जिनपिंग की बैठक के बाद भारत चीन को मिले सकारात्मक नतीजे : वांग यी

**एजेंसी, बीजिंग**

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने शुक्रवार को कहा कि भारत और चीन के संबंधों में ''सकारात्मक प्रगति'' हुई है और पूर्वी लद्दाख में चार साल से अधिक समय तक चले सैन्य गतिरोध के पिछले वर्ष समाप्त होने के बाद सभी स्तरों पर उत्साहजनक नतीजे प्राप्त हुए हैं। वांग ने यह टिप्पणी यहां अपने वार्षिक संवाददाता सम्मेलन के दौरान की। उनसे पूछा गया था कि दोनों देशों के बीच संबंधों में लंबे समय तक चले गतिरोध को समाप्त करने के बाद चीन द्विपक्षीय संबंधों को किस तरह देखता है। वांग ने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रूस के कजान शहर में सफल बैठक के बाद पिछले वर्ष चीन-भारत संबंधों में सकारात्मक प्रगति हुई है।''

## देश-विदेश

## उत्तर प्रदेश में 2000 से अधिक विधवाएं होली खेलकर 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' में दर्ज कराएंगी नाम

**एजेंसी, लखनऊ**

महाकुंभ में कई विश्व रिकॉर्ड बनाने के बाद उत्तर प्रदेश की योगी सरकार होली में भी गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी कर रही है।



उल्लास-उमंग और रंगों का पर्व होली इस बार वृंदावन में एक अलग आभा में सराबोर दिखेगा और सरकार के प्रयासों से यहां 2000 से अधिक विधवाएं एक साथ होली खेलकर एक अनूठा रिकॉर्ड बनाने जा रही हैं। प्रदेश सरकार ने इसकी जानकारी दी।

मथुरा-वृंदावन की होली तो वैसे भी जगत प्रसिद्ध है, मगर इस बार यहां की होली केवल आनंद ही नहीं सामाजिक सौहार्द, सांस्कृतिक समरसता एवं सामाजिक परिवर्तन के सम्मानित क्षण बनकर विश्व रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने जा रही है। सरकार की एक योजना में कहा गया है कि उप्र सरकार के प्रयासों से यहां 2000 से अधिक विधवाएं एक साथ होली खेलकर एक अनूठा रिकॉर्ड बनाने जा रही हैं।

इसमें कहा गया है कि इस क्रम में, वृंदावन के सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग होली पर 'विधवाओं की होली-2025' के तौर पर एक भव्य आयोजन कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की दिशा में प्रयास करेगी। एक बयान के मुताबिक ऐसे में, इस बार होली का त्योहार न केवल विधवाओं की बेरंग जिंदगी में खुशियों का रंग घोलने का माध्यम बनेगा, बल्कि इतिहास व विश्व रिकॉर्ड में दर्ज होने के साथ ही समाज में सशक्त संदेश देने का माध्यम भी बनेगा।

### पारले-जी कंपनी के कई स्थानों पर आईटी की रेड

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मुंबई में पारले ग्रुप पर इनकम टैक्स विभाग ने छापेमारी की है। पारले ग्रुप मोनाको और अन्य ब्रांड नेम से बिस्कुट बेचने वाली फर्म है। मुंबई में कंपनी के कई स्थानों पर छापेमारी की जा रही है, जो सुबह से ही चल रही है। आयकर विभाग की फॉरेन असेट यूनिट और मुंबई की इनकम टैक्स इन्वेस्टिगेशन विंग की ओर से सर्च किया जा रहा है। हालांकि, यह सर्च क्यों हो रहा है? इसकी वजह सामने नहीं आ पाई है. छापेमारी पूरी होने के बाद इसके पीछे के कारणों का खुलासा हो सकता है। फिलहाल इनकम टैक्स विभाग कंपनी के दस्तावेज खंगालने में जुटा हुआ है।

## विदेश मंत्री एस जयशंकर के बयान पर **भड़का** पाकिस्तान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के कश्मीर और पीओके पर दिए बयान से पाकिस्तान भड़क गया। पाक के विदेश मंत्रालय ने इस मुद्दे पर अपना बयान जारी किया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने एस जयशंकर के दावों को आधारहीन बताया। साथ ही कहा कि कश्मीर पर ऐसे आधारहीन दावे करने की बजाए भारत को जम्मू-कश्मीर के उस हिस्से को छोड़ना चाहिए, जिस पर 77 साल से कब्जा जमाकर बैठा है।



शफकत अली खान ने कहा कि पीओके का मामला विवादित है और जयशंकर गलत बयानबाजी कर रहे हैं। हम उनके बयान को खारिज करते हैं। भारत ने सेना के दम पर स्टेटस बदलने की कोशिश की है, लेकिन वास्तविकता नहीं बदलने वाली। कश्मीर के लोगों की मुश्किलें सेना के दम पर हल नहीं होने वाली हैं।

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर अपनी यूके की यात्रा पर हैं। बुधवार को लंदन के चैथम हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान पाकिस्तानी पत्रकार ने उनसे सवाल किया था। जिसके जवाब में जयशंकर ने कहा था कि हमने कश्मीर समस्या काफी हद तक सुलझा ली है।

## 'नायक' फिल्म के नायक जैसा महसूस कर रही हूं: रेखा गुप्ता

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि इस पद के लिए चुने जाने के बाद उन्हें हिंदी फिल्म 'नायक' के नायक जैसा महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह कोई 'लॉटरी' नहीं, बल्कि देश की सभी बेटियों के लिए सम्मान है।

गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में भाजपा सरकार तीन साल में यमुना की सफाई सुनिश्चित करेगी, यमुना में नौका सेवा शुरू करेगी और अगले दो वर्षों में तीन 'लैंडफिल साइट' को 80-90 प्रतिशत तक कम करेगी। गुप्ता भाजपा शासित राज्यों में एकमात्र महिला मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार की अन्य प्राथमिकताएं यह सुनिश्चित करना है कि दिल्ली के लोगों को गर्मियों में पानी की कमी और मानसून के दौरान जलभराव का सामना नहीं करना पड़े।

मुख्यमंत्री पद के लिए कई वरिष्ठ नेताओं और विधायकों के मुकाबले उन्हें तरजीह दिए जाने के बारे में पूछे जाने पर गुप्ता ने कहा, ''किसी को कोई गलतफहमी नहीं होनी चाहिए। यह जीत दिल्ली की जनता और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की वजह से है।'' उन्होंने कहा, ''यह कोई पद नहीं है, यह एक काम और जिम्मेदारी है। हमारा लक्ष्य विकसित भारत के लिए विकसित दिल्ली बनाना है।'' उन्होंने कहा कि दिल्लीवासी अब समझ गए हैं कि भाजपा की ''डबल इंजन'' की सरकार राष्ट्रीय राजधानी को विकसित शहर बनाने के लिए ''सबसे अच्छा रास्ता'' है।

## श्रीलंका की नौसेना ने 14 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**एजेंसी, कोलंबो**



श्रीलंका की नौसेना ने अपने समुद्री क्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 14 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और उनकी एक नौका जब्त कर ली। नौसेना के मुताबिक मन्नार के दक्षिणी समुद्री क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर इन मछुआरों को पकड़ा गया। श्रीलंका की नौसेना ने एक बयान में कहा कि मछुआरों को तलपाडु पियर, मन्नार लाया गया। बयान के अनुसार कानूनी कार्रवाई के लिए उन्हें मत्स्य निरीक्षक, मन्नार को सौंपा जाएगा।

नौसेना का कहना है कि वह मछली पकड़ने की अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए नियमित गश्त और अभियान चलाती है। इससे पहले, श्रीलंका में 23 फरवरी को भी 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था और पांच नौकाओं को जब्त किया गया था।

## मामूली गिरावट के साथ 74,332 पर बंद हुआ सेंसेक्स, निफ्टी 7 अंक चढ़ा

**एजेंसी, मुंबई**



हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार 7 मार्च को सेंसेक्स 7 अंक गिरकर 74,332 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 7 अंक की तेजी रही, ये 22,552 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 11 में तेजी और 19 में गिरावट रही। रिलायंस में 3त्न, टाटा मोटर्स में 1.28 प्रतिशत और नेस्ले इंडिया के शेयर में 0.92 प्रतिशत की तेजी रही। इंडसइंड बैंक में 3.71 प्रतिशत, जोमैटो में 3.64 प्रतिशत और एनटीपीसी में 2.29 प्रतिशत की गिरावट रही। एलएसई के सेक्टोरल इंडाइसेज में निफ्टी मीडिया में 1.83 प्रतिशत, ऑयल एंड गैस में 0.55 प्रतिशत और निफ्टी ऑटो में 0.24 प्रतिशत की तेजी रहीख जबकि निफ्टी आईटी में 0.85 प्रतिशत, निफ्टी रियल्टी में 1.19 प्रतिशत और निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 1.02 प्रतिशत की गिरावट है।

## कनाडा-मेक्सिको पर फिर पलटे ट्रंप, टैरिफ 30 दिन टाला

**एजेंसी, वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा और मेक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के फैसले को एक बार फिर से 30 दिनों के लिए टाल दिया है। ट्रंप ने 4 मार्च को दोनों देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया था।



इससे पहले भी ट्रंप ने कनाडा और मेक्सिको के कई सामानों पर 4 फरवरी से टैरिफ लगाने का ऐलान किया था, लेकिन इसे लागू होने से एक दिन पहले उन्होंने इसे 30 दिनों के लिए टाल दिया था। इस बीच ट्रंप के कनाडा पर टैरिफ लगाने की धमकी और उसे 51वां राज्य बनाने वाले बयान के बाद देश में अमेरिकी सामानों का बायकॉट शुरू हो गया है। कनाडाई मीडिया के मुताबिक वहां पर लोग अमेरिकी सेब छोड़कर दूसरे देशों के सेब खाने लगे हैं। वहीं, दुकानदार पिज्जा में कैलिफोर्निया के टमाटर की जगह इटली से आए टमाटर का इस्तेमाल करने लगे हैं।

### चीन के विदेश मंत्री ने 'टैरिफ' को लेकर अमेरिका की आलोचना की

**ताइपे।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने पत्रकारों के साथ वार्षिक बैठक में 'टैरिफ' को लेकर अमेरिका की आलोचना की और दक्षिण चीन सागर पर चीन के दावों को दोहराया। इसके साथ ही उन्होंने अतीत में जापान की आक्रामकता और अन्य मुद्दों पर बात की। वांग ने कहा कि दक्षिण चीन सागर में तनाव की कहानी अमेरिका द्वारा उत्पन्न किया गया ''फर्जी तमाशा'' है। उन्होंने कहा, ''चीन कानून के अनुसार अपनी क्षेत्रीय संप्रभुता और समुद्री अधिकारों तथा हितों की रक्षा करना जारी रखेगा। मैं यहां यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि उल्लंघन और उकसावे का निश्चित रूप से अपना परिणाम होगा, और जो लोग शतरंज के मोहरे बनने को तैयार हैं, उन्हें अंततः त्याग दिया जाएगा।'' चीनी विदेश मंत्री ने द्वितीय विश्वयुद्ध का उल्लेख करते हुए अतीत में जापान की आक्रामकता की निंदा की और कहा कि उसे ताइवान को समर्थन देना बंद करना चाहिए। उन्होंने 'टैरिफ' के मुद्दे पर ट्रंप प्रशासन के रुख को लेकर अमेरिका की आलाचेना की।

## स्पोर्ट्स विंडो

### चोट के कारण भारत के खिलाफ फाइनल से बाहर हो सकते हैं हेनरी



**एजेंसी, दुबई।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी कंधे की चोट के कंधे की चोट के कारण भारत के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल से बाहर हो सकते हैं हालांकि कोच गैरी स्टीड को उम्मीद है कि वह रविवार को फाइनल तक ठीक हो जाएंगे। हेनरी ने अब तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक दस विकेट लिये हैं जिसमें भारत के खिलाफ ग्रुप मैच में पांच विकेट शामिल हैं। बता दें कि हेनरी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लाहौर में बुधवार को सेमीफाइनल के दौरान घायल हो गए थे। स्टीड ने शुक्रवार को कहा कि मैट के कंधे में चोट लगी है और वह असहज महसूस कर रहा है। उसका स्कैन कराया गया है और उम्मीद है कि वह मैच तक फिट हो जाएगा।

### जोबर्ग ओपन गोल्फ में शुभंकर शर्मा ने हासिल किया 17वां स्थान



**एजेंसी, जोहानिसबर्ग।** भारत के शुभंकर शर्मा ने जोबर्ग ओपन गोल्फ में अच्छी शुरूआत करते हुए पहले दौर में चार अंडर 66 के स्कोर के साथ संयुक्त 17वां स्थान हासिल कर लिया। शर्मा ने पांच बर्डी लगाये और एक बोगी किया। वह 2017 में यहां खिताब जीत चुके हैं। भारत के वीर अहलावत तीन ओवर 73 के स्कोर के साथ संयुक्त 127वें स्थान पर हैं और कट में प्रवेश के लिये दूसरे दौर में उन्हें शानदार प्रदर्शन करना होगा। चीन के वेंड डिंग ने इंग्लैंड के जोर्डन स्मिथ के साथ पहले दौर के बाद बढ़त बना ली है।

### न्यूजीलैंड के कोच बोले, फाइनल में वरुण सबसे बड़ा खतरा



**एजेंसी, दुबई।** न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने स्वीकार किया कि भारत के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में उनकी टीम के लिए वरुण चक्रवर्ती सबसे बड़ा खतरा होंगे तथा इस रहस्यमयी स्पिनर से निपटने के लिए उनकी टीम को अपनी सोच का दायरा बढ़ाना होगा। स्टीड ने शुक्रवार को कहा, ''उसने हमारे खिलाफ पिछले मैच में 42 रन देकर पांच विकेट लिए थे इसलिए हमें पूरी उम्मीद है कि वह खेलेगा। वह बहुत अच्छा गेंदबाज है और हमारे खिलाफ पिछले मैच में उसने अपने कौशल का शानदार नमूना पेश किया था। वह इस मैच में हमारे लिए सबसे बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि इसलिए हमें अपनी सोच इस पर केंद्रित करनी होगी कि हम कैसे उसे नाकाम कर सकते हैं और किस तरह से उसके खिलाफ रन बना सकते हैं।

### डेविड लॉयड ने डर्बीशायर के कप्तान पद से दिया इस्तीफा



**एजेंसी, लंदन।** डर्बीशायर के हरफनमौला खिलाड़ी डेविड लॉयड ने 2025 सीज़न से पहले क्लब के कप्तान पद से इस्तीफा दे दिया है। लॉयड, जिन्होंने 2023 में ग्लेमॉर्गन से डर्बीशायर का रुख किया था, पिछले साल काउंटी चैंपियनशिप में टीम के कप्तान थे, लेकिन उनकी अगुवाई में डर्बीशायर डिवीजन टू में सबसे निचले स्थान पर रहा और 'वुडन स्पून' प्राप्त किया। अपने पहले पूर्ण सीज़न में 32 वर्षीय लॉयड ने चैंपियनशिप में बल्ले से 23.47 की औसत और गेंद से 31.00 की औसत से प्रदर्शन किया। उन्होंने बेहतर व्यक्तिगत प्रदर्शन की उम्मीद में कप्तानी छोड़ने का निर्णय लिया है।

### वाणी ने लगातार दूसरा खिताब जीता

**एजेंसी, गुरुग्राम।** भारतीय गोल्फर वाणी कपूर ने शुक्रवार को यहां बैक नाइन पर एक बर्डी और आठ पार से एक अंडर 71 का शानदार कार्ड खेला जिससे वह आसानी से हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के पांचवें चरण का खिताब जीतने में कामयाब रहीं। वाणी इस तरह रिद्धिमा दिलावारी(70) और रिया झा (73) पर तीन शॉट से आगे रहीं और लगातार दूसरा खिताब हासिल किया। उन्होंने पिछले महीने चौथा चरण भी जीता था। डब्ल्यूपीजीटी के इतिहास में सबसे सफल खिलाड़ियों में शुमार वाणी ने 70-75-71 के कार्ड खेले जिससे 54 होल में उनका कुल स्कोर इवन पार 216 का रहा।

### लॉरेन बेल का ग्लैमरस स्टाइल

**इंग्लैंड:** इंग्लैंड की 23 साल की युवा तेज गेंदबाज लॉरेन बेल अपने ग्लैमरस और खूबसूरती के लिए प्रसिद्ध हैं।



# जीत के साथ अभियान खत्म करने के लिए आरसीबी के खिलाफ उतरेंगे यूपी वारियर्स

## शीर्ष और निचला क्रम खेल रहा है अच्छा, मध्य क्रम पर करेंगे फोकस: दीप्ति शर्मा



**एजेंसी, लखनऊ**

आज शाम 7:30 बजे शुरू होगा मैच

**टूर्नामेंट** से बाहर होने की कगार पर खड़ी यूपी वारियर्स शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ मैच में जीत के साथ महिला प्रीमियर लीग के इस सत्र से विदा लेना चाहेगी और इसके लिए मध्यक्रम के उसके बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। यूपी की टीम ने कई मौके गंवाये और एक इकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही। सात मैचों में महज चार अंक के साथ वह तालिका में सबसे नीचे है और तकनीकी दौर पर ही दौड़ में बनी हुई है। गत चैंपियन आरसीबी के लिए भी यह सत्र कठिन रहा और उसके छह मैचों में चार ही अंक है। वह लगातार चार मैचों में पराजय झेल चुकी है। वैसे उनके पास अभी एक मैच और है जिससे प्लेआफ की उम्मीदें बनी हुई हैं। स्मृति मंधाना की टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। पिछले मैच में सुपर ओवर में मिली हार की यादें अभी भी ताजा है और उनका लक्ष्य बदला चुकता करने का भी होगा। यूपी की कप्तान दीप्ति शर्मा ने कहा कि हम मध्य क्रम में लगातार गलतियां कर रहे हैं। हमारा शीर्ष और निचला क्रम अच्छा खेल रहा है लेकिन मध्य क्रम पर फोकस करना होगा। उम्मीद है कि आखिरी मैच में वे अच्छा प्रदर्शन करेंगे। यूपी वारियर्स ने इस सत्र में सर्वोच्च स्कोर 180 रन आरसीबी के खिलाफ ही बनाये थे उन्होंने सुपर ओवर में वह मैच जीता था। दूसरी ओर आरसीबी ने लगातार दो जीत के साथ शुरूआत की थी लेकिन उसके बाद लय से भटक गई। बेंगलुरू में टीम एक भी मैच नहीं जीत सकी।



### संभावित टीमें

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू:** स्मृति मंधाना (कप्तान), कनिका आहूजा, एकता बिष्ट, चार्ली डीन, किम गार्थ, ऋचा घोष (विकेटकीपर), हीथर ग्राहम, वीजे जोशीथा, सब्बिनेनी मेघना, नजहत परवीन, जगरावी पवार, एलिसे पेरी, राघवी बिस्ट, स्नेह राणा, प्रेमा रावत, रेणुका सिंह, जॉर्जिया वेरेहम, डैनी व्याट-हॉज।

**यूपी वारियर्स:** दीप्ति शर्मा (कप्तान), अंजलि सरवानी, चमारी अथापथु, उमा छेत्री, सोफी एक्लेस्टोन, राजेश्वरी गायकवाड़, अरुशी गोयल, क्रांति गौड़, ग्रेस हैरिस, चिनेले हेनरी, पूनम खेमनार, अलाना किंग, ताहलिया मैकग्रा, किरण नवगिरे, श्वेता सहरावत, गौहर सुल्ताना, साइमा ठाकोर, दिनेश वृंदा।

# क्रिकेट ग्राउंड में भिड़ गए नाटी किंग कुलदीप व एसी भारद्वाज



**सोलन में निजी कॉलेज में नशामुक्ति अभियान के तहत रखा था मैच**

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश के संगीत की दुनिया के दो मशहूर सितारे क्रिकेट के मैदान में आपस में भिड़ गए। दरअसल, सोलन के एक निजी कॉलेज में बीते वीरवार को नशामुक्ति अभियान के तहत सेलिब्रिटी का क्रिकेट मैच रखा गया था। माहौल तब गर्म हो गया जब ग्राउंड में नाटी किंग कुलदीप शर्मा ने रातोंरात बनाई गई टीम के साथ खेलने से इनकार कर दिया। इस पर पहाड़ी गायक एसी भारद्वाज भड़क उठे। इससे ग्राउंड में दोनों ओर से तनातनी बढ़ गई।

माहौल इतना बिगड़ हो गया कि ग्रीन हिल्स इंजीनियरिंग कॉलेज के चेयरमैन को दखलअंदाजी करनी पड़ी और दोनों सितारों को समझाया। एसी भारद्वाज ने आग बबूला होते हुए कहा कि हम मैच नशामुक्ति के लिए खेल रहे हैं, सेलिब्रिटी के तौर पर नहीं। दो स्टार्स के बीच लड़ाई का वीडियो अब सोशल मीडिया में तेजी से हो रहा है।

### कुलदीप ने मांगी माफी

**कुलदीप** शर्मा ने ग्राउंड में मौजूद सभी लोगों से माफी मांगी और कहा कि हम लोग नशामुक्ति के लिए मैच खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह मैच एक सेलिब्रिटी टीम के लिए तय हुआ था। रातोंरात दूसरी टीम बनाई गई। वह इस फर्जीवाड़े में शामिल नहीं होंगे। क्रिकेट की पिच पर यह सब देखकर दर्शकों की आंखें फटी रह गई। ग्राउंड में जब मैच हुआ तो सेलिब्रिटी की दोनों टीमें मैच हार गई।

# रोहित रखें स्कोर बनाने का लक्ष्य : गावस्कर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**महान** क्रिकेटर सुनील गावस्कर का मानना है कि रोहित शर्मा को सिर्फ 25-30 रन बनाकर संतुष्ट नहीं होना चाहिए और लंबी पारी खेलने पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि क्रीज पर उनकी मौजूदगी भारत के लिए मैच का रूख बदलने वाला असर डाल सकती है।

गावस्कर ने कहा कि रोहित शर्मा 25 ओवर भी बल्लेबाजी करते हैं तो भारत 180-200 रन के आसपास होगा। सोचिए कि अगर उन्होंने तब तक सिर्फ दो विकेट खो दिए तो जरा सोचिए कि वे क्या कर सकते हैं। वे 350 रन या इससे अधिक के स्कोर तक पहुंच सकते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में भी सोचना चाहिए। आक्रामक होकर खेलना एक बात है, लेकिन 25-30 ओवर तक बल्लेबाजी करने का मौका देने के लिए थोड़ा संयम से खेलना चाहिए। अगर वह ऐसा करता है तो वह विपक्षी टीम से मैच छीन सकता है। इस तरह का असर मैच जीतने वाला होता है। रोहित ने टूर्नामेंट में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्रमश: 20, 15 और 28 रन बनाए हैं।

गावस्कर ने कहा कि साथ ही मुझे लगता है कि बतौर बल्लेबाज क्या आप 25-30 रन बनाकर खुश हैं? आपको खुश नहीं होना चाहिए। इसलिए मैं उनसे यही कहूंगा कि अगर आप सिर्फ सात से नौ ओवर के बजाय 25 ओवर तक बल्लेबाजी करते हैं तो इससे टीम पर काफी अच्छा असर पड़ेगा। दुबई में ग्रुप ए का अंतिम मैच खेलने के बाद भारत और न्यूजीलैंड रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में फिर से आमने-सामने होंगे।

# संयास से लौटे फुटबॉल खिलाड़ी सुनील छेत्री, फिर से भारतीय जर्सी में आएंगे नजर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पिछले साल लिया था रिटायरमेंट एएफसी एशियन कप 2027 के तीसरे राउंड क्वालिफायर में खेलेंगे**



भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी सुनील छेत्री फिर से भारतीय जर्सी में मैदान पर नजर आएंगे। उन्होंने संन्यास से वापसी करने की की घोषणा की है। वह 25 मार्च से शुरू हो रहे एएफसी एशियन कप 2027 के तीसरे राउंड क्वालिफायर से वापसी करेंगे।

छेत्री ने पिछले साल जून में कुवैत के खिलाफ फीफा वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर मैच के बाद इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास लिया था।

सुनील छेत्री ने अब तक खेले 151 इंटरनेशनल मैचों में 94 गोल किए हैं, जो किसी भी भारतीय खिलाड़ी का सबसे ज्यादा है। वहीं वह इंटरनेशनल फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर हैं। उनसे आगे केवल क्रिस्टियानो रोनाल्डो, लियोनेल मेसी और अली देई हैं।

पिछले साल कुवैत के खिलाफ मैच के बाद भारतीय कप्तान सुनील छेत्री को स्टैंडिंग ओवेशन देते भारतीय और कुवैत की टीम के खिलाड़ी।

पिछले साल कुवैत के खिलाफ मैच के बाद भारतीय कप्तान सुनील छेत्री को स्टैंडिंग ओवेशन देते भारतीय और कुवैत की टीम के खिलाड़ी।

# वरुण चक्रवर्ती सीमित ओवरों के क्रिकेट में विश्व स्तरीय गेंदबाज बनने के करीब : मुरली विजय

**एजेंसी, मुंबई**



**भारत** के पूर्व सलामी बल्लेबाज मुरली विजय ने मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर रहे वरुण चक्रवर्ती की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि कैरम बॉल और फ्लिपर पर अपने नियंत्रण के कारण यह रहस्यमयी स्पिनर विश्व स्तरीय गेंदबाज बनने की राह पर है। चक्रवर्ती ने चैंपियंस ट्रॉफी में अभी तक जो दो मैच खेले हैं उनमें उन्होंने सात विकेट लिए हैं। इनमें न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में लिए गए पांच विकेट भी शामिल हैं। भारत रविवार को होने वाले फाइनल में न्यूजीलैंड का सामना करेगा जिसमें चक्रवर्ती की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। विजय ने यहां एक कार्यक्रम से इतर पीटीआई से कहा कि मेरा मानना है कि वह विश्व स्तरीय गेंदबाज है। वह वनडे और टी20 में विश्व स्तरीय गेंदबाज बनने के करीब है क्योंकि बहुत कम ऐसे गेंदबाज है जो पूरे नियंत्रण के साथ कैरम बॉल और फ्लिपर करते हैं। उसे गेंदबाजी करते हुए देखने में आनंद आता है।

भारत की टी 20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने हाल में कहा था कि चक्रवर्ती अब मानसिक रूप से अधिक मजबूत खिलाड़ी बन गया है और किसी भी तरह की स्थिति में शांत बना रहता है। विजय का मानना है कि यह स्वाभाविक प्रगति है जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नियमित रूप से खेलने से मिलती है।

उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि यह स्वाभाविक प्रगति है जैसे कि अब मैं बात कर रहा हूं उसमें पहले की तुलना में अधिक लय आ गई है। जिंदगी इसी तरह से आगे बढ़ती है। भारत की तरफ से खेलना हम सभी के लिए विशेष होता है और एक बार जब आपको यह मौका मिलता है तो आप उसका पूरा फायदा उठाना चाहते हो। विजय ने कहा कि आप इन अवसरों का फायदा उठाकर अपना प्रभाव छोड़ना चाहते हो। वरुण ने अपने संक्षिप्त करियर में अभी तक यही किया है। उम्मीद है कि भारतीय क्रिकेट टीम के साथ उसका करियर लंबा चलेगा। मेरी तरफ से उसे शुभकामनाएं। भारत की तरफ से 61 टेस्ट, 17 वनडे और नौ टी2 0 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले विजय को उम्मीद है कि भारत चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में सफल रहेगा। भारत को फाइनल में रविवार को न्यूजीलैंड का सामना करना है।

विजय ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो भारतीय क्रिकेट टीम कई वर्षों से बेहतरीन क्रिकेट खेल रही है और सभी खिलाड़ी फॉर्म में हैं और फिट दिख रहे हैं। (चैंपियंस ट्रॉफी) फाइनल महत्वपूर्ण होने वाला है। मुझे पूरी उम्मीद है कि भारत ट्रॉफी जीतेगा।

# महिला टेनिस खिलाड़ियों को अब सवैतनिक मातृत्व अवकाश

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**महिला** टेनिस टूर पर गर्भवती खिलाड़ियों को अब बारह महीने का सवैतनिक मातृत्व अवकाश मिल सकता है और जो साथी गर्भावस्था, सरोगेसी या गोद लेने के माध्यम से माता-पिता बनते हैं, उन्हें सऊदी अरब के सार्वजनिक निवेश कोष द्वारा प्रायोजित और डब्ल्यूटीए द्वारा घोषित कार्यक्रम के तहत वेतन के साथ दो महीने की छुट्टी मिल सकती है।



डब्ल्यूटीए के सीईओ पोर्टिया आर्चर ने कहा, 'स्वतंत्र अनुबंध वाले और स्व-रोजगार वाले व्यक्तियों को आम तौर पर इस प्रकार के मातृत्व लाभ उपलब्ध नहीं होते हैं। उन्हें अपने लिए उन लाभों का पता लगाना होता है। यह वास्तव में अनूठा और अभूतपूर्व है।' इस कोष से लाभ के लिये 300 से ज्यादा खिलाड़ी पात्र होंगे जो एक जनवरी से पूर्वव्यापी होगा। डब्ल्यूटीए ने यह नहीं बताया कि कितना पैसा इसमें मिलेगा। इसके तहत अंडाणु फ्रीज कराने और आईवीएफ जैसे प्रजनन उपचारों के लिये भी अनुदान मिलेगा। हाल ही में कई महिला खिलाड़ी मां बनने के बाद कोर्ट पर लौटी हैं मसलन तोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बेलिंडा बेंचिच ने अक्टूबर में मातृत्व अवकाश से लौटने के बाद खिताब जीता। दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सेरेना विलियम्स, नाओमी ओसाका, किम क्लिस्टर्स, कैरोलिन वोज्नियाकी और विक्टोरिया अजारेंका ने भी मां बनने के बाद वापसी की। डब्ल्यूटीए खिलाड़ियों की परिषद की सदस्य और इस पहल में प्रमुख योगदान देने वाली अजारेंका ने कहा, 'हमें महिला खिलाड़ियों से यही फीडबैक मिला है कि वे इसे लेकर बहुत खुश हैं। यह खेल में संवाद को बदलेगा और खेल के अलावा भी यह एक वैश्विक संवाद है और मुझे खुशी है कि हम इसका हिस्सा हैं।' सऊदी अरब का सार्वजनिक निवेष कोष डब्ल्यूटीए और एटीपी रैंकिंग का प्रायोजक है।

### पहले ही मैच में गोल दागकर चमकी साक्षी, बोलीं- लक्ष्य था डेब्यू मैच में स्कोर करना

**एजेंसी, नई दिल्ली।** महज 17 साल की उम्र में भारतीय हॉकी टीम में जगह बनाने वाली साक्षी राणा ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेले गए इस टूर्नामेंट में साक्षी ने अपने सीनियर इंटरनेशनल करियर का आगाज किया और पहले ही मैच में स्पेन के खिलाफ बेहतरीन फील्ड गोल दागकर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। पहले ही मैच में मिले मौके को साक्षी ने पूरी तरह भुनाया, हालांकि भारतीय टीम को इस मुकाबले में 3-4 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद उन्होंने स्पेन और जर्मनी के खिलाफ भी भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया।



पहली अंतरराष्ट्रीय सीनियर प्रतियोगिता के अनुभव को साझा करते हुए साक्षी ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा कि मैं लंबे समय से अपने डेब्यू का इंतजार कर रही थी, इसलिए यह दिन मेरे लिए बेहद खास था। मुझे ज्यादा घबराहट नहीं हुई क्योंकि सीनियर खिलाड़ियों ने मुझे पूरा समर्थन दिया और कहा कि पहले मैच में कोई गलती नहीं होती, बस खुलकर खेलना है। साक्षी का यह गोल उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा का शानदार उदाहरण था।

**सम्मान** जनसेवा का ध्येय लिए मनाली के युवक को संसद भवन में मिलेगा सम्मान

# पहाड़ का युवा सुमित राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से होगा सम्मानित

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

**प्रदेश** के जिला कुल्लू के मनाली के शुरू गांव के सुमित ठाकुर प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा बनकर उभरे हैं, एक यूथ आइकन के रुप में इनका उदय हुआ है। 15 वर्ष की आयु से ही जिस उम्र में युवा अपना अच्छा बुरा नहीं समझ पाते तबसे समाज के लिए कुछ करने के भाव ने सुमित को एक अलग पहचान प्रदान की है, अल्पआयु से ही समाजसेवा के प्रति गहरा भाव रखने वाले सुमित 18 वर्ष से पूर्व रक्तदान करने की इच्छा रखते थे मगर उम्र आड़े आती थी लेकिन 18 वर्ष के होते ही उस संकल्प को साकार करते हुए 21 बार रक्तदान कर दूसरों की जीवन में खुशियां ला चुके हैं।

सुमित ठाकुर स्कूली समय से ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति आयोजित रैलियों व कार्यक्रम में अग्रणी भूमिका अभिनित करते आए थे,जिसे उन्होंने कॉलेज में जाकर एक अलग दिशा प्रदान की। इनके जनसेवा कार्यों के चलते इन्हें इससे पूर्व भी वर्ष 2020 में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के हाथों भी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। भारत सरकार द्वारा एनएसएस के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार से नवाजना तथा केंद्र व राज्य सरकार सहित जिला प्रशासन इनके समर्पित कार्यों को देखते हुए इन्हें पुरस्कृत कर चुकी है जो इनके कार्यों को प्रमाणिकता प्रदान करते हैं।

### मनाली में बाढ़ आने पर प्रभावितों की मदद कर पहुंचाई राहत सामग्री

**मनाली** में बाढ़ आने पर नुकसान प्रभावितों की मदद व राहत तथा राहत सामग्री पहुंचाने में सुमित का योगदान उल्लेखनीय है। सुमित युवाओं को सशक्त कर राष्ट्र-समाज निर्माण में लगाकर, नशे से दूर रहकर, नारी सशक्ति करण व स्वच्छ घर-गांव तथा युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित कर उस शक्ति को समाज विकास में लगाने तथा अपने जीवन में 100 बार रक्तदान करने का लक्ष्य रखते है। जो इन्हें युवा आइकन के रूप में स्थापित करता है।



### पूर्व सीएम जयराम ठाकुर सहित कई नेताओं ने दी शुभकामनाएं

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, सांसद व अभिनेत्री कंगना रनौत, डॉ. राजीव भारद्वाज, पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद ठाकुर ने भी अपने सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस उपलब्धि को प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया है। सुमित ठाकुर को इस पुरस्कार से राष्ट्रीय युवा संसद 2025 में नव भारतीय संसद भवन में सम्मानित किया जाएगा।

यह राष्ट्रीय युवा पुरस्कार पहली बार भारत की नई संसद भवन में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। यह पुरस्कार भारत वर्ष में लगभग 10 के करीब युवाओं को मिल रहा है। इसमें सुमित ठाकुर का चयन भी हुआ है।

सुमित ठाकुर की शिक्षा वाणिज्य स्नातकोत्तर तक हुई है। समर्पण व समाज के लिए कुछ कर गुजरने का भाव मन में जागृत हो तो चुनौतियों के पहाड़ भी पार कर लिए जाते हैं। सेवा में सुमित का मन ऐसा लगा कि अपने शरीर के सभी अंग मरणोपरांत दान करने का भी दृढ़ फैसला सुमित ले चुके है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति निरंतर अलख जगाते रहते है तथा स्वयं पौधारोपण कर जन-जन को प्रेरणा देने का कार्य करते है। महाविद्यालयी शिक्षा के दौरान पर्यावरण संरक्षण में एक नया विचार लेकर आए जिसमें जिस व्यक्ति का जन्मदिन हो उस व्यक्ति को उपहार स्वरूप पौधा प्रदान कर रोपण किया जाता था तथा तीन वर्ष तक देख-रेख कर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित किया जाता था।

जन-जागरूकता शिविरों व रैलियों से एक अलग पहचान कायम करने वाले सुमित ने कोरोना काल में मिशन डिजिटल कोरोअवेयर के माध्यम से 200 दिन तक जन जागरूकता अभियान चलाकर आवश्यक चीजें दवाईयां,मास्क राशन इत्यादि वितरित कर जन-जन को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अभिनित की है। सेवा कार्यों को निरंतर रखने के लिए सुमित के नेतृत्व में प्रदेश के अनेक युवाओं ने युवा- एनजीओ का भी गठन किया जिसमें सुमित को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया, आज यह एनजीओ प्रदेश में 2000 से अधिक युवाओं को संगठित कर जरूरतमंदो की सहायता, रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण, अंगदान जागरूकता जैसे अनेक कार्य कर रही है।